आजही कामगारांचे अध्ययन हे विकासाच्या अभ्यासक्षेत्रात महत्त्वपूर्ण मानले जाते. भारतासह जगभरात संघटित क्षेत्रातील पांढरपेशा कामगारांपासून असंघटित, स्थलांतरित आणि शहरी गिग-प्लॅटफॉर्म कामगारांपर्यंत विविध कामगार समूहांचा अभ्यास केला जात आहे. आजचा कामगार हा औद्योगिक क्रांतीच्या काळातील पारंपरिक औद्योगिक कामगारापेक्षा मूलतः वेगळ्या सांस्कृतिक, सामाजिक-आर्थिक वास्तवात कार्यरत आहे. स्थलांतर, कंत्राटीकरण, अनौपचारिकीकरण, प्लॅटफॉर्म अर्थव्यवस्था, तंत्रज्ञानाधारित रोजगार आणि रोजगाराच्या बदलत्या स्वरूपामुळे 'कामगार' ही संकल्पनाच अधिक गुंतागुंतीची झाली आहे. त्यामुळे बदलत्या कामगारविश्वाचा अभ्यास करण्यासाठी संशोधनाचे प्रश्न, सैद्धान्तिक चौकट आणि पद्धतिशास्त्र यांमध्येही आवश्यक ते बदल होणे अपरिहार्य आहे. या पार्श्वभूमीवर महाराष्ट्रातील विद्यापीठांमधील सामाजिक शास्त्र विभागांमध्ये होणाऱ्या कामगारविषयक संशोधनाकडे चिकित्सकपणे पाहण्याची गरज आहे. दुर्दैवाने श्रम आणि कामगारविषयक संशोधनाचा एक मोठा भाग अद्यापही पारंपरिक चौकटीत अडकलेला दिसतो. कामगारांच्या अगदीच प्राथमिक प्रश्नांभोवती केंद्रित असलेले संशोधन कामगारांच्या बदलत्या जीवनविश्वाचा आणि त्यामागील व्यापक सामाजिक प्रक्रियांचा पुरेसा वेध घेण्यात अपुरे ठरतात.

आजच्या कामगारांच्या दैनंदिन रोजगारातील अस्थिरता, स्थलांतराची प्रक्रिया, कुटुंबीय व सामाजिक संबंधांवरील परिणाम, तंत्रज्ञानाशी निर्माण होणारे नवे संबंध, कामाच्या ठिकाणच्या जोखीमा, सत्तासंबंध, सामाजिक सुरक्षेची उपलब्धता, ताण, कौशल्यांच्या बदलत्या गरजा, कामगारांच्या आकांक्षा आणि त्यांच्या भविष्यातील अनिश्चितता यांचा सखोल अभ्यास होणे आवश्यक आहे. या संदर्भात अगदी मोजक्या सामाजिक शास्त्र विभागात आणि खासगी विद्यापीठांमध्ये होत असलेले नावीन्यपूर्ण आणि समकालीन कामगारविषयक संशोधन निश्चितच आश्वासक आहे. पण व्यापक पातळीवर पाहता, बदलत्या कामगारविश्वाच्या वेगाशी संशोधनाची दिशा, प्रश्न आणि पद्धतीशास्त्रीय चौकट अद्याप पुरेशी जुळलेली नाही. त्यामुळे आजची गरज केवळ 'कामगारांवरील अधिक संशोधनाची' नसून, बदलत्या कामगारविश्वाचे वास्तव समजून घेण्यासाठी संशोधनाचे प्रश्न, दृष्टिकोन आणि कामगार-केंद्रित पद्धतीशास्त्र यांची नव्याने मांडणी करण्याची आहे.

कामगारांच्या बदलत्या वास्तवाचे पुरेसे आणि सखोल संशोधन उपलब्ध नसणे ही केवळ शैक्षणिक उणीव नाही, तर त्याचा थेट परिणाम धोरणनिर्मितीवरही होत असतो. बदलत्या कामगारविश्वाकडे नव्या प्रश्नांनी, व्यापक दृष्टिकोनातून आणि संवेदनशीलतेने पाहण्याची जबाबदारी संशोधक आणि मार्गदर्शक या दोघांचीही आहे. संवेदनशील, पद्धतीशास्त्रीयदृष्ट्या सक्षम आणि बदलत्या वास्तवाशी सुसंगत असे कामगारविषयक संशोधन कामगारांच्या प्रश्नांना योग्य संदर्भ देऊ शकते आणि भविष्यातील कामगारविश्व अधिक समावेशक, सुरक्षित आणि न्याय्य बनविण्यात अर्थपूर्ण योगदान देऊ शकते.

rajputkdr@gmail.com

जगभर

'लव्ह यू' म्हणत मस्क यांचं मैत्रिणीशी ब्रेकअप !

जगातील सर्वाधिक श्रीमंतांच्या यादीतील टेस्लाचे मालक इलॉन मस्क आपल्या प्रेम प्रकरणांवरून पुन्हा एकदा चर्चेत आले आहेत. त्यांच्याच मालकीच्या न्यूरालिंक या कंपनीच्या कार्यकारी अधिकारी शिवॉन जिलिस आणि इलॉन मस्क यांना चार मुलं आहेत; पण नुकतंच त्यांचं ब्रेकअप झालं आहे. शिवॉन जिलिस यांनी स्वतःच याची पुष्टी केली आहे.

आश्चर्याची गोष्ट म्हणजे शिवॉन यांनी आपल्या पोस्टमध्ये म्हटलं आहे, मस्क यांनी अवघ्या आठवडाभरापूर्वी त्यांना 'आय लव्ह यू' म्हटलं होतं! मात्र, या निर्णयाची कोणतीही पूर्वसूचना आपल्याला दिली नव्हती, असंही त्यांचं म्हणणं आहे. या ब्रेकअपमुळे आपण दुःखी असल्याचं सांगतानाच मस्क यांच्याबद्दल आपल्या मनात अजूनही खूप काळजी आणि आपुलकी असल्याचंही त्यांनी स्पष्ट केलं आहे. दोघांनी पुढेही चांगले मित्र राहावं आणि आपल्या मुलांचं एकत्र संगोपन करावं, अशी त्यांची इच्छा आहे.

इलॉन मस्क आणि शिवॉन जिलिस यांच्या चार मुलांपैकी स्ट्रायडर आणि अ‍ॅझ्युर ही जुळी मुलं आहेत. याशिवाय त्यांना अर्केडिया ही मुलगी आणि सेल्डन नावाचा मुलगा आहे. मस्क यांनी २०२१ मध्ये जुळ्या मुलांच्या जन्माची माहिती दिली होती. त्यानंतर २०२४ मध्ये अर्केडियाचा जन्म झाला.

इलॉन मस्क यांनी दोन विवाह केले आहेत. जस्टिन विल्सन आणि तालुलाह रिले यांच्याबरोबर त्यांनी लग्न केलं होतं. याशिवाय अ‍ॅम्बर हर्ड, ग्रिम्स आणि शिवॉन जिलिस यांच्यासोबतची त्यांची नातीही चर्चेत राहिली.

मस्क यांची पहिली पत्नी जस्टिन विल्सन यांची भेट १९९०च्या दशकात कॅनडातील क्वीन्स विद्यापीठात झाली. अनेक वर्षं डेट केल्यानंतर दोघांनी



जानेवारी २००० मध्ये विवाह केला. २००२ मध्ये त्यांना नेवाडा नावाचा मुलगा झाला. मात्र, दहा आठवड्यांचा असतानाच त्याचा मृत्यू झाला. त्यानंतर २००४ मध्ये आयव्हीएफच्या माध्यमातून जुळी मुलं विवियन आणि ग्रिफिन यांचा जन्म झाला. २००६ मध्ये काई, सॅक्सन आणि डेमियन या तीन मुलांचा जन्मही आयव्हीएफच्या माध्यमातून झाला. २००८ मध्ये मस्क आणि जस्टिन विल्सन यांचा घटस्फोट झाला.

मस्क यांनी ब्रिटिश अभिनेत्री तालुलाह रिले यांच्याशी २०१० मध्ये विवाह केला. २०१२ मध्ये त्यांचा घटस्फोट झाला. मात्र, २०१३ मध्ये त्यांनी पुन्हा विवाह केला. डिसेंबर २०१४ मध्ये तालुलाह यांनी पुन्हा घटस्फोटासाठी अर्ज केला, मात्र पुढील वर्षी तो मागे घेतला. मार्च २०१६ मध्ये त्यांनी तिसऱ्यांदा घटस्फोटासाठी अर्ज केला आणि त्यानंतर दोघांचा घटस्फोट झाला. मस्क आणि तालुलाह यांना मात्र मुलं नाहीत.

मस्क आणि अभिनेत्री अ‍ॅम्बर हर्ड २०१६ ते २०१७ या काळात रिलेशनशिपमध्ये होते. २०१७ मध्ये दोघं वेगळे झाले. इलॉन मस्क आणि गायिका ग्रिम्स यांनी एप्रिल २०१८ मध्ये डेटिंग सुरू केलं. मे २०२० मध्ये त्यांना पहिलं मूल झालं. त्याचं नाव एक्स एई ए-१२ ठेवण्यात आलं. डिसेंबर २०२१ मध्ये सरोगसीच्या माध्यमातून त्यांना एक्सा डार्क साइडरेल नावाची मुलगी झाली. २०२२ मध्ये दोघं वेगळे झाले. त्यानंतर या दोघांना टेक्नो मेकॅनिकस नावाचं तिसरं मूल असल्याची माहिती समोर आली. मात्र, या मुलाच्या जन्मताऱखेसह त्याच्याबद्दलची फारशी माहिती सार्वजनिक झालेली नाही.

जनमन

'किमान वेतन' नव्हे, 'जीवनमान वेतन' हवे



पुणे आणि मुंबईसारख्या महानगरांमध्ये राहणाऱ्या मध्यमवर्गीय कर्मचाऱ्याला आज एकच प्रश्न छळतोय- 'महिन्याचा पगार पुरतो तरी कसा?' रोजच्या जगण्याचा वाढता खर्च, आभाळाला टेकलेले घरभाडे, मुलांच्या शाळांची अवाढव्य फी आणि दुसरीकडे हातात येणारा तुटपुंजा पगार. वाढती महागाई आणि पगारातील कपात यामुळे सामान्य माणसाचा संसार म्हणजे केवळ महिन्याची जुळवाजुळव उरली आहे.

कॉर्पोरेट जगतात 'कॉस्ट टू कंपनी' (सीटीसी)चे आकडे कागदावर आकर्षक दिसतात; पण हातात येणाऱ्या (टेक-होम) पगाराची वेळ येते, तेव्हा पीएफ, पेन्शन, प्रोफेशनल टॅक्स आणि वैद्यकीय विमा यांच्या नावाने मोठी कपात होते. भविष्याची तरतूद म्हणून पीएफमध्ये पैसे जमा होणे चांगले असले, तरी आजचा दिवस ढकलणे कठीण असताना त्या बचतीचा तात्कालिक उपयोग होत नाही. जगण्याचा खर्च गगनाला भिडला आहे. घरभाडे, डिझेल-पेट्रोलचा दररोजचा खर्च, खासगी शिकवण्या आणि वैद्यकीय खर्च यामुळे महिन्याच्या पहिल्या दहा दिवसांतच पगार संपतो. उरलेले वीस दिवस कसे काढायचे, या मानसिक ताणात कर्मचारी जगतो. अशा वेळी पीएफमधून स्वतःचे हक्काचे पैसे काढतानाही अनेक तांत्रिक अडचणी, अर्ज रिजेक्ट होणे आणि एजंटला कमिशन द्यावे लागणे ही मोठी शोकांतिका आहे. या पार्श्वभूमीवर आता 'किमान वेतना'ऐवजी शहराच्या राहणीमानाच्या खर्चानुसार 'जीवनमान वेतन' (Living Wage) निश्चित करण्याची नितांत गरज आहे.

- वीरेंद्र सुधा प्रदीपराव सोनवणे, जळगाव

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

लोकमत दीपोत्सव २०२६ अंक नवे रूपडे →
पैसा पुरेल, उरेल की सरेल?
या वर्षीच्या अंकात ०३

खिशात पाचशेच रुपये असले तरी
तरुण मुले सिनेमाच्या तिकिटावर
तीन-साडेतीनशे का उडवतात?
वरून शंभरची कॉफी कशी पितात?
लिपस्टिक अँड लिटील ट्रीट
जेन-झी मुलामुलींना खरोखरच पैशाची
काही किंमत नसते का?
- राही श्रुती गणेश

बिल गेट्स असो, नाहीतर मार्क झकरबर्ग,
पश्चिमेकडील धनाढ्य अब्जावधी डॉलर्सच्या
साम्राज्यातला बहुतांश पैसा समाजाला देतात,
भारतासह पूर्वेकडील देशांत मात्र संपत्ती
मुलाबाळांकडेच सरकत राहते... हे कसे?
पैसा - त्यांचा आणि आपला!
पूर्व आणि पश्चिमेकडच्या पैसे कमावण्याची
आणि खर्च करण्याची तुलना
- रवी टाले

तीन लाख प्रतींचा खप ओलांडणारा अंक नव्हे, उत्सव!
पाने सुमारे : २५६ | मूल्य : ४९९ रुपये
प्रसिद्धी : दिवाळीआधी | फोन आणि 91120 50500
lokmatdeepotsav
अधिक माहिती, ऑनलाईन खरेदीसाठी स्कॅन करा
deepotsav.lokmat.com | स्थानिक वृत्तपत्र विक्रेत्यांकडे उपलब्ध

तिरकस आणि चौकस — गजानन घोंगडे



हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८५८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४९७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००९८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४९१०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

www.jagran.com
राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026

दैनिक जागरण
आचरण व्यक्तित्व का दर्पण होता है

विपक्ष का विचित्र रवैया

राहुल गांधी ने विपक्षी नेताओं संग मार्च निकालकर सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की थी, उस पर सुनवाई इसलिए नहीं हो सकी, क्योंकि उसमें अनेक कमियां मिलीं। इनके दूर होने के बाद उनकी याचिका पर तो सुनवाई होगी ही, इसी के साथ मतदाता सूचियों को शुद्ध करने की प्रक्रिया यानी एसआइआर पर दायर अन्य याचिकाओं पर भी। यह भी तय है कि राहुल गांधी ने अपनी याचिका में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया है, उन पर भी सुप्रीम कोर्ट विचार करेगा। इसके बाद राहुल और उनके साथियों को सुनवाई की प्रतीक्षा करनी चाहिए, लेकिन वे धरना-प्रदर्शन के साथ शक्ति प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वे इसे जारी रखने की भी बात कर रहे हैं। आखिर ऐसे में राहुल गांधी के यह कहने का क्या मतलब कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है, क्योंकि वे तो उसके फैसले की प्रतीक्षा करने को तैयार ही नहीं। क्या वे यह चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट उनके हिसाब से निर्णय दे या फिर उनकी दिलचस्पी उन बिंदुओं पर उसकी राय जानने की है ही नहीं, जो उन्होंने अपनी याचिका में उठाए हैं? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि वे अंतिम लक्ष्य पाने तक चैन से न बैठने की बात कर रहे हैं और यह संकेत देने में संकोच भी नहीं कर रहे हैं कि उनका अंतिम लक्ष्य मुख्य चुनाव आयुक्त समेत मोदी सरकार को हटाना है। क्या वे यह काम सड़कों पर उतरकर और यह झूठ फैलाकर करना चाहते हैं कि लोकतंत्र खत्म हो गया है? लोकतंत्र में तो सत्ता परिवर्तन चुनाव के जरिये होता है। क्या राहुल गांधी अन्य कोई तरीका आजमाना चाह रहे हैं?

राहुल गांधी एसआइआर को वोट चोरी का नाम देकर न केवल जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि उसके विरोध में लोकतांत्रिक तौर-तरीकों से इतर रास्ता भी अपना रहे हैं। इसके लिए वे एसआइआर की कमियों, जटिलताओं और उसके चलते लोगों को हो रही परेशानी को अपनी ढाल बना रहे हैं। अब जब वे झूठ को घी बनाकर उसे आग में डालने का काम कर रहे हैं, तब फिर चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। इसके लिए एसआइआर प्रक्रिया तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक चुनाव नहीं आ जाते। उसकी ओर से लोगों को अपना सही विवरण और दस्तावेज देने के लिए जो पत्र जारी होते हैं, उन्हें नोटिस का नाम देने से कुछ ऐसा संदेश निकलता है कि उनका नाम वोटर लिस्ट से कटने जा रहा है। संदेश तो यह जाना चाहिए कि एसआइआर के जरिये उन्हें उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने की सुविधा दी जा रही है। चुनाव आयोग को जितना ध्यान अपात्र लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करने पर देना चाहिए, उतना ही पात्र लोगों को मतदाता बनाने पर। इससे ही लोगों का भरोसा बढ़ेगा और वे विपक्ष के बहकावे में आने से बचेंगे।

सुविधा का केंद्र

हिमाचल प्रदेश के लाहुल स्पीति जिले के केलंग में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के उच्च ऊंचाई चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र की आधारशिला रखा जाना पहाड़ी क्षेत्रों की स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हिमालयी क्षेत्रों में कम तापमान, कम आक्सीजन व दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। यहां के लोगों के साथ सीमांत क्षेत्रों में तैनात सैनिकों को भी इन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह केंद्र चिकित्सा अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दे सकता है। केंद्र में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में होने वाली बीमारियों, मानव शरीर पर उनके प्रभाव और औषधीय पौधों पर शोध किया जाएगा। सैनिकों के शारीरिक बदलाव और विषम वातावरण के अनुकूलन का अध्ययन भी होगा। इससे हाई एल्टीट्यूड सिकनेस की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के बेहतर उपाय विकसित करने में मदद मिल सकती है। लाहुल स्पीति जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान हिमपात से सड़क संपर्क बाधित हो जाता है। ऐसी स्थिति में गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन जाता है। टेलीमेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफार्म और ड्रोन के माध्यम से दवाओं की आपूर्ति जैसी व्यवस्थाएं इस समस्या का समाधान बन सकती हैं। एम्स बिलासपुर, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों के साथ समन्वय भी केंद्र की उपयोगिता बढ़ाएगा।

हिमाचल में उच्च ऊंचाई चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य अनुसंधान केंद्र खुलने से लोगों को लाभ मिलने की आशा है

मनमानी सजा पर दुर्भाग्यपूर्ण मौन



शंकर शरण

सऊदी अरब में मृत्युदंड की सजा पाए एक श्रीलंकाई हिंदू के प्रति हिंदू, बौद्ध, ईसाई एवं नास्तिकों के अलावा नेताओं, संस्थानों और बौद्धिकों का उपेक्षापूर्ण रवैया दुखद हैं



अवधेश राजपूत

श्रीलंका के हिंदू इंजीनियर सिवारसा अनोजन को सऊदी अरब में मृत्युदंड सुनाए जाने की घटना अभी अंतरराष्ट्रीय चर्चा में है। युवा सिवारसा वहां बैट्री बनाने वाली एक फैक्ट्री में काम करते थे। इंटरनेट मीडिया पर किसी तमिल मुस्लिम से एक विवाद के दौरान उनकी एक टिप्पणी पर उन्हें सऊदी अरब में मृत्युदंड सुनाया गया है। इस पर तमाम मुस्लिम भी आपत्ति कर रहे हैं, जबकि हिंदू नेता और संगठन आश्चर्यजनक रूप से मौन हैं। इस मामले में हुआ यूं था कि 27 जून को श्रीलंका के कतरगामा में भगवान मुरुगन (कार्तिकेय) की एक तीर्थयात्रा के दौरान किसी मुस्लिम को एक कुत्ते को लात मारते हुए रील बनाई गई, जो तीर्थयात्रियों के पीछे-पीछे चल रहा था। इस संबंध में फेसबुक पर टिप्पणी में किसी मुसलमान ने भगवान शिव के बारे में अपमानजनक टिप्पणी कर दी। उसके उत्तर में सिवारसा ने तमिल में मोहम्मद पर कोई टिप्पणी की। यद्यपि, दस मिनट के भीतर उसने टिप्पणी हटा दी और इसके लिए क्षमा भी मांगी, मगर किसी ने उस टिप्पणी का स्क्रीनशाट लेकर सिवारसा की कंपनी के सऊदी मालिक को भेज दिया। उसके बाद सिवारसा को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पांच वर्ष के कारावास और 30 लाख सऊदी रियाल के जुर्माने की सजा सुनाई गई। गत 17 सितंबर अपीलीय अदालत ने शरीयत कानून के तहत उसकी सजा बढ़ाकर मृत्युदंड कर दी।

यह घटना कई सवाल खड़े करती है, जिस पर सभी मानवतावादी लोगों, विशेषकर हिंदू नेताओं और बुद्धिजीवियों को चिंता करनी चाहिए। चाहे वे किसी भी दलीय या वैचारिक झुकाव के हों, क्योंकि एकतरफा शरीयत लादने वाले इस्लामी शासक, मुल्ले, संगठन किसी गांधीवादी, वामपंथी या संघी हिंदू में फर्क नहीं करते। जो यहां हाल में और अभी भी कश्मीर में भी देखा गया। जिहाद और शरीयत ने तमाम हिंदुओं का सफाया किया या खदेड़ दिया। यह नहीं पूछा कि वे किस पार्टी के समर्थक हैं। इसलिए, सारी दुनिया के हिंदुओं के लिए सिवारसा को मृत्युदंड की घोषणा कोई अप्रासंगिक विदेशी घटना नहीं है। ठीक वैसी घटनाएं यहां भी होती रही हैं, जिन पर भारतीय राजनीतिक और बौद्धिक वर्ग की चुनी हुई चुप्पियों और चुने हुए शोर-शराबों से एकतरफा विशेषाधिकार और एकतरफा जुल्म को शह मिलती है। प्रायः अधिकांश इस्लामी विवाद के मामले सदैव अंतरराष्ट्रीय दावा और रंगत रखते हैं। वे किसी देश की सीमाएं नहीं मानते। न किसी संविधान या नैतिकता को।

यह निराशाजनक है कि किसी भारतीय हिंदू नेता, संगठन या बड़े बौद्धिक ने सिवारसा अनोजन को मृत्युदंड सुनाने पर सऊदी अरब से कुछ कहने या अपील करने का भी कष्ट नहीं किया। जबकि यहां सऊदी दूतावास जाकर माननीय राजदूत को एक ज्ञापन, निवेदन देना भी एक प्रभावी काम हो सकता था, मगर भारत में किसी को इतना भी नहीं सूझता। तमाम हिंदुओं ने भी भगवान शिव के अपमान पर क्षोभ से प्रतिक्रियावश कुछ बोल देने वाले हिंदू को नाहक मृत्युदंड देने पर एक शब्द बोलना जरूरी नहीं समझा। यह हिंदू नेताओं की मंद-दृष्टि है। वे ऐसे मामलों का तात्कालिक और दूरगामी राजनीतिक महत्व भी नहीं समझते। यह तब और दुखद लगता है, जब अनेक मुस्लिम भी सिवारसा अनोजन को मृत्युदंड देना अनुचित बता रहे हैं। वहां सिवारसा के लिए बोलने वालों में कुछ पाकिस्तानी, ईरानी बुद्धिजीवी भी हैं, परंतु भारतीय बौद्धिक और नेता ही मौन हैं! ऐसा रुख न्याय, नैतिकता, राजनीति और सभ्यतागत रक्षा, सभी दृष्टि से अनुचित है। इसलिए भी, क्योंकि सऊदी शासकों के समक्ष रखने के लिए अनेक सहज, संजीदा दलीलें और अकाट्य तथ्य हैं। यदि बड़े और जिम्मेदार हिंदू उन बातों को रखें तो सऊदी शासक भी उसे गंभीरता से लेंगे। वैसे भी वर्तमान सऊदी शासक प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को तुलनात्मक रूप से खुले विचारों का माना जाता है। इसलिए उनके समक्ष हिंदू समाज के बड़े नेताओं, बौद्धिकों द्वारा कोई अपील करना उन्हें भी एक आधार प्रदान करेगा, ताकि वे सजा को निरस्त करने की पहल कर सकें। यह उनके लिए अपनी ओर से करना अभी कठिन हो सकता है। ऐसी पहल का परिणाम चाहे जो हो, हिंदू नेताओं द्वारा उसे करने मात्र से सऊदी और वैश्विक जनमत में सिवारसा मामले पर न्याय करने की भावना बढ़ेगी।

देखा जाए तो सिवारसा ने अपनी ओर से प्रोफेट मोहम्मद की कोई अवमानना नहीं की थी। उसने भगवान शिव पर की गई अभद्र टिप्पणी के उत्तर में ही कुछ लिखा था। यह सहज मानवीय प्रवृत्ति है कि किसी के प्रिय पर आक्षेप करने वाले के प्रतिकार में आक्षेपी के प्रिय को निशाना बनाना। इसमें यदि दोषी ठहराना है तो शुरुआत करने वाले का दोष पहले बनता है। यह बात कोई भी संजीदा शख्स समझ सकता है और यहां तक कि मुस्लिम भी। एक प्रश्न यह भी है कि धार्मिक मान-सम्मान में एकतरफा रुख क्यों? उस तमिल मुस्लिम पर किसने और क्या कार्रवाई की, जिसने हिंदू तीर्थयात्रियों की पदयात्रा का मजाक बनाया या भगवान शिव पर अपमानजनक टिप्पणी की? निःसंदेह, अभिव्यक्ति की आजादी एकतरफा नहीं हो सकती। न ही विविध धर्मों में केवल एक धर्म का मान-सम्मान।

सिवारसा अनोजन प्रसंग पर हिंदू, बौद्ध, ईसाई एवं नास्तिकों के अलावा नेताओं, संस्थानों और बौद्धिकों का उपेक्षापूर्ण रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि ऐसी घटनाएं बार-बार घटती रहती हैं। सारी दुनिया में उलमा और मुस्लिम नेता तमाम गैर-मुस्लिम लोगों, संस्थाओं और उनके धार्मिक विश्वासों, प्रतीकों को जगजाहिर रूप से 'काफिर' और 'कुफ्र' कहकर धिक्कारते हैं। जबकि दूसरों द्वारा इसका प्रतिवाद करने या बदले में कुछ कहे जाने पर नाराज होते हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए। इसमें हिंदू नेताओं पर ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। कम से कम सिवारसा अनोजन के प्रसंग में इससे मुंह मोड़ना गलत संदेश देगा। जबकि इस पर सुसंगत और नियमित आवाज उठाना पूरी मानवता के हित में है। ऐसा करना उन्हें यश देगा।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्राध्यापक एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)
response@jagran.com

उग्र आंदोलनों के आगे असहाय जनता



राजीव सचान

आंदोलन के नाम पर अब कोई समूह कहीं भी और कभी भी हंगामा कर आम लोगों की नाक में दम कर सकता हैं



विपक्षी दलों के मार्च के चलते जाम में फंसे लोग। एएनआइ

अपने देश को आजादी ही आंदोलन के जरिये मिली थी, इसलिए उसकी एक परंपरा विकसित हो गई। इसलिए और भी, क्योंकि संविधान शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन का अधिकार देता है। यह अधिकार लोकतंत्र की एक शक्ति है। विडंबना यह रही कि आंदोलन की परंपरा विकसित होने के साथ ही विकृत भी होती गई। इसके चलते देश अराजकता भरे अनेक आंदोलनों का गवाह बना। कई बार इस अराजकता के चलते जान के साथ माल का भी भारी नुकसान हुआ है। आंदोलनों के उग्र हो जाने के परिणामस्वरूप पुलिसकर्मियों की भी जानें गई हैं। आंदोलनों के दौरान न जाने कितनी बार सार्वजनिक संपत्ति के साथ-साथ आम लोगों के वाहन जलाए गए हैं। इसका शायद ही किसी को अनुमान हो कि उग्र आंदोलनों के चलते ट्रेन की कितनी बोगियां फूंकी जा चुकी हैं और कितनी बसें एवं कारें तोड़ी या जलाई जा चुकी हैं। इसका भी हिसाब किसी के पास नहीं कि चक्का जाम आंदोलनों से वाहनों और रेलों का आवागमन रोक देने या फिर सड़क घेरकर बैठ जाने से कितने करोड़ों-करोड़ लोग परेशान होते रहते हैं। आंदोलनों के कारण अपने काम-धंधे के लिए निकले आम लोग खीझते रहते हैं, लेकिन उनकी पहले भी सुनवाई नहीं होती थी और अब भी नहीं होती। कोई उनकी पीड़ा को न सुनता है और न ही समझता है। आंदोलन से परेशान लोग किसी को कोसें, अंततः उनके हिस्से में क्षोभ और कुंठा ही आती है।

सड़क पर उतरे कुछ सौ प्रदर्शनकारी अपने उग्र-अराजक रवैये से हजारों-लाखों लोगों की नाक में दम कर सकते हैं। याद करें सीएए के खिलाफ शाहीन बाग आंदोलन और कृषि कानून विरोधी आंदोलन। 'भारत बंद' की पुकार पर कई आंदोलन और विरोध प्रदर्शन देशव्यापी भी होते हैं, लेकिन अब ऐसा करते हुए ऐसे नारे भी लगने लगे हैं, 'बंद दुकानें तुम्हारी, खुली दुकानें हमारी।' इसका अर्थ होता है कि यदि किसी ने देश, प्रदेश या जनपद बंद के दौरान दुकान खोलने का साहस किया तो उसमें तोड़फोड़ हो सकती है। अनेक ऐसे आंदोलन होते हैं, जिनमें प्रदर्शनकारी या तो एक स्थान पर नारेबाजी करते हैं या किसी अधिकारी के कार्यालय तक मार्च करते हुए जाते हैं और वहां उसे ज्ञापन देकर आते हैं। आम तौर पर वे पुलिस बैरिकेडिंग से आगे नहीं बढ़ते, लेकिन अब बिना अनुमति धरना-प्रदर्शन करना और पुलिस बैरिकेडिंग गिराकर या लांघकर आगे बढ़ना आम हो गया है। जब ऐसा होता है तो पुलिस लाठीचार्ज करती है। कई बार भीड़ तितर-बितर हो जाती है, लेकिन कभी वह भी पिटती है और पुलिस भी। ऐसे मौकों पर भीड़ के उग्र हो जाने की स्थिति में उस पर गोली चलाने की भी नौबत आती रही है। अब तो पुलिस को अराजकता का सहारा ले रहे आंदोलनकारियों से ही नहीं, तमाशबीनों, आंदोलनजीवियों, यूट्यूबरों, रीलबाजों की जमात, अफवाह फैलाने वालों से भी निपटना पड़ता है।

आंदोलन इसलिए लोकतंत्र के लिए आवश्यक होते हैं, क्योंकि वे आक्रोशित या पीड़ित समूह के आक्रोश को निकालने का काम करते हैं। किसी ने सही ही कहा है कि आंदोलन प्रेशर कुकर जैसे होते हैं। लोग तार्किक और न्यायसंगत के साथ अतार्किक मांगों को लेकर भी आंदोलन कर सकते हैं। करते भी हैं। इसे रोका नहीं जा सकता। धरना-प्रदर्शन, रैली-सभा या आंदोलन के दौरान झूठे दावे करने पर भी कोई रोक नहीं। याद करें जब बोफोर्स तोप सौदे में दलाली का मामला गर्म था, तब वीपी सिंह जेब से एक पर्ची निकाल कर कहते थे कि इसमें दलालों के नाम हैं। वक्त आने पर बताएंगे। सीएए विरोधी आंदोलन के दौरान यह कुप्रचार किया गया कि इससे मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी। कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान कथित किसान नेता कहते थे कि सरकार किसानों के खेत छीनकर अंबानी-अदाणी को दे देगी। राफेल सौदे में दलाली के अपने आरोप को पुख्ता करने के लिए राहुल गांधी दावा करते थे कि खुद मोदी ने दलाली खाने वाले की जेब में पैसा डाला है।

कई बार आंदोलनकारियों के पास कोई तार्किक मुद्दा होता है, पर वे आंदोलन के लिए अराजक तरीके अपनाना पसंद करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे ज्यादा से ज्यादा लोग तंग होंगे और इससे ही शासन-प्रशासन दबाव में आएगा। अब न्यायपालिका को भी दबाव में लेने का काम होने लगा है। बीते दिनों राहुल गांधी ने उस मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से मिलने की इच्छा जताई, जिसकी कोर्ट सुनवाई कर रहा है। जब उन्हें बताया गया कि ऐसा नहीं हो सकता तो वे विपक्षी नेताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करते हुए गए और पुलिस को चकमा देकर याचिका देने का नया तरीका चुना। कुल मिलाकर धरना-प्रदर्शन के तरीके तेजी से बदल रहे हैं। इस क्रम में आंदोलन करने वाले पुलिस-प्रशासन के साथ आम लोगों के लिए कहीं अधिक परेशानी का कारण बन रहे हैं, क्योंकि अब आंदोलन के नाम पर कोई भी समूह कहीं भी, कभी भी सड़क पर हंगामा खड़ा कर सकता है। कोई नहीं जानता कि आंदोलनों का प्रोटोकाल कब बनेगा, जिसकी कुछ समय पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने जरूरत जताई थी। यदि आंदोलनों की प्रकृति इसी तरह बदलने के साथ विकृत होती रही तो लोकतंत्र कितना सशक्त होगा, यह तो पता नहीं, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि उनके आगे आम जनता खुद को और अधिक असहाय-निरुपाय महसूस करेगी और उसकी कोई नहीं सुनेगा।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

जीवन की परीक्षा

जीवन में परिस्थितियां कभी एक जैसी नहीं रहतीं। सुख की छांव में सब कुछ अच्छा लगता है तो दुख की दस्तक के साथ सभी समीकरण उलझे हुए लगने लगते हैं। सुख और दुख का यह चक्र सतत रूप से चलता रहता है। परिस्थितियों का यह परिवर्तन कठिन परीक्षाओं के रूप में सामने आता है, जो मानसिक दशा को गहराई से विचलित कर जाता है। प्रश्न यह है कि जब जीवन में परिस्थितियां मन के अनुकूल न हों तो संतुलन की क्या राह हो सकती है? आखिर दुख और दर्द से त्रस्त जीवन से राहत पाने का उपाय क्या हैं?

प्रकृति का एक शाश्वत नियम है कि यहां कुछ भी स्थायी नहीं। चूंकि परिवर्तन अपरिहार्य है, इसलिए हम इसे नियंत्रित नहीं कर सकते। इसलिए बेहतर यही है कि परिवर्तन की दशा में घबराना नहीं है। परिवर्तन की स्थिति में पलायन नहीं, अपितु अनुकूलन ही उपयुक्त है। लामा परंपरा के अनुसार जीवन में समस्याएं दो प्रकार की होती हैं। पहली समस्याएं वैसी होती हैं, जिनका कोई न कोई समाधान अवश्य होता है। इसलिए इन समस्याओं से परेशान होने की कोई वजह नहीं है। दूसरे प्रकार की समस्याओं का कोई समाधान नहीं होता है। फिर भी, इनसे भयभीत होने की जरूरत नहीं है।

जीवन में समस्याओं पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता और हम इन्हें टाल नहीं सकते, लेकिन उनके प्रति प्रतिक्रिया को तो निर्धारित कर ही सकते हैं। हम अपने जीवन में कितने सुखी रह पाते हैं, इसका निर्धारण हमारी प्रतिक्रियाओं से ही होता है। मुसीबतों का साहस और धैर्य के साथ सामना करने के बजाय यदि हम हार मान बैठते हैं, घबराकर जीवन से निराश हो जाते हैं तो फिर जीवन जीने की आवश्यक परीक्षा में हम असफल हो जाते हैं। धैर्य और साहस के साथ जीवन में समस्याओं का सामना करते रहने में ही हम जीवन की परीक्षा में सफल हो पाते हैं। इस रण में साहस जहां तलवार का काम करता है, वहीं धैर्य आवश्यक ढाल का।

श्रीप्रकाश शर्मा

मीथेन उत्सर्जन में कटौती आवश्यक

डा. सुधीर कुमार

मीथेन एक ग्रीनहाउस गैंस हैं, जो जलवायु परिवर्तन में कार्बन डाईआक्साइड के बाद सर्वाधिक योगदान देती हैं

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की ग्लोबल मीथेन ट्रैकर-2026 रिपोर्ट के अनुसार, अनुमानित तौर पर जीवाश्म ईंधन से मीथेन उत्सर्जन प्रतिवर्ष 124 मिलियन टन होता है, जिसमें तेल, कोयले और प्राकृतिक गैस से क्रमशः 45,43 और 36 मिलियन टन मीथेन उत्सर्जित होती है। मीथेन गैस के उत्सर्जन में कृषि व पशुपालन समेत जीवाश्म ईंधन क्षेत्र का बढ़ता योगदान चिंताजनक है।

मीथेन एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, जो जलवायु परिवर्तन में कार्बन डाईआक्साइड के बाद सर्वाधिक योगदान देती है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि मीथेन वैश्विक तापवृद्धि के लगभग एक-तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। पर्यावरण के लिए यह गैस इसलिए भी ज्यादा हानिकारक होती है, क्योंकि यह वायुमंडल में लगभग 12 वर्ष तक बनी रहती है और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार, 20 वर्षों के दौरान इसकी वैश्विक तापन क्षमता कार्बन डाईआक्साइड की तुलना में 80 गुनी अधिक अधिक होती है। मीथेन के बढ़ने से न केवल वैश्विक ताप बढ़ने का खतरा बढ़ता है, बल्कि यह क्षोभमंडल में ओजोन के संकेंद्रण के लिए भी जिम्मेदार है। मीथेन इस तरह पर्यावरण पर दोहरा आघात करती है, जिससे मानवता के समक्ष दोहरी चुनौती उत्पन्न होती है। हालांकि मीथेन के 35 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार है। पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और कोयले के उत्पादन से लेकर परिवहन तक की प्रक्रियाओं में बड़ी मात्रा में मीथेन का उत्सर्जन होता है। दूसरी ओर, भोजन की बर्बादी और सीवेज सहित जैविक अपशिष्टों का अनुचित प्रबंधन भी मीथेन उत्सर्जन के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। कृषि मीथेन उत्सर्जन का सबसे बड़ा मानवीय स्रोत है, जो 40 प्रतिशत तक के उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। इसमें पशुपालन और कृषि विशेषकर धान की खेती जैसी गतिविधियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सड़ता हुआ भोजन विश्व स्तर पर मीथेन उत्सर्जन का एक बड़ा कारण है। विश्व में हर साल एक अरब टन से अधिक भोजन बर्बाद होता है, जो मीथेन उत्सर्जन में 14 प्रतिशत तक का योगदान देता है। अगर हम जूठन की प्रवृत्ति को त्याग दें तो स्वतः ही पर्यावरण में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

'वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा' के तहत दुनिया के 150 से भी अधिक देश 2030 तक वैश्विक स्तर पर मानव जनित मीथेन उत्सर्जन को 2020 के स्तर से कम से कम 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रतिबद्धता जता चुके हैं। बिगड़ती जलवायविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उक्त गतिविधियों पर नियंत्रण की आवश्यकता है, जिसके लिए उद्योगों, आम नागरिकों को गंभीर होना होगा।

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

सड़क-छाप राजनीति न करे विपक्ष

'भरोसे के संकट से जूझता विपक्ष' शीर्षक से प्रकाशित आशुतोष झा का विश्लेषण पूरी तरह सटीक और सामयिक है। यह आलेख बेबाकी से उजागर करता है कि राहुल गांधी के बयानों के बाद विपक्ष का एजेंडा जनहित नहीं, केवल सत्ता प्राप्ति का औजार बन चुका है। एसआइआर और मतदाता सूची जैसे कमजोर मुद्दों को तूल देना विपक्ष की बची-खुची विश्वसनीयता को भी समाप्त कर रहा है। कांग्रेस जैसी सबसे पुरानी पार्टी का छात्र संगठनों की तरह सड़कों पर उतरना उसकी संस्थागत गरिमा के पतन का प्रमाण है। दो प्रतिशत से भी कम लोगों की चिंता 'मतदाता सूची के पुनरीक्षण' को मुख्य राजनीतिक मुद्दा बनाना आत्मघाती कदम है। चुनाव आयोग और न्यायपालिका जैसी संवैधानिक संस्थाओं को बार-बार कठघरे में खड़ा करना लोकतंत्र की नींव को हिलाता है। नेपाल और बांग्लादेश का हश्र इस बात का जीवंत प्रमाण है कि सड़कों पर उत्पन्न होने वाली अस्थिरता केवल अराजकता पैदा करती है, समाधान नहीं। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में ऐसी उग्र राजनीति के परिणाम बेहद घातक हो सकते हैं। विपक्ष को चाहिए कि वह सड़क पर अराजकता फैलाने के बजाय संसद में बेरोजगारी, महंगाई और कृषि जैसे बुनियादी मुद्दों पर रचनात्मक बहस करे। लोकतांत्रिक सुधार का एकमात्र मार्ग संसद और संविधान के दायरे से होकर गुजरता है। इसलिए, विपक्ष को सड़क-छाप राजनीति छोड़कर परिपक्व और ठोस संवाद का मार्ग अपनाना चाहिए।

pramodkgoelpnb2014@gmail.com

मेलबाक्स

स्वास्थ्य उपचार सेवाओं में पारदर्शिता

अस्पतालों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की दर-सूची प्रदर्शित करने की अनिवार्यता और कैंसर की दवाओं पर 30 प्रतिशत व्यापारिक लाभांश की सीमा निर्धारित करने से संबंधित समाचार दो महत्वपूर्ण जनहितकारी पहलों को सामने लाते हैं। केंद्र सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप और न्यायपालिका की सक्रियता स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और आम आदमी की पहुंच में लाने की दिशा में स्वागतयोग्य हैं। अस्पतालों में परामर्श, जांच और अन्य सेवाओं की दरें स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होना आवश्यक है, लेकिन केवल दर-सूची पर्याप्त नहीं। चिकित्सा प्रयोगशालाओं में रक्त और मूत्र की सामान्य जांचों की कीमतों में व्यापक अंतर है। इनकी उचित दरें निर्धारित करने के साथ जांच रिपोर्टों को सरल भाषा में समझाना भी जरूरी है, ताकि मरीज अपनी स्वास्थ्य स्थिति और उपचार को समझ सकें। मरीजों को शिक्षित करना भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का अभिन्न अंग है। कैंसर की दवाओं पर लाभांश सीमित करने की पहल विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि बढ़ते कैंसर मामलों के बीच महंगा उपचार गरीब परिवारों को आर्थिक संकट में धकेल देता है। सरकार को दवाओं की कीमतों पर प्रभावी निगरानी के साथ कैंसर अस्पतालों, जांच सुविधाओं और उपचार सेवाओं का पर्याप्त विस्तार भी करना चाहिए।

बृज भूषण गोयल, लुधियाना

पर उपदेश कुशल बहुतेरे

अमेरिका चाहता है कि कोई भी देश रूस से तेल की खरीदारी न करे। उसने ऐसे देशों पर भारी टैरिफ लगाया है, जो रूस से तेल खरीद रहे हैं। उसका मानना है कि जो देश भी रूस से तेल खरीदते हैं, वे प्रत्यक्ष रूप से रूस को आर्थिक सहायता दे रहे हैं। रूस इस पैसे की सहायता से यूक्रेन पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। अतः इस युद्ध को रुकवाने के लिए रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' को सार्थक करते हुए अमेरिका ने स्वयं रूस से तेल खरीद के लिए छह माह का समझौता किया है। समझौते का प्रबल विरोध करते हुए यूक्रेन ने इसे यूक्रेन की जनता का नरसंहार करार दिया है। अमेरिका के विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने भी इस समझौते का विरोध किया है।

धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी, गाजियाबाद

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाषः नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

1.78 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का रक्षा उत्पादन, जो 2024-25 के 1.54 लाख करोड़ रुपये से 15.6 प्रतिशत अधिक है।

आजकल

शुरू हुई अंतरिक्ष युद्ध की तैयारी

फिल्मों में जिन लोगों ने अंतरिक्ष बल के योद्धाओं को देखा होगा, उनके लिए अब यह हकीकत बनने जा रही है। अमेरिका द्वारा अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती की आधिकारिक पुष्टि ने वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष युद्ध की आशंका को हकीकत में बदल दिया है। अमेरिकी वायु सेना के सचिव ने पिछले माह एयर एंड स्पेस साइबर कांफ्रेंस में कहा कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में ऐसे हथियार तैनात किए हैं, जो शत्रु की कार्रवाई से अमेरिका और उसके सहयोगी बलों की रक्षा करने में समर्थ हैं



डा. लक्ष्मी शंकर यादव
प्राध्यापक, सैन्य विज्ञान



अंतरिक्ष के सैन्यीकरण को रोकना आवश्यक। प्रतीकात्मक

अमेरिका ने अंतरिक्ष में होने वाली संभावित जंग के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। अमेरिका द्वारा अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती की आधिकारिक पुष्टि ने वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष युद्ध (स्पेस वार) की आशंका को हकीकत में बदल दिया है। अमेरिकी वायु सेना के सचिव ट्राय मिंक ने पिछले माह मैरीलैंड में आयोजित एयर एंड स्पेस साइबर कांफ्रेंस में कहा कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में ऐसे हथियार तैनात किए हैं, जो शत्रु की कार्रवाई से अमेरिका और उसके सहयोगी बलों की रक्षा करने में समर्थ हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि ये हथियार कौन-से हैं और किस तरह की लड़ाई में काम करते हैं। अमेरिका का यह कदम 1967 की ऐतिहासिक आउटर स्पेस ट्रीटी की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह संधि अंतरिक्ष में सामूहिक विनाश के हथियारों की तैनाती पर प्रतिबंध लगाती है।

अमेरिका ने अंतरिक्ष में तैनात किए गए हथियारों को गुप्त रखा है, लेकिन इनका आकलन तो किया ही जाना चाहिए। विज्ञान एवं तकनीकी आधार पर देखा जाए तो ये हथियार काइनेटिक तथा गैर-काइनेटिक श्रेणियों के हो सकते हैं। काइनेटिक श्रेणी के हथियार भौतिक प्रभाव और टक्कर के माध्यम से लक्ष्य को सीधे नष्ट करते हैं। ये किसी लक्ष्य को तबाह करने के लिए विस्फोटक, रसायन या लेजर का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि तेज गति और द्रव्यमान से पैदा हुई काइनेटिक ऊर्जा का उपयोग करते हैं। इन शिकारी उपग्रहों को सामान्य उपग्रहों की तरह कक्षा में तैनात किया जाता है। ये युद्ध के दौरान शत्रु के उपग्रहों के नजदीक जाकर उनसे टकराते हैं और उन्हें नष्ट कर देते हैं। काइनेटिक हथियारों का इस्तेमाल दुश्मन के जहाजों, टैंकों या बंकरों को नष्ट करने के लिए भी किया जा सकता है।

गैर-काइनेटिक हथियार बिना किसी तरह का भौतिक मलबा फैलाए शत्रु की हथियार प्रणालियों को निष्क्रिय कर सकते हैं। ये हथियार दुश्मन को नुकसान पहुंचाने या पंगु बनाने के लिए मिसाइल, गोली, बम या शारीरिक बल के बजाय तकनीकी साधनों का उपयोग करते हैं। पारंपरिक काइनेटिक हथियारों के विपरीत, ये दुश्मन के सिस्टम, संचार नेटवर्क और आर्थिक गतिविधियों को निशाना बनाते हैं। अंतरिक्ष-आधारित लेजर हथियार शत्रु के जासूसी उपग्रहों के कैमरों एवं सेंसरों को तेज प्रकाश से क्षतिग्रस्त या निष्क्रिय कर सकते हैं। कुछ जैमर ऐसे होते हैं, जो इलेक्ट्रानिक युद्ध प्रणालियों के माध्यम से उपग्रहों के संचार संकेतों, जीपीएस सिस्टम और कमांड लिंक को बाधित कर देते हैं। ऐसा होने पर जमीनी सेना की संचार एवं नेविगेशन संबंधी क्षमताएं प्रभावित हो सकती हैं। इसी तरह, साइबर हथियार उपग्रहों के साफ्टवेयर में सेंध लगाकर उनकी प्रणालियों को बाधित कर सकते हैं। आज के डिजिटल युग में साइबर हमले गैर-काइनेटिक युद्ध का एक महत्वपूर्ण और खतरनाक माध्यम माने जाते हैं। आधुनिक युद्धों में इन दोनों तरह के हथियारों का एक साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह की संयुक्त रणनीति को व्यापक अर्थ में हाइब्रिड वारफेयर कहा जाता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन को अलग से अंतरिक्ष बल तैयार करने के आदेश बहुत पहले ही दे दिए थे। तब राष्ट्रपति ट्रंप ने अंतरिक्ष को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला बताया था। उन्होंने कहा था कि वे यह नहीं चाहते कि रूस, चीन या कोई अन्य देश इस क्षेत्र में अमेरिका को पीछे छोड़ दे। पिछले दो दशकों में अंतरिक्ष में कई देशों का दखल बढ़ा है। इस नई सेना के गठन के पीछे रूस और चीन से मिलने वाला खतरा एक बड़ी वजह है। वर्तमान में अमेरिका संचार, नेविगेशन और गुप्त सूचनाओं के लिए उपग्रहों पर अत्यधिक निर्भर हो गया है। ऐसे में अमेरिका का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि अगर अमेरिकी उपग्रहों पर किसी तरह का आक्रमण हुआ तो अमेरिका की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इस समय चार देशों के पास मिलिट्री स्पेस कमांड हैं। इनमें चीन के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी स्ट्रैटेजिक सपोर्ट फोर्स, रूस के पास रूसी एयरोस्पेस फोर्सेज एवं रूसी स्पेस फोर्सेज, फ्रांस के पास फ्रेंच ज्वाइंट स्पेस कमांड तथा इंग्लैंड के पास रायल एयर फोर्स (आरएएफ) एयर कमांड हैं। इन सभी फोर्सेज का काम अंतरिक्ष में अपने देश के उपग्रहों की सुरक्षा करना और मिसाइलों से होने वाले हमलों की निगरानी रखना है।

अमेरिका के इस कदम का वैश्विक स्तर पर अत्यंत विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका की आधिकारिक पुष्टि के बाद निश्चित रूप से चीन और रूस जैसे उसके प्रतिद्वंद्वी देश अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को और तेजी से बढ़ाएंगे। परिणामस्वरूप, अंतरिक्ष में हथियारों की एक अंतहीन होड़ शुरू हो सकती है। इसी तरह, भारत भी एक उभरती हुई अंतरिक्ष एवं परमाणु महाशक्ति है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी सुरक्षा एवं रणनीतिक तैयारियां बढ़ानी होंगी, क्योंकि भारत भी अपने सैन्य समन्वय, मिसाइल मार्गदर्शन तथा सीमा की निगरानी के लिए कार्टोसैट, जीसैट और नाविक जैसे अंतरिक्ष नेटवर्क पर निर्भर है। यदि अंतरिक्ष युद्ध की स्थिति उत्पन्न होती है तो इनकी सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन जाएगी। लगभग ऐसी ही स्थिति परमाणु एवं मिसाइल क्षेत्र में भी देखने को मिल सकती है।

ऐसी स्थितियों से यह सवाल खड़ा हो गया है कि अगर विश्व की दो महाशक्तियां आमने-सामने आती हैं तो युद्ध का स्वरूप क्या होगा? निश्चित है कि युद्ध का फैलाव बड़े पैमाने पर हो सकता है। ऐसे में विश्व शांति के लिए इन गतिविधियों पर लगाम लगाने का वक्त आ गया है। इसलिए संसार के लिए यही उचित होगा कि अंतरिक्ष के सैन्यीकरण को रोकने के लिए समझौता किया जाए, अन्यथा दुनिया के अन्य देश भी ऐसी तकनीक हासिल करके अंतरिक्ष में आधिपत्य स्थापित करने की तैयारी में लग जाएंगे।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की पहल

सुनीता मिश्रा

भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए डीआरडीओ द्वारा विकसित सभी पारंपरिक मिसाइल प्रणालियों की तकनीक भारतीय उद्योगों को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य मिसाइलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन बढ़ाना, आयात पर निर्भरता कम करना, सेना को समय पर हथियार उपलब्ध कराना और रक्षा क्षेत्र में घरेलू कंपनियों की भूमिका का विस्तार करना है। भारत की रक्षा जरूरतें बड़ी हैं और सुरक्षा वातावरण लगातार जटिल हो रहा है। ऐसे में केवल अत्याधुनिक हथियार विकसित करना पर्याप्त नहीं है। युद्ध जैसी स्थिति में हथियारों की तेजी से भरपाई और लंबे समय तक उत्पादन जारी रखने की क्षमता भी सैन्य शक्ति का अहम हिस्सा है। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने दिखाया है कि युद्ध में मिसाइलों और अन्य सटीक हथियारों की खपत कितनी तेजी से बढ़ सकती है।

आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश का रक्षा उत्पादन बढ़कर रिकार्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो 2024-25 के 1.54 लाख करोड़ रुपये से 15.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं, कुल उत्पादन में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़कर 24 प्रतिशत यानी करीब 42,000 करोड़ रुपये हो गई है। रक्षा निर्यात भी 2025-26 में रिकार्ड 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। डीआरडीओ और उद्योग के बीच सहयोग का आधार भी पहले से तैयार हो चुका है। मार्च 2026 तक 134 कंपनियां डीआरडीओ के विकास-सह-उत्पादन भागीदार के रूप में जुड़ चुकी थीं। इस दौरान 2,180 तकनीक हस्तांतरण समझौते किए गए और 2,780 से अधिक बौद्धिक संपदा अधिकार उद्योगों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराए गए।

हालांकि, इसे केवल निजी कंपनियों के लिए कारोबारी अवसर के रूप में देखना भूल होगी। मिसाइल अत्यंत संवेदनशील रक्षा प्रणालियां हैं। तकनीक हस्तांतरण के साथ गुणवत्ता नियंत्रण, साइबर सुरक्षा, बौद्धिक संपदा की रक्षा, परीक्षण और उत्पादन की निगरानी भी उतनी ही जरूरी होगी। तेज और सस्ता उत्पादन तभी उपयोगी है, जब विश्वसनीयता और युद्धक क्षमता पर कोई समझौता न हो। इसके लिए कठोर प्रमाणन और गुणवत्ता मानक अनिवार्य होने चाहिए। दूसरी चुनौती यह है कि भारत केवल तकनीक लेकर उत्पादन करने वाला देश बनकर न रह जाए। वास्तविक आत्मनिर्भरता तब होगी, जब भारतीय कंपनियां हस्तांतरित तकनीकों को आगे विकसित कर नई पीढ़ी की मिसाइलों, प्रणोदन, गाइडेंस, इलेक्ट्रानिक्स और सेंसर प्रणालियों में अपनी डिजाइन एवं अनुसंधान क्षमता बढ़ाएं। इसके लिए निजी उद्योग, डीआरडीओ, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप के बीच दीर्घकालीन अनुसंधान सहयोग जरूरी है।

रक्षा उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी बताती है कि निजी क्षेत्र को अभी लंबा रास्ता तय करना है। इसलिए सरकार की अगली प्राथमिकता केवल तकनीक हस्तांतरित करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उद्योग को दीर्घकालीन खरीद आश्वासन, परीक्षण सुविधाएं, वित्तीय सहायता और निर्यात के अवसर उपलब्ध कराने होंगे, ताकि कंपनियां बड़े पैमाने पर निवेश करने का जोखिम उठा सकें। मिसाइल तकनीक उद्योग तक पहुंचाना महत्वपूर्ण शुरुआत है, लेकिन इसकी असली सफलता इस बात से तय होगी कि भारत डीआरडीओ की प्रयोगशाला में विकसित तकनीक को कितनी तेजी से विश्वसनीय और बड़े पैमाने के उत्पादन में बदल पाता है। (शोधार्थी)

खरी-खरी

बदबुओं की वकालत

डा. प्रदीप मिश्र

एक समय प्याज अपनी बदबू से बहुत तनाव में रहता था। तीखेपन और बदबू को छिपाना था, इसलिए उसने अपने ऊपर छिलकों की तमाम परतें चढ़ा लीं। मैंने पूछा, 'क्यों रे, अपनी असलियत छिपाने के लिए तूने अपने ऊपर छिलकों का रक्षा-कवच क्यों लगा रखा है?' 'छिलकों में छिपी मेरी बदबू तो आपको सूंघाई दे गई, लेकिन नेताओं, आचार्यों, साहित्यकारों, शिक्षकों, कलाकारों पर चढ़े छिलकों के भीतर छिपी बदबू सूंघाई नहीं देती है? इनके भी छिलके उतारकर देखिए! बदबू भी अपनी नाक पर रुमाल रख लेगी। देखो चचा, मैं तुम्हें खुलकर बता रहा हूं कि अब जमाना एकदम पलट गया है। बदबुओं का जमाना आया है,' प्याज बोला।

मैं झल्लाया, 'देख, तू बदबुओं की वकालत मत कर।' 'चचा, यह बदबुओं की वकालत का ही समय है। अब बदबुएं छिपाई नहीं जातीं, बल्कि खुलेआम खोली जाएंगी। लोगों को बदबुओं से प्यार हो गया है। नाले के किनारे रहने वालों को उसकी बदबू की आदत हो जाती है। कचरे के पहाड़ों की तराई में रहने वालों को खुशबू भी दुर्गंध लगती है। अप-संस्कृतियों की सड़ांध के बीच हम अपना सामान्य जीवन जीने लगे हैं। नेताओं की करतूतों से उठती दुर्गंध उनका जुझारूपन लगती है। तमाम तरह की बदबूदार बदजुबानियां नई संस्कृति बन गई हैं। प्याज की बदबू और तीखापन भी अब लोगों को अच्छा लगने लगा है। छिले हुए प्याज अब ऊंचे भावों में बिकने लगे हैं।'

'छिलके उतारकर जो नंगा हो गया, उसके भाव कौन गिराएगा?' मैंने कहा। प्याज बेशर्मी से मुस्कुराया। सुना है कि छिलके उतारने का काम अब धंधे में बदल गया है। लोगों को छिलका-विहीन करने के लिए दुकानें खुल गई हैं। छिलका उतारने के विशेषज्ञ बिना कष्ट लोगों के छिलके उतार रहे हैं। बड़े-बड़े विज्ञापन चीख-चीखकर चिल्ला रहे हैं कि 'वाजिब दामों में अपने ऊपर से ईमानदारी, अच्छाई, बुद्धिजीविता, सत्यचरित्रता... के छिलके उतरवाने के लिए मिलें या लिखें!' अपनी बदबू को सभी दिशाओं में फैलाने के लिए छिलके उतारने की दुकानों में भीड़ लगी है। अब आगे कौन नहीं बढ़ना चाहता?

पोस्ट

यदि आपको न तो देश की व्यवस्थापिका पर भरोसा है, न ही देश की कार्यपालिका पर और न ही न्यायपालिका पर तो समय आत्मावलोकन का है।
गर्वित @HindiFirstLang




संविधान की दुहाई सड़क पर, लेकिन समाधान संसद में। दशकों तक सत्ता में रहे दलों को अगर संवैधानिक रास्ता मालूम नहीं, तो समस्या जानकारी की है या सियासत की?
डा. मीना कुमारी@DrMeenaJangid

नवरात्र जैसे मौके पर कांग्रेस, सीजेपी के विरोध-प्रदर्शनों से बाजारों में कारोबार ठप हो रहा है। क्या ये व्यापारी इन्हें वोट देंगे? अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना इसे ही कहते हैं।
डा. नवनीत मिश्रा@navneetmishra99

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संवैधानिक दर्जा सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के समतुल्य है। उनको ज्ञानू कहकर पुकारने से वे आपकी हाउसिंग सोसायटी के चेयरमैन नहीं बन जाएंगे। हर जगह संविधान की लाल किताब लहराने वालों को एक बार उसे पढ़ना भी चाहिए। उसमें ही मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया का उल्लेख है।
हार्दिक राजगोर@Hardism

जागरण जनमत — कल का परिणाम

क्या दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन के लिए जंतर मंतर के बजाय तीन अन्य स्थानों को चिह्नित किए जाने का फैसला सही है?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या मार्च निकालकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करना सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

पूरी लीगल टीम को करो तुरत बर्खास्त,
जिसे न लिखना ठीक से आता है दरख्वास्त।
आता है दरख्वास्त भरे बैठे अधिवक्ता,
ले लो और वकील अगर हो आवश्यकता!
इतना शोर मचाय याचिका रही अधूरी,
है 'नगरी अंधेर' पार्टी इनकी पूरी!!
-ओम प्रकाश तिवारी



रमनजीत सिंह मणकू
ब्यूरो प्रमुख, पंजाब

पंजाब डायरी

परगट सिंह का पहला सियासी 'गोल'

पंजाब विधानसभा के चुनाव नजदीक हैं। राजनीतिक पार्टियां भी पूरे दमखम के साथ मैदान में हैं और अपना-अपना गेम प्लान तैयार करके प्रतिद्वंद्वियों को धूल चटाने के लिए मेहनत कर रही हैं। पांच बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने वाले दिवंगत प्रकाश सिंह बादल की पार्टी शिरोमणि अकाली दल ग्रामीण इलाकों में रैलियों के जरिये अपनी राजनीतिक जमीन दोबारा हासिल करने का प्रयास कर रही है। भारतीय जनता पार्टी नए समीकरण बनाने के लिए लोगों से सीधे संपर्क का अभियान चला रही है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सभी विपक्षी दलों के निशाने पर होने के बावजूद पूरे आत्मविश्वास के साथ आगामी चुनावों में भी जीत दर्ज करने का दावा कर रही है। इस सबके बीच पंजाब कांग्रेस के नेता बीते तकरीबन तीन महीने से एक-दूसरे को ही धोबी-पछाड़ के दांव लगाकर खुद को ऊपर रखने में लगे हुए थे। अंततः पार्टी हाईकमान ने लंबा-चौड़ा मंथन करने के बाद पिछले दिनों अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की जगह भारतीय हाकी टीम के पूर्व कप्तान परगट सिंह को पंजाब कांग्रेस की कमान सौंप दी।

परगट सिंह की प्रधानगी पर हाल में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने भाषणों में चुटकी ली। मान ने कहा, "भले ही परगट सिंह हाकी के अच्छे खिलाड़ी रहे हैं, पर अच्छा से अच्छा खिलाड़ी भी गोल तभी कर पाता है, जब उसकी टीम के अन्य साथी उसे पास दें। मुझे यकीन है कि कांग्रेस के उनके साथी परगट को गोल करने के लिए पास देना तो दूर, गेंद को अपने ही गोलपोस्ट की तरफ फेंककर उन्हें भी पीछे खींचेंगे।" मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी के कई वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी चर्चा और चटकारों का विषय बने।

अब परगट सिंह ने पहला राजनीतिक गोल ही मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के पाले में कर दिया है। परगट सिंह ने श्राद्ध के दिनों में प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने से बचने की घोषणा की थी। इसके लिए उन्होंने करीब एक सप्ताह दिल्ली में बिताया। पितृ पक्ष बीतने के बाद परगट सिंह ने 11 अक्टूबर को पदभार संभाला। पदभार संभालने के महज दो दिन के भीतर ही उन्होंने भगवंत सिंह मान के दशकों पुराने साथी, राजदार और मुख्यमंत्री बनने पर उनके ओएसडी रहे मनजीत सिंह सिद्धू को कांग्रेस में शामिल कर लिया। पूर्व पत्रकार मनजीत सिंह सिद्धू का कांग्रेस में शामिल होना इसलिए खास माना जा रहा है, क्योंकि भगवंत सिंह मान और मनजीत सिंह सिद्धू न केवल एक ही साथ सुनाम के सरकारी कालेज में पढ़े हैं, बल्कि अपने लंबे दोस्ताना संबंधों के चलते लंबे समय तक एक-दूसरे के संपर्क सूत्र भी बने रहे। सिद्धू ने तभी से आम आदमी पार्टी के मीडिया विंग की कमान संभाल ली थी, जब भगवंत मान ने पार्टी ज्वाइन की थी। पार्टी के सत्ता में आने के बाद सिद्धू को मुख्यमंत्री कार्यालय में ओएसडी के तौर पर तैनात किया गया। हालांकि बाद में दोनों के बीच मनमुटाव की चर्चाएं चलीं और सिद्धू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

अब परगट सिंह द्वारा पार्टी में कराई गई यह पहली एंट्री पंजाब कांग्रेस के लिए काफी अहम कही जा रही है, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी की सभी महत्वपूर्ण राजनीतिक योजनाओं और गतिविधियों में सिद्धू शामिल रहे थे। आप के कई नेताओं को टिकट दिलाने में भी उनकी भूमिका रही थी।

गुटबाजी के लिए जानी जाने वाली पंजाब कांग्रेस में परगट सिंह पर हाईकमान द्वारा दांव लगाए जाने को फिलहाल चंद ही दिन हुए हैं। अभी तक सभी नेता उनका साथ देते और निभाते नजर आ रहे हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग भी उनके साथ खड़े नजर आ रहे हैं, लेकिन पंजाब कांग्रेस के नेताओं का मन कब बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। राजनीतिक विरोधी भी कहां मौका चूकते हैं! परगट सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने की घोषणा होते ही उनकी पुरानी तस्वीरें, जिनमें वे शिरोमणि अकाली दल के नेता के तौर पर राजनीति में सक्रिय थे, साझा करते हुए परंपरागत कांग्रेसियों को बधाई दी गई कि उन्हें पहला अकाली प्रदेश अध्यक्ष मिला है। वहीं, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अपने सभी राजनीतिक विरोधियों के हमलों का डटकर मुकाबला करने में जुटी हुई है। जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं के जरिये न केवल लोगों से जुड़ाव बनाती दिख रही है, बल्कि पार्टी काडर को भी सक्रिय करती दिख रही है। अब किसका दांव जनता को पसंद आता है यह तो विधानसभा चुनाव के नतीजे ही बताएंगे।



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के करीबी मनजीत सिंह सिद्धू (दाएं) कांग्रेस में हुए शामिल। फाइल

मंथन

अराजकता का अधिकार नहीं

भारत इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। आने वाले दशक तय करेंगे कि वह विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहुंचता है या अवसर की यह खिड़की हाथ से निकल जाती है



जयदेव राठी
एडवोकेट

लोकतंत्र में असहमति और विरोध प्रदर्शन स्वस्थ व्यवस्था की पहचान हैं। संविधान नागरिकों को शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने और अपनी बात रखने का अधिकार देता है, लेकिन जब विरोध बार-बार, लगभग एक पैटर्न की तरह, उन्हीं मौकों पर खड़े होते दिखें जब देश आर्थिक छलांग की दहलीज पर हो तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हर आंदोलन केवल जनता की पीड़ा से उपजा है या कुछ आंदोलनों की टाइमिंग और स्वरूप के पीछे कोई बड़ी रणनीति भी काम कर रही है। यह प्रश्न आज गहन विचार की मांग करता है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में गिना गया है। बुनियादी ढांचे पर रिकार्ड खर्च, डिजिटल भुगतान प्रणाली की वैश्विक चर्चा, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने वाली उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाएं और "चीन प्लस वन" रणनीति के तहत वैश्विक कंपनियों का भारत की ओर रुख, ये सब भारत को निवेश का आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। इतिहास गवाह है कि जब कोई उभरती शक्ति तेजी से आगे बढ़ती है तो स्थापित शक्तियों और प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्थाओं में असहजता पैदा होती है। निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं की इस वैश्विक होड़ में भारत की स्थिरता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। यही स्थिरता किसी भी ऐसे व्यक्ति या समूह के निशाने पर आ सकती है जिसे भारत का उदय अपने हितों के विरुद्ध लगता है। पूंजी बहुत संवेदनशील होती है। कोई भी विदेशी निवेशक किसी देश में पैसा लगाने से पहले तीन बातें देखता है: नीतिगत स्थिरता, कानून-व्यवस्था और राजनीतिक पूर्वानुमेयता। सड़कों पर धरने, रेल और सड़क मार्ग बाधित होना, हिंसा और आगजनी की तस्वीरें और विदेशी मीडिया में बनती "अशांत भारत" की छवि, ये सब निवेश-निर्णयों को प्रभावित करते हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सुर्खी कई बार उतना असर डाल देती है जितना महीनों की नीतिगत मेहनत भी नहीं डाल पाती। इसलिए जब कोई आंदोलन लंबा खिंचता है तो नुकसान केवल सरकार का नहीं होता। आम व्यापारी, ट्रांसपोर्टर, दिहाड़ी मजदूर और छोटे उद्योग सबसे पहले प्रभावित होते हैं। सरकार को तब नीतिगत एजेंडे के बजाय "डैमेज कंट्रोल" में ऊर्जा लगानी पड़ती है। यानी संवाद, सफाई, कानून-व्यवस्था और छवि प्रबंधन में।

हालांकि हर आंदोलन को साजिश कह देना न सही है, न न्यायसंगत। फिर भी कुछ प्रवृत्तियां ध्यान देने योग्य हैं, जिन पर सरकार और उसके समर्थक बार-बार सवाल उठाते रहे हैं। पहली, भारत-विरोधी वैश्विक नैरेटिव। कुछ विदेशी संस्थाएं, थिंक टैंक और मीडिया समूह भारत की लोकतांत्रिक छवि, अल्पसंख्यक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार नकारात्मक रिपोर्टें और रैंकिंग जारी करते हैं। इनमें से कई की कार्यप्रणाली और पूर्वाग्रह पर खुद सवाल उठे हैं। जब ऐसी रिपोर्टें किसी घरेलू आंदोलन के समय आती हैं तो उनका असर कई गुना बढ़ जाता है। दूसरी, राजनीतिक स्वार्थ। विपक्ष का काम सरकार से सवाल करना है, पर जब चुनावी लड़ाई सड़क पर अराजकता के सहारे लड़ने की कोशिश होती है तो वह जनहित से हटकर सत्ता-संघर्ष बन जाती है। कई बार मुद्दे वास्तविक होते हैं, पर उन्हें भड़काने का तरीका देश की आर्थिक साख को चोट पहुंचाता है। तीसरी, पड़ोस की अस्थिरता से सबक। हमारे आसपास के कुछ देशों में हाल के वर्षों में जनआंदोलनों के बाद सत्ता परिवर्तन और आर्थिक अनिश्चितता देखने को मिली है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि डिजिटल मीडिया के जरिये युवाओं की भावनाएं भड़काने का एक वैश्विक ढांचा बन चुका है। इस दावे पर अंतिम निष्कर्ष के लिए ठोस प्रमाण चाहिए, पर इसे अनदेखा करना भी समझदारी नहीं होगी। चौथी, प्रतिस्पर्धी आर्थिक हित। जिन देशों और समूहों को भारत की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता से अपने औद्योगिक वर्चस्व पर खतरा दिखता है, उनके लिए भारत में अनिश्चितता का माहौल बनना सुविधाजनक हो सकता है। यह प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से अधिक अप्रत्यक्ष लाभ का मामला है।

भारत इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। आने वाले दशक तय करेंगे कि वह विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहुंचता है या अवसर की यह खिड़की हाथ से निकल जाती है। ऐसे में देश की ऊर्जा आंतरिक टकराव में खर्च होना सबसे महंगा सौदा होगा। यह सच है कि कुछ ताकतें भारत की प्रगति से असहज हैं। यह भी सच है कि हर असंतोष किसी साजिश की उपज नहीं होता। परिपक्वता इसी में है कि हम दोनों सच्चाइयों को साथ रखकर चलें, जायज मांगों को सम्मान से सुना जाए, और अराजकता फैलाने या देश की साख को चोट पहुंचाने वाले तत्वों को कानून के दायरे में बेनकाब किया जाए। अंततः राष्ट्र की मजबूती सरकार और जनता के बीच भरोसे पर टिकती है। जब यह भरोसा मजबूत होगा तो न कोई बाहरी नैरेटिव टिक पाएगा और न कोई साजिश सफल होगी।



अर्थव्यवस्था पर न पड़े विरोध-प्रदर्शनों का साया। फाइल

टाटा एलेक्सी का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली : डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी सेवा क्षेत्र की कंपनी टाटा एलेक्सी का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 170 .30 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 154 .82 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। आलोच्य अवधि में टाटा एलेक्सी का परिचालन राजस्व 14 .98 प्रतिशत बढ़कर 1,055 .66 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 918 .10 करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)

कंपनी ने अगले दस सालों में 17 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। यह निवेश थर्मल, गैस, न्यूक्लियर और स्टोरेज टेक्नोलाजी में किया जाएगा ताकि बिजली की भारी मांग को पूरा किया जा सके।
– गुरदीप सिंह, सीएमडी, एनटीपीसी लिमिटेड



सेंसेक्स	73,033.78 ▲ 1,109.10	निफ्टी	22,721.95 ▲ 358.60	सोना प्रति दस ग्राम	₹ 1,52,600 ▼ ₹ 400	चांदी प्रति किलो ग्राम	₹ 2,26,000 ▼ ₹ 500	$ डालर	₹ 95.36 ▼ ₹ 0.42	क्रूड प्रति बैरल	$ 104.6

आगामी बजट में एलटीसीजी पर मिल सकती है राहत

केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा- सरकार निवेशकों की राय जानने के लिए उत्सुक

- एसबीआइ ने की है सरकार से एलटीसीजी को हटाने की मांग
- अगर ऐसा हुआ तो विदेशी निवेशक हो सकेंगे आकर्षित



नई दिल्ली में मंगलवार को आयोजित ब्लूमबर्ग न्यू इकोनमी फोरम के एक सत्र में बोलतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण● एएनआइ

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: आगामी वित्त वर्ष 2027-28 के बजट में लांग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स को खत्म किया जा सकता है। मंगलवार को ब्लूमबर्ग न्यू इकोनमी फोरम 2026 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार एलटीसीजी टैक्स पर निवेशकों की राय जानने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा कि अब आगामी बजट की तैयारी शुरू हो चुकी है और ऐसे में यह कहना ठीक नहीं है कि वह किन टैक्स को रखेंगी और किन्हें हटाएंगी। हालांकि निवेशकों को सुनने की बात कहकर उन्होंने इस मामले में निवेशकों के मन में आशा जगा दी।

एसबीआइ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में भी सरकार से एलटीसीजी को हटाने की मांग की है ताकि विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। वैश्विक हालात के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमत और अमेरिकी बांड की रिटर्न दर में इजाफे से विदेशी निवेशक तेजी से भारतीय शेयर बाजार से अपने निवेश को निकाल रहे हैं। वर्ष 2026 में तीन लाख करोड़ से अधिक के विदेशी निवेश भारतीय बाजार से निकल चुके हैं। खरीदारी के एक साल से अधिक समय बाद शेयर बेचने पर 12.5 प्रतिशत का लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगता है। अगर 1.25 लाख तक का ही लाभ होता है तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। एसबीआइ ने एलटीसीजी की अवधि को एक साल से बढ़ाकर दो से तीन साल करने के लिए कहा है ताकि विदेशी निवेशक बाजार में अपने निवेश को इतने समय तक हर हाल में रखें।

उधर, इसी कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह भी कहा कि पिछले डेढ़ साल में रुपये की कीमत में काफी गिरावट आई है और आरबीआइ घरेलू मुद्रा में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिशें जारी रखेगा। सीतारमण ने कहा कि रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले निचले स्तर पर पहुंच गया है और आरबीआइ अपनी नियामकीय शक्तियों के जरिये घरेलू मुद्रा को स्थिर रखने की कोशिश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि आरबीआइ रुपये की कीमत तय करने की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि वह उतार-चढ़ाव रोकने की कोशिश कर रहा है।

वित्त मंत्री के संकेतों से शेयरों में उछाल

- 1,109 अंक की तेज बढ़त के साथ 73 हजार के पार पहुंचा बीएसई का मानक सूचकांक
- एनएसई का निफ्टी भी 358.60 अंक बढ़कर 22,721.95 के स्तर पर जाकर बंद हुआ

मुंबई, प्रेट्र: डालर के मुकाबले रुपये में सुधार और एलटीसीजी कर को लेकर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की टिप्पणी से मिले समर्थन के बीच घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को जोरदार वापसी की और बीएसई सेंसेक्स 1,109.10 अंक चढ़कर 73,033.78 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में यह किसी एकल कारोबारी सत्र की चार महीने की सबसे बड़ी बढ़त है। एनएसई का निफ्टी भी 358.60 अंक बढ़कर 22,721.95 अंक पर बंद हुआ। यह दो महीने से अधिक समय में निफ्टी की सबसे बड़ी एकदिवसीय बढ़त है।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा कि प्रौद्योगिकी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर नतीजों से कंपनियों के मुनाफे में वृद्धि से निवेशकों में भरोसा बढ़ा है जिससे दोनों प्रमुख सूचकांकों को तेजी आई है।

तीन दिनों में 152 पैसे मजबूत हुआ रुपया

मुंबई, प्रेट्र: मंगलवार को लगातार तीसरे दिन रुपया मजबूत हुआ और 42 पैसे की बढ़त के साथ डालर के मुकाबले 95 .36 पर बंद हुआ। रुपये को आरबीआइ के उन उपायों से मदद मिली, जिसका मकसद हाजिर डालर की मांग को कम करना और विदेशी मुद्रा बाजार में बहुत ज्यादा पोजिशनिंग पर रोक लगाना था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में अमेरिका मुद्रा के मुकाबले रुपये में 152 पैसे की बढ़त हुई है।

सबसे तेजी से बढ़ने वाली आर्थिकी बना रहेगा भारत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने कहा है कि घरेलू स्तर पर महंगाई बढ़ने की आशंका और शेयर बाजार में भारी अस्थिरता के बावजूद भारत वर्ष 2026 और वर्ष 2027 में दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आइएमएफ ने कहा है कि वर्ष 2026 और वर्ष 2027 में भारत की सालाना आर्थिक विकास दर सात प्रतिशत रहेगी। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान ने भारत के आर्थिक विकास दर के अपने अनुमान को ऊपर की ओर संशोधित (पहले के मुकाबले 0.4 प्रतिशत ज्यादा) किया है। इसके पहले आरबीआइ, विश्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों ने भी भारत की सालाना विकास दर के अनुमान को पहले के मुकाबले बेहतर कर चुकी हैं।

सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों में जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत दिखाई गई है। उसके बाद से ही वैश्विक एजेंसियों ने भारत को लेकर अपने अनुमानों को बढ़ाना शुरू किया है। विश्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत किया है। हालांकि, दूसरी छमाही में कुछ सुस्ती की चेतावनी दी है। आइएमएफ ने कहा कि भारत अनुकूल जनसांख्यिकी, बड़े और विस्तारित घरेलू बाजार तथा निरंतर संरचनात्मक सुधारों से मजबूत वृद्धि क्षमता को दर्शाता है। आइएमएफ ने यह भी कहा है कि भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता कर रहा है जैसे यूरोपीय संघ, ब्रिटेन आदि, इससे भी इसकी इकोनमी को लाभ हो रहा है। गैर-टैरिफ बाधाएं कम कर सप्लाई चेन को मजबूत किया जा रहा है। इसके साथ ही आइएमएफ ने चेतावनी दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था जल्द ही अस्थिरता को संभालने की दुनिया की क्षमताओं परीक्षा ले सकती है, क्योंकि आपातकालीन तेल भंडार कम हो रहे हैं और सरकारी बजट पर तनाव बढ़ता जा रहा है।



- आइएमएफ ने 2026-2027 में विकास दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान जताया
- आरबीआइ, विश्व बैंक, मूडीज, जैसी एजेंसियां भी बेहतर कर चुकी हैं विकास दर अनुमान

पश्चिम एशिया संघर्ष को बेहतर तरीके से झेला

आइएमएफ की रिपोर्ट का शीर्षक 'रेजिलिएंस अंडर स्ट्रेन, अर्जेंट च्वाइसेस' है। इसमें कहा गया है कि पश्चिम एशिया संघर्ष (अमेरिका-ईरान युद्ध) के प्रभाव को पिछले छह महीनों में अनुमान से बेहतर ढंग से झेला है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति का विकल्प तलाशने और रणनीतिक ऊर्जा भंडारों के इस्तेमाल ने कीमतों को ज्यादा बेलगाम नहीं होने दिया। रिपोर्ट में आइएमएफ ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 2025 के 3 .5 प्रतिशत से घटकर 2026 में 3 .1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, हालांकि यह जुलाई, 2026 के अनुमान 3 .0 फीसद से बेहतर है। इसके 2027 में 3 .4 प्रतिशत पर वापसी का अनुमान लगाया गया है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

सात वर्षों में यात्री वाहन लोन का औसत आकार 49% बढ़ा

नई दिल्ली, प्रेट्र: 2026 की पहली छमाही में यात्री वाहनों के लिए लोन का औसत आकार 2019 की समान अवधि की तुलना में 49 प्रतिशत बढ़कर 8.2 लाख रुपये हो गया है। ट्रांसयूनियन सिबिल की ओर से मंगलवार को एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते सात वर्षों में लोन चुकाने की औसत अवधि भी पांच महीने बढ़कर 62 महीने पर पहुंच गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी-जून 2026 में अधिक कीमत वाली कारों के लिए लोन लेने वालों में 51 प्रतिशत अर्धशहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहक थे। इस दौरान दोपहिया लोन में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की हिस्सेदारी 73 प्रतिशत और यात्री वाहन में 37 प्रतिशत थी। जून 2026 तक यात्री वाहन लोन के सक्रिय ग्राहकों की संख्या 2.5 करोड़ रही है।

नए वित्त वर्ष से शुरू हो सकता है ई-इनवायसिंग एप

- काउंसिल की बैठक में केंद्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले राज्यों को दिया जाएगा एप
- इस एप का इस्तेमाल करने वाले कारोबारियों को आडिट से मिल सकती है छूट



जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: जीएसटी प्रक्रिया में अगले वित्त वर्ष से एक बड़ा सुधार देखने को मिल सकता है। नए वित्त वर्ष में ई-इनवायसिंग को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा और यह काम ई-इनवायसिंग एप के जरिये होगा। हालांकि, इस पर जीएसटी काउंसिल ही फैसला लेगी और उन्हीं राज्यों को ई-इनवायसिंग एप इस्तेमाल के लिए दिया जाएगा जो केंद्र के इस प्रस्ताव से सहमत होंगे। ई-इनवायसिंग एप जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) से जुड़ा होगा। इसका फायदा यह होगा कि दुकान में जेनरेट होने वाले ई-इनवायस का पूरा ब्योरा जीएसटीएन पर होगा।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक ई-इनवायसिंग का इस्तेमाल करने वाले कारोबारियों को सरकार इंसेंटिव या अन्य तरीके से प्रोत्साहन दे सकती है। हो सकता है इस प्रकार के कारोबारियों को विभिन्न प्रकार की आडिटिंग से छूट दी जाए। जीएसटीएन से जुड़े होने से विभाग के पास भी कारोबारी की बिक्री की पूरी जानकारी होगी और कुछ गड़बड़ी की शंका होने पर ही कारोबारियों की जांच होगी। ई-इनवायस से जुड़ने पर जीएसटी संग्रह भी बढ़ सकता है। हालांकि, सूत्रों का यह भी कहना है कि ई-इनवायसिंग को अनिवार्य करने का प्रस्ताव नहीं लाया जाएगा। यह एक वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। आने वाले समय में सरकार बिजनेस टू कंज्यूमर (बीटूसी) प्रणाली को अधिक प्रोत्साहित करना चाहती है। जीएसटी काउंसिल में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र सरकार की होती है। गत आठ अक्टूबर को जीएसटी काउंसिल की 57वीं बैठक में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) से जुड़े भुगतान में तेजी और उनसे जुड़ी जटिलताओं के निपटान के लिए 12 राज्यों के अधिकारियों की कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात जैसे पांच बड़े राज्य, चार मझोले श्रेणी के राज्य तो तीन छोटे राज्यों के अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह कमेटी आइटीसी भुगतान को लेकर काउंसिल के समक्ष अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

आधार बढ़ने पर टैक्स कलेक्शन भी बढ़ेगा

वित्त मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि जीएसटी काउंसिल की कोशिश अब दर बदलाव से अधिक आधार को बढ़ाने की होगी। क्योंकि आधार बढ़ने पर टैक्स कलेक्शन भी बढ़ेगा। आधार बढ़ाने के लिए ही काउंसिल की गत बैठक में पंजीयन और उसे रद करने की प्रणाली को आसान बनाया गया। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि पिछले साल सितंबर में दरों में बदलाव के बाद खाने-पीने की कई ऐसी चीजों की खपत बढ़ गई है, जिन पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिश कर दिया गया। 12 प्रतिशत दर को पिछले साल समाप्त कर दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि दरों में बदलाव का काम लगभग पूरा हो चुका है और आने वाले समय में काउंसिल की हर बैठक में जीएसटी दर पर चर्चा नहीं होगी। जरूरत पड़ी तो साल में एक बार दरों पर चर्चा हो सकती है।

एसआइपी बंद करने का अनुपात घटा

नई दिल्ली, आइएएनएस: एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआइ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में बंद या परिपक्व होने वाले सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआइपी) का अनुपात घटकर 78.5 प्रतिशत पर आ गया। इसी वर्ष अगस्त में यह 81.1 प्रतिशत था। इससे पता चलता है कि पिछले महीने बंद या अपनी तय अवधि पूरी करने वाली एसआइपी की संख्या कम रही है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने बंद या परिपक्व होने वाली एसआइपी की संख्या 49.68 लाख रही है, जो इसी वर्ष अगस्त में 53.82 लाख थी। पिछले महीने नया एसआइपी पंजीकरण भी 4.7 प्रतिशत घटकर 63.26 लाख रहा है, जो अगस्त 2026 में 66.40 लाख था। बता दें कि पिछले महीने एसआइपी में मासिक योगदान 32,490 करोड़ रुपये रहा है।

राष्ट्रीय फलक

हुंडई करेगी भारत में 1.50 लाख करोड़ रुपये का निवेश

- मोदी से हुंडई मोटर के सीईओ ने भारत में अपनी कंपनी को लेकर चर्चा की
- आटोमोटिव ईकोसिस्टम पर 15.5 अरब डालर का निवेश करेगी हुंडई मोटर ग्रुप



पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करते हुए हुंडई मोटर ग्रुप के चीफ एक्जीक्यूटिव यूईसुन चुंग। जागरण

जागरण ब्यरो, नई दिल्ली

हुंडई मोटर ग्रुप ने भारत में अगले सात वर्षों में कुल 15.5 अरब डालर यानी तकरीबन 1.48 लाख करोड़ रुपये (मौजूदा कीमत के आधार पर) का निवेश करेगी। हुंडई मोटर ग्रूप की सब्सिडियरी हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआइ) भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है। इस बारे में हुंडई मोटर ग्रूप के चीफ एक्जीक्यूटिव यूईसुन चुंग ने पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और अपनी कंपनी की भारत को लेकर पूरी रणनीति पर चर्चा की। यह निवेश वर्ष 2026 से 2032 तक भारत में आटोमोटिव ईकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। इससे भारत को ग्रुप के भविष्य के विकास और उभरते बाजारों में विस्तार के लिए मुख्य रणनीतिक बाजार के रूप में स्थापित किया जाएगा।

कंपनी की तरफ से बताया गया है कि यह सात साल का निवेश विनिर्माण क्षमता विस्तार, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्थानीय सप्लायरों के विकास और भविष्य की तकनीक नवाचार पर केंद्रित है। इससे भारत में व्यापक आटोमोटिव ईकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। निवेश को सुचारू रूप से लागू करने के लिए ग्रुप भारत में एक समर्पित निवेश इकाई भी स्थापित करेगा। यह इकाई आरएंडडी, भविष्य की तकनीकों और पूरे आटोमोटिव ईकोसिस्टम में निवेश का समन्वय करेगी तथा स्थानीय साझेदारों की पहचान में भी मदद करेगी। निवेश की घोषणा के ही दिन एचएमआइ ने भारत में अपनी नई एसयूवी बायोन को त्योहारी सीजन में लांच करने की घोषणा की है। यूईसुन चुंग ने कहा, 'भारत हुंडई मोटर ग्रुप के सबसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक बाजारों में से एक है। पिछले 30 वर्षों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए यह निवेश अगले 30 वर्षों और उससे आगे के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और भारत के औद्योगिक विकास को समर्थन मिलेगा।' साफ है कि इस निवेश से कंपनी की दोनों सब्सिडियरियों एचएमआइ और किआ इंडिया की कार निर्माण क्षमता को तेजी से विस्तारित किया जाएगा ताकि भारत ग्रुप का एक प्रमुख वैश्विक निर्यात केंद्र बन सके। आरएंडडी केंद्र में लगभग 70 करोड़ डालर का निवेश किया जाएगा, जिसमें वाहन परीक्षण ट्रैक भी शामिल है। इससे अगली पीढ़ी की आटोमोटिव तकनीक विकसित की जाएगी।

रबी फसलों के लिए नहीं होगा यूरिया का संकट

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- अगस्त की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत सस्ती दर पर भारत को मिल रहा यूरिया
- वैश्विक बाजार में कीमतों में नरमी से प्रतिस्पर्धी दरों पर यूरिया हासिल करने की गुंजाइश बढ़ी



यूरिया की रहेगी पर्याप्त उपलब्धता। प्रतीकात्मक

रबी फसलों की बुवाई से पहले खेती के लिए अच्छी खबर है कि यूरिया का संकट नहीं होने जा रहा है। महीनेभर पहले ब्राजील एवं मध्य पूर्व में यूरिया की कीमतों में तेजी के संकेत मिले थे, लेकिन वैश्विक स्तर पर आपूर्ति बढ़ने से भाव में नरमी आई है। अगस्त की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत सस्ती दर पर भारत को यूरिया मिल रहा है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, भारत को प्रत्येक वर्ष करीब चार सौ लाख टन यूरिया की जरूरत पड़ती है। इसमें लगभग सौ लाख टन का आयात करना पड़ता है।

वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से जनवरी के बीच देश में 251.26 लाख टन यूरिया का उत्पादन हुआ, जबकि इस अवधि में 89.30 लाख टन यूरिया का आयात किया गया। रबी फसलों की बुवाई से पहले सरकारी कंपनी इंडियन पोटाश लिमिटेड (आइपीएल) ने 17 लाख टन यूरिया के आयात के लिए टेंडर जारी किया था। इसमें पश्चिमी तट के लिए 10 लाख टन एवं पूर्वी तट के लिए सात लाख टन यूरिया की खरीद होनी है। टेंडर में पूर्वी तट के लिए सबसे कम बोली 352.10 डालर प्रति टन और पश्चिमी तट के लिए 356.25 डालर प्रति टन रही। अगस्त में जारी टेंडर में शुरुआती कीमतें करीब 390 से 394 डालर प्रति टन थीं। इस लिहाज से ताजा टेंडर में कीमतें लगभग 10% कम हैं।

वैश्विक बाजार में कीमतों में नरमी के साथ भारतीय खरीदारों के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर यूरिया हासिल करने की गुंजाइश बढ़ी है। आइपीएल के 17 लाख टन के टेंडर के मुकाबले विभिन्न कंपनियों ने करीब 53.5 लाख टन यूरिया की पेशकश की है। यह अपनी जरूरत से तीन गुना से भी अधिक है। हालांकि, आयात सस्ता होने का सीधा लाभ किसानों को नहीं मिलेगा, क्योंकि यूरिया बैग की कीमत सरकार नियंत्रित करती है। इसका फायदा मुख्य रूप से सरकार को उर्वरक सब्सिडी पर होने वाले खर्च में राहत के रूप में मिल सकता है। किसानों को 45 किलोग्राम यूरिया का बैग 242 रुपये में मिलता है।

खाड़ी संकट और आपूर्ति संबंधी बाधाओं के कारण वैश्विक उर्वरक बाजार में कीमतों में इस वर्ष उतार-चढ़ाव रहा। अप्रैल में यूरिया की कीमतें 959 डालर प्रति टन के पार पहुंच गई थीं। इस बीच चीन की निर्यात नीति में बदलाव से वैश्विक बाजार में आपूर्ति का दबाव कुछ कम हुआ।

आइटी कंपनियों में एआइ के कारण नौकरियां जाने का डर बेबुनियाद

प्रथम पृष्ठ से आगे

प्रेट्र के अनुसार, इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के कारण आइटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज किया। उन्होंने इसे बड़ी पूंजी वाली कंपनियों के हित साधने वाली आपदा मार्केटिंग बताया। ब्लूमबर्ग न्यू इकोनमी फोरम में नीलेकणि ने कहा कि एआइ के दौर में इन्फोसिस जैसी कंपनियों की जरूरत और बढ़ेगी। कंपनियों को नई तकनीक अपनाने, कर्मियों को नए कौशल सिखाने और अपनी कार्यप्रणाली बदलने की आवश्यकता होगी। पारंपरिक कोडिंग का काम एआइ एजेंट के जरिये स्वचालित हो रहा है, जिससे उत्पादकता बढ़ेगी। हालांकि, कारोबार में व्यापक बदलाव केवल कोडिंग तक सीमित नहीं है। कंपनियों को बदलाव से निपटना होगा।

सभी पब्लिक इश्यू के लिए अनिवार्य निगरानी एजेंसी बनाने का प्रस्ताव

- इश्यू से मिले पैसे के इस्तेमाल की निगरानी में सहयोग नहीं करने पर कंपनियों पर लगाया जाएगा जुर्माना



सेबी बढ़ाएगी सख्ती। प्रतीकात्मक

नई दिल्ली, प्रेट्र: बाजार नियामक सेबी ने सभी पब्लिक इश्यू (चाहे उनका आकार कुछ भी हो) एक मानीटरिंग एजेंसी की नियुक्ति को जरूरी बनाने का प्रस्ताव पेश किया है। साथ ही इश्यू से मिले पैसे के इस्तेमाल की निगरानी में सहयोग नहीं करने पर सूचीबद्ध कंपनियों पर हर बार 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का प्रस्ताव रखा है। ये प्रस्ताव सेबी के लिस्टिंग आब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स (एलओडीआर) रेगुलेशंस, 2015 की व्यापक समीक्षा का हिस्सा हैं। इनका मकसद पब्लिक इश्यू से जुटाए फंड के इस्तेमाल में पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करना है। सेबी ने इन प्रस्तावों पर तीन नवंबर तक आम लोगों से राय मांगी है।

अपने परामर्श पत्र में सेबी ने सभी इश्यू (बिक्री पेशकश के आकार को छोड़कर) के लिए मानीटरिंग एजेंसी की नियुक्ति को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव दिया। सेबी ने मानीटरिंग एजेंसियों को यह अधिकार देने का भी प्रस्ताव रखा है कि अगर सूचीबद्ध कंपनियां निगरानी प्रक्रिया के दौरान सहयोग नहीं करती है तो वे सीधे स्टाक एक्सचेंज को अपनी रिपोर्ट सौंप सकते हैं। स्टाक एक्सचेंज 30 दिनों के भीतर नोटिस जारी करेंगे। अगर चूक जारी रहती है तो प्रमोटर को नोटिस जारी किए जाएंगे और अगर नियमों का पालन नहीं करना जारी रहता है तो उनके डीमैट खाते फ्रीज होंगे।

आइपीओ आकार में बदलाव से जुड़ी छूट बढ़ाई गई

नई दिल्ली, प्रेट्र : एसोसिएशन आफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स आफ इंडिया (एआइबीआइ) के मुताबिक, बाजार नियामक सेबी ने कंपनियों को आइपीओ के लिए नया मसौदा दस्तावेज जमा किए बिना अपने नए इश्यू के आकर में 50% तक बदलाव करने की छूट बढ़ा दी है। यह छूट 31 मार्च, 2027 या उससे पहले खुलने वाले आइपीओ पर लागू होगी।

मुंबई तट के पास ओएनजीसी के तेल उत्पादन प्लेटफार्म पर लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली, प्रेट्र : मुंबई तट के पास स्थित तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) के तेल उत्पादन प्लेटफार्म पर आग लग गई, हालांकि आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने के कारण प्लेटफार्म को बंद करना पड़ा, हालांकि बाद में इसे फिर चालू कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सोमवार सुबह एनक्यूजी प्लेटफार्म के प्रोसेस गैस कंप्रेसर सी (पीजीसी-सी) में गैस कूलर का एक हिस्सा फटने के बाद आग लग गई। एक घंटे से अधिक समय तक मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। एनक्यूजी प्लेटफार्म ओएनजीसी गैस प्रोसेसिंग प्लेटफार्म है। यह अरब सागर में स्थित मुंबई हाई का मुख्य हिस्सा है। इस प्लेटफार्म से समुद्र से निकलने वाली प्राकृतिक गैस का प्रसंस्करण किया जाता है ताकि उसे पाइपलाइनों के जरिये मुख्य भूमि तक सुरक्षित भेजा जा सके।

बिहार में बेटे का शव ले जाने को नहीं मिला वाहन, ठेले पर ले गए घर

जागरण संवाददाता, छपरा

- सरयू नदी में डूबे युवक का शव लेकर अस्पताल में भटकते रहे स्वजन



ठेला से शव ले जाते स्वजन। जागरण

बिहार से सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोलने वाला एक मामला प्रकाश में आया है। सरयू नदी में डूबे एक युवक के स्वजन को डायल 102 पर गुहार लगाने के बाद उसका शव ले जाने के लिए वाहन तक उपलब्ध नहीं हो सका। स्वजन अस्पताल में भटकते रहे। आखिर में थक-हारकर स्वजन को भाड़े का ठेला मंगाना पड़ा। उसके बाद वह बेटे का शव उसी पर रखकर घर की ओर गए।

यह घटना मंगलवार को छपरा सदर अस्पताल की है। करीमचक मोहल्ला निवासी सनी कुमार दो दिन पूर्व नहाने के दौरान सरयू नदी में डूब गया था। मंगलवार को शव बरामद होने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद डायल 102 के कंट्रोल रूम में फोन किया। मदद मिलने की उम्मीद करते रहे, लेकिन वाहन नहीं पहुंचा। अंततः उन्हें भाड़े का ठेला मंगाना पड़ा।

सदर अस्पताल के प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद का कहना है कि पोस्टमार्टम कर्मी के माध्यम से शव वाहन उपलब्ध कराया जाता है। वाहन क्यों नहीं मिला, इसकी जांच होगी। एंबुलेंस सेवा के एसीओ सत्य प्रकाश ने बताया कि स्वजन ने उनके मोबाइल पर संपर्क नहीं किया था। फोन आता तो वाहन उपलब्ध कराया जाता।

सुंदरता और सच जीवन के दो मुख्य उपहार हैं। सुंदरता मुझे एक प्यार भरे हृदय में मिली और सच्चाई एक मजदूर के हाथों में।

– खलील जिब्रान

अभिव्यक्ति का दायरा

लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि जनता को अपनी बात कहने, समाज के हित में आवाज उठाने और सरकार की नीतियों एवं निर्णयों पर असहमति जताने की स्वतंत्रता होती है। जब नागरिकों को लगता है कि उनकी समस्याओं को अनसुना किया जा रहा है, तब वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से अपनी मांगों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने का फैसला इसी संदर्भ में सवालों के घेरे में हैं। यह स्थल करीब साढ़े तीन दशक से लोकतंत्र का जीवंत प्रतीक रहा है, जहां लोग इस उम्मीद के साथ आंदोलन करने पहुंचते थे कि उनकी आवाज सत्ता में बैठे लोगों तक पहुंचेगी। ऐसे स्थल को अगर बिना किसी ठोस वजह के प्रदर्शन के लिए स्थायी तौर पर अनुपलब्ध कर दिया जाए तथा कुछ ऐसे स्थानों का विकल्प दिया जाए, जो शहर के केंद्र से दूर हों और आम लोगों के लिए सुविधाजनक न हों, तो क्या इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी को सीमित करने के रूप में नहीं देखा जाएगा! ऐसे में यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए उपलब्ध महत्त्वपूर्ण स्थानों को सीमित करके क्या असहमति की आवाज को नियंत्रित किया जा सकता है?

गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने रविवार को एक आदेश जारी कर प्रदर्शनों के लिए जंतर-मंतर को निर्धारित स्थलों की सूची से हटा दिया है। यानी यहां अब कोई भी नागरिक अपनी असहमति या मांग को लेकर आवाज बुलंद नहीं कर पाएगा। जंतर मंतर पर धरना-प्रदर्शनों की शुरुआत 1990 के दशक की शुरुआत में हुई थी। उसके बाद से यह स्थल अन्ना हजारे के अनशन से लेकर नीट पेपर लीक के खिलाफ हाल के आंदोलन तक का गवाह रहा है। सवाल है कि अब ऐसा क्या हुआ कि शासन-प्रशासन को जंतर-मंतर पर किसी भी तरह के प्रदर्शन पर स्थायी रोक लगानी पड़ी? यह सवाल इसलिए गंभीर है, क्योंकि पुलिस का यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब देश की राजधानी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में प्रदर्शनों का दौर जारी है।

हाल में काकरोच जनता पार्टी की ओर से जंतर मंतर पर बुलाए गए प्रदर्शन के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने का हवाला देते हुए रेल और मेट्रो सेवाओं पर सीमित पाबंदी के साथ सुरक्षाबलों ने जिस तरह की नाकेबंदी की, उससे यह सवाल महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि क्या सरकार जनता के विरोध को अब खुद के लिए असुविधा के रूप में देख रही है? जंतर-मंतर के विकल्प के तौर पर दिल्ली पुलिस ने रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन स्थल के रूप में अधिसूचित किया है। रामलीला मैदान जंतर मंतर से चार किलोमीटर दूर है, जबकि सीबीडी मैदान करीब बारह किलोमीटर और बुराड़ी मैदान लगभग इक्कीस किलोमीटर दूर है। इन स्थलों पर आए दिन कई कार्यक्रम होते रहते हैं और ऐसे में यहां पर बड़े प्रदर्शन के लिए जगह मिलना आसान नहीं होगा। लोकतंत्र में जनता की असहमति को सरकार के खिलाफ गतिविधि से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। समस्याओं का समाधान प्रदर्शन स्थलों को समाप्त करने या सीमित करने से नहीं, बल्कि संवाद और समन्वय से तलाशा जाना चाहिए। मजबूत लोकतंत्र वही होता है, जहां सत्ता के समर्थन के साथ-साथ उसके विरोध में उठने वाली आवाजों को भी सम्मानपूर्वक सुना जाता है।

बेखौफ अपराधी

पंजाब में मादक पदार्थों की वजह से खड़ी जटिल समस्या पहले ही एक व्यापक चिंता की वजह बन चुकी है। अब वहां इस प्रवृत्ति के खिलाफ स्थानीय लोग भी सक्रिय हो रहे हैं। मगर पंजाब के मानसा जिले में मंगलवार को नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले एक सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या की घटना ने फिर यही साबित किया है कि वहां मादक पदार्थों के तस्कर न सिर्फ पुलिस और कानून से बेखौफ अपना धंधा चला रहे हैं, बल्कि अगर कोई व्यक्ति उनकी अवैध गतिविधियों पर सवाल उठाता है, तो वे उसकी हत्या तक कर देते हैं। गौरतलब है कि एक सामाजिक कार्यकर्ता परमिंदर सिंह झोटा की हत्या एक मेडिकल स्टोर के मालिक ने कर दी। इसकी वजह यह थी कि झोटा दवा की दुकानों पर मादक पदार्थों की गैरकानूनी बिक्री का खुलासा करते थे। घटना के वक्त भी वे अपने कुछ साथियों के साथ मानसा बाजार की एक दवा दुकान के मालिक से मादक पदार्थ बेचने को लेकर सवाल कर रहे थे। मगर दुकानदार ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे झोटा की जान चली गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। यह समझना मुश्किल है कि जिस राज्य में सरकार खुद 'नशे के विरुद्ध युद्ध' जैसा प्रचारित अभियान चला रही हो, वहां इसी मसले पर आवाज उठाने वाले लोगों का जीवन खतरे में है।

कहने को राज्य सरकार वहां खुद नशे की प्रवृत्ति और इससे उपजी स्थिति को एक गंभीर संकट मानती है। मंगलवार को ही आई एक खबर के मुताबिक पुलिस ने मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी करने वाले पांच गिरोहों का पर्दाफाश करते हुए दस संदिग्धों को गिरफ्तार किया। साथ ही भारी मात्रा में अवैध हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किए। मगर इसी मसले पर एक सामाजिक कार्यकर्ता ने आवाज उठाई, तो उसकी जान चली गई। सवाल है कि मादक पदार्थों के तस्कर कानून और पुलिस से इतने बेखौफ कैसे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पंजाब में मादक पदार्थों और नशे का संजाल समूचे राज्य तथा वहां के लोगों के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। अगर वहां समाज के भीतर से ही नशे के विरुद्ध उठी आवाजों के सामने जीवन का संकट खड़ा होगा, तो आने वाले वक्त का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

सूखते जलाशय और गहराता जल संकट



भविष्य में जल संकट भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। समय आ गया है कि हम जल संसाधन बचाएं और इसके लिए देश में मौजूदा सभी जलाशयों की संग्रहण क्षमता को बढ़ाएं।

बलकार सिंह पूनियां

इस वर्ष बारिश में गिरावट की वजह से भावी संकट को लेकर बढ़ती फिक्र स्वाभाविक है। मगर फिलहाल चिंता का कारण केवल बारिश नहीं, बल्कि जमीन पर उपलब्ध पानी को संभालने की हमारी घटती क्षमता है। देश के प्रमुख जलाशयों का जलस्तर तेजी से नीचे जाना और दूसरी ओर उन्हीं जलाशयों की भंडारण क्षमता का गाद के कारण लगातार कम होते जाना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। सवाल यह नहीं है कि मानसून इस बार कितना अच्छा रहा, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि मानसून से मिलने वाले पानी को हम कितना बचा पाए। गौरतलब है कि केंद्रीय जल आयोग 166 प्रमुख जलाशयों के जलस्तर की नियमित निगरानी करता है। इन जलाशयों की कुल क्षमता 183.565 अरब घन मीटर है। मध्य-मई की स्थिति के अनुसार इनमें करीब 63 बीसीएम पानी ही बचा था। यानी लगभग 34.45 फीसद। इससे स्पष्ट है कि गर्मी के चरम दौर में देश के प्रमुख जलाशयों का लगभग दो-तिहाई भंडारण खाली हो चुका था। कई राज्यों में स्थिति इससे भी अधिक चिंताजनक रही और अनेक बांधों में पानी काफी कम हो गया।

यह स्थिति इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि जलाशय केवल पानी जमा करने की जगह नहीं हैं। उनसे खेतों की सिंचाई होती है, शहरों और गांवों को पेयजल मिलता है तथा बिजली का उत्पादन भी होता है। जलाशयों में पानी कम होने का अर्थ है कि कृषि, पेयजल और ऊर्जा पर एक साथ दबाव बढ़ना। गर्मी के दिनों में पानी की मांग स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। अगर मानसून आने में देरी होती है या वर्षा सामान्य से कम या असमान रहती है, तो यह दबाव और अधिक बढ़ सकता है। देश की जल समस्या का शायद सबसे गंभीर और अपेक्षाकृत कम चर्चित पहलू जलाशयों में लगातार बढ़ती गाद है। केंद्रीय जल आयोग द्वारा तैयार भारत में जलाशयों में गाद जमाव संबंधी संकलन-2024 में 548 जलाशयों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया, जिनमें से 439 जलाशयों के आंकड़े विश्लेषण के लिए उपयुक्त पाए गए। एक अध्ययन के अनुसार, गाद जमने के कारण इन जलाशयों की सकल भंडारण क्षमता में औसतन 19.24 फीसद की कमी आ चुकी है। वहीं, जलाशयों की भंडारण क्षमता में प्रत्येक वर्ष औसतन 0.74 फीसद की कमी दर्ज की जा रही है।

यह आंकड़ा भविष्य की भयावह तस्वीर समझने के लिए पर्याप्त है। अगर जलाशय में पानी पहुंचाने वाली नदियां और बरसाती धाराएं अपने साथ मिट्टी एवं तलछट लाती रहें तथा जलाशयों में गाद जमा होती रहे, तो कुछ वर्षों बाद अच्छी बारिश होने पर भी हमारे पास पानी रखने की पर्याप्त क्षमता नहीं होगी। यानी एक तरफ वर्षा की अनिश्चितता और दूसरी तरफ घटती भंडारण क्षमता। यह दोहरी चुनौती है। यह समस्या पुराने जलाशयों में अधिक गंभीर हो सकती है। नेशनल रजिस्टर आफ स्पेसिफाइड डैम्स-2025 के अनुसार देश में 6,628 बड़े बांध हैं। इनमें से 1,681 बांध 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं और 291 बांध सौ वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। यानी देश के लगभग 26 फीसद बांध आधी सदी से अधिक पुराने हैं। उम्र अपने आप में किसी बांध को असुरक्षित नहीं बनाती, लेकिन समय बीतने के साथ संरचनात्मक रखरखाव, जलाशय की क्षमता, गाद और जलग्रहण क्षेत्र में बदलाव की नियमित समीक्षा जरूरी है।



गाद की समस्या का समाधान केवल जलाशय से गाद निकालने तक सीमित नहीं हो सकता। दरअसल, गाद का बड़ा स्रोत जलग्रहण क्षेत्र में मिट्टी का कटाव है। इसलिए पहाड़ियों और नदी घाटियों में वनों की कटाई, भूमि क्षरण, अवैज्ञानिक खेती, निर्माण गतिविधियों और जलग्रहण क्षेत्रों के कमजोर प्रबंधन को रोकना भी उतना ही आवश्यक है। अगर ऊपर की मिट्टी को बहने से नहीं रोका गया, तो नीचे जलाशयों से गाद निकालने का काम लगातार चलता रहेगा और समस्या कभी खत्म नहीं होगी। कृषि क्षेत्र में भी दृष्टिकोण बदलना होगा। भारत में पानी का सबसे बड़ा उपयोग कृषि में होता है। ऐसे में कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में फसल विविधीकरण, सूक्ष्म सिंचाई, 'ड्रिप' और 'स्प्रिंकलर' जैसी तकनीकों का विस्तार जरूरी है। जिस क्षेत्र में पानी सीमित है, वहां अत्यधिक जल मांग वाली फसलों को बढ़ावा जल संकट को बढ़ाएगा।

> अगर जलाशय में पानी पहुंचाने वाली नदियां और बरसाती धाराएं अपने साथ मिट्टी एवं तलछट लाती रहें तथा जलाशयों में गाद जमा होती रहे, तो कुछ वर्षों बाद अच्छी बारिश होने पर भी हमारे पास पानी सहेजने की पर्याप्त क्षमता नहीं होगी। एक तरफ वर्षा की अनिश्चितता और दूसरी तरफ घटती भंडारण क्षमता। यानी भारत एक साथ दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है। यह समस्या पुराने जलाशयों में अधिक गंभीर हो सकती है। वहीं देश के लगभग 26 फीसद बांध आधी सदी से अधिक पुराने हैं। उम्र अपने आप में किसी बांध को असुरक्षित नहीं बनाती, लेकिन समय बीतने के साथ संरचनात्मक रखरखाव, जलाशय की क्षमता, गाद और जलग्रहण क्षेत्र में बदलाव की नियमित समीक्षा जरूरी है।

वर्ष 2025 के दौरान देश में बांधों का मानसून पूर्व और उसके बाद निरीक्षण किया गया। इसमें तीन बांधों को सबसे गंभीर श्रेणी-एक तथा 216 बांधों को श्रेणी-दो में रखा गया। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि बांधों की सुरक्षा को केवल उनके निर्माण के समय ही नहीं, बल्कि उनकी पूरी समयावधि के दौरान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। नियमित निरीक्षण, समयबद्ध रखरखाव और आवश्यकता अनुसार पुनर्वास से ही बांधों की सुरक्षा और उनकी उपयोगिता लंबे समय तक सुनिश्चित की जा सकती है।

भारत ने बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 और बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना जैसे कदमों से इस दिशा में संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया है। अब जरूरत इस बात की है कि इन व्यवस्थाओं का प्रभाव राज्यों और स्थानीय स्तर पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे। प्रत्येक बड़े बांध के लिए नियमित निरीक्षण, समयबद्ध रखरखाव, आपातकालीन कार्ययोजना, जलाशय की वास्तविक भंडारण क्षमता का आकलन तथा गाद प्रबंधन को अनिवार्य रूप से जल प्रबंधन व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

दरअसल, जल संकट का स्थायी समाधान केवल अच्छी बारिश नहीं है। मानसून अच्छा हो, तो भी यदि हम पानी को रोक नहीं पाए और जलाशयों की क्षमता घटती रही तथा भूजल का अत्यधिक दोहन जारी रहा, तो अगले कुछ वर्षों में समस्या गंभीर रूप से हमारे सामने खड़ी होगी। दूसरी ओर, अगर मानसून कमजोर रहा, तो मौजूदा जल भंडारण की सीमाएं और स्पष्ट हो जाएंगी। इसलिए मानसून का इंतजार अपनी जगह है, लेकिन जल प्रबंधन को मानसून से अलग एक निरंतर राष्ट्रीय अभियान बनाना होगा। जलाशयों की निगरानी केवल जलस्तर मापने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। वास्तविक भंडारण क्षमता, गाद की मात्रा, जलग्रहण क्षेत्र और भविष्य की जल मांग का भी नियमित आकलन होना चाहिए।

इस समस्या पर सबसे बड़ी जरूरत सोच बदलने की है। पानी को असीमित प्राकृतिक संसाधन मानने के बजाय सीमित और मूल्यवान संपदा समझना होगा। जिस पानी को आज हम व्यर्थ बहने देते हैं, वही कल खेत, गांव, शहर और उद्योग के लिए जीवनरेखा बन सकता है। देश के पास बांधों का विशाल नेटवर्क है। इसकी संग्रहण क्षमता 253.95 अरब घन मीटर है। यह क्षमता हमारी बड़ी ताकत है, लेकिन इसकी उपयोगिता तभी कायम रहेगी, जब हम जलाशयों की उम्र, गाद और घटती क्षमता को गंभीरता से लें। आज जरूरत नए जलाशय गिनने से अधिक मौजूदा जलाशयों की बची हुई क्षमता बचाने की है। जल सुरक्षा केवल बारिश से नहीं आएगी। इसके लिए जलग्रहण क्षेत्रों का संरक्षण, गाद नियंत्रण, पुराने बांधों का पुनर्वास, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और पानी के विवेकपूर्ण उपयोग को एक साझा राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना होगा। आखिरकार सवाल यह नहीं है कि आसमान से कितना पानी बरसेगा। सवाल यह है कि धरती पर गिरने वाली हर बूंद में से हम कितनी बूंदें आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेज पाएंगे।

तकनीक की उलझन

पारुल तोमर

सही है कि आज का जीवन तकनीक के बिना अधूरा है। सुबह आंख खुलते ही मोबाइल सामने होता है और दिन का काम कंप्यूटर, इंटरनेट तथा दूसरे डिजिटल उपकरणों के सहारे आगे बढ़ता है। घर हो या कार्यालय, गांव हो या महानगर, विद्यार्थी हो या बुजुर्ग तकनीक आधुनिक जीवन की सामान्य जरूरत बन चुके हैं। विज्ञान ने हमारी दुनिया को केवल बदला नहीं, उसकी गति और जीवन-शैली दोनों को बदल दिया है। तकनीक अपने आप में न वरदान है, न अभिशाप। उसका स्वरूप उसके उपयोग से तय होता है। वही विस्फोटक शक्ति खनन में उपयोगी हो सकती है और विनाश का कारण भी। इसलिए सवाल तकनीक के होने का नहीं, उसके विवेकपूर्ण इस्तेमाल का है।

इस बदलाव का सबसे प्रभावशाली उदाहरण मोबाइल फोन है। कभी दूर बैठे व्यक्ति का हाल जानने के लिए चिट्ठी का इंतजार करना पड़ता था। फिर टेलीफोन आया और अब मोबाइल ने आवाज के साथ तस्वीर, समाचार, पुस्तक, बाजार, बैंक, शिक्षा और मनोरंजन सबको जेब में समेट लिया है। कुछ स्पर्शों में टिकट बुक हो जाता है, पैसे का लेन-देन हो जाता है, किसी रास्ते का पता मिल जाता है और दुनिया के किसी भी कोने में बैठे व्यक्ति से बातचीत संभव हो जाती है। शिक्षा और चिकित्सा में भी इसका उपयोग दूरियां घटाता है। विद्यार्थी घर बैठे ज्ञान के विविध स्रोतों तक पहुंच सकता है, विशेषज्ञों से जुड़ सकता है। इस अर्थ में आधुनिक तकनीक केवल सुविधा के उपकरण नहीं, मनुष्य की क्षमताओं के विस्तार के साधन हैं।

समस्या तब शुरू होती है, जब साधन धीरे-धीरे जीवन का संचालक बन जाए। मोबाइल हाथ में होना आवश्यकता है, हर क्षण उसे देखते रहना आदत। इंटरनेट ज्ञान का माध्यम है, पर लगातार स्क्रीन पर बने रहना निर्भरता। यही वह बिंदु है, जहां सुविधा हमारे व्यवहार को बदलने लगती है। आज घर का दृश्य इस बदलाव को साफ दिखाता है। परिवार साथ बैठा है, मगर हर व्यक्ति अपनी स्क्रीन में व्यस्त है। भोजन की मेज पर बातचीत के बीच मोबाइल है। बच्चे मैदान से अधिक स्क्रीन पर दिखाई देते हैं। पति-पत्नी, मित्र और परिवारजन एक-दूसरे के सामने होते हुए भी अपने-अपने आभासी संसार में मौजूद रहते हैं।

हमने संवाद के साधन बढ़ाए हैं, लेकिन संवाद के अवसर घटा दिए हैं। कभी घर की बैठक, मोहल्ले की चौपाल, चाय की दुकान या शाम की टहल सामाजिक जीवन के सहज स्थल थे। वहां खबर केवल सुनाई नहीं जाती थी, साझा की जाती थी। सुख-दुख केवल संदेश नहीं होते थे, उनमें लोग शरीक होते थे। आज संपर्क बहुत है, पर सहभागिता कम होती जा रही है। दुनिया के दूसरे छोर की खबर तुरंत मिल जाती है, लेकिन पास बैठे व्यक्ति के मन की खबर जानने के लिए समय नहीं। दरअसल, गैजेटों ने एक विशाल आभासी संसार रचा है। सोशल मीडिया ने संपर्क आसान किया, पर कई बार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति भी बढ़ाई। दूसरों के जीवन की चमकदार तस्वीरें देखकर अपने जीवन को कमतर समझना, हर समय प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा करना और लगातार जुड़े रहने की बेचैनी मनुष्य को भीतर से थका सकती है। इसीलिए बहुत-से संपर्कों के बीच भी अकेलापन आधुनिक जीवन की एक बड़ी विडंबना बन गया है।

शरीर पर भी इसका असर दिखाई देता है। घर बैठे खरीदारी, बैंकिंग, भोजन और कार्यालय का काम संभव होने से श्रम और आवागमन घटा है। यह सुविधा उपयोगी है, मगर लंबे समय तक बैठे रहना और स्क्रीन के सामने जीवन बिताना शारीरिक सक्रियता को कम करता है। तकनीक ने शरीर का श्रम घटाया है, इसलिए अब सक्रिय रहने का चुनाव हमें अधिक सजग होकर करना होगा। फिर भी तकनीक को दोष देना आसान और अधूरा समाधान है। तकनीक ने विकल्प दिए हैं कि उनका उपयोग कैसे करना है, यह मनुष्य के हाथ में है। आज की दुनिया में तकनीक से पूरी तरह अलग रहना न संभव है, न जरूरी। आवश्यकता है तकनीकी अनुशासन की।

बच्चों को मोबाइल से दूर रखने के बजाय उसके सही उपयोग की समझ देना अधिक जरूरी है। स्क्रीन के साथ किताब, आनलाइन सीखने के साथ प्रत्यक्ष अनुभव, वीडियो गेम के साथ मैदान और डिजिटल मित्रता के साथ वास्तविक मित्र भी हों। हमारी लोक-संस्कृति में जीवन को केवल उपयोगिता से नहीं, सहभागिता से देखने की परंपरा रही है। चाहे गांव की चौपाल हो या शहर की बैठक, परिवार का आंगन हो या पड़ोस की शाम मनुष्य मनुष्य के पास बैठता था। आधुनिकता ने हमें बहुत कुछ दिया है। उसे अपनाते हुए इस आत्मीयता को खो देना उसकी अनिवार्य शर्त नहीं है।

आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोट और स्मार्ट उपकरण हमारे जीवन में और गहरे उतरेंगे। तकनीक की गति को रोकना संभव नहीं और न ही उसकी जरूरत है। असली चुनौती यह है कि तकनीक जितनी बुद्धिमान होती जाए, मनुष्य उतना ही संवेदनशील भी बना रहे। जीवन केवल सुविधा का नाम नहीं। उसमें किसी अपने की आवाज है, आमने-सामने बैठकर की गई बातचीत है, बच्चे की हंसी है, बुजुर्ग की कहानी है, मित्र का कंधा है और पड़ोसी के सुख-दुख में शामिल होने की सहजता है। इन अनुभवों का कोई डिजिटल विकल्प नहीं।

इसलिए तकनीक अपने आप में न तो पूरी तरह सुलझन हैं और न ही उलझन हैं। वह केवल एक साधन हैं। उनकी सार्थकता और प्रभाव इस बात पर निर्भर करते हैं कि हम उनका संचालन किस विवेक और नियंत्रण के साथ करते हैं। तकनीक हमारी हथेली में पूरी दुनिया रख सकते हैं, लेकिन उस दुनिया में मनुष्य के लिए जगह हमें ही बचानी होगी। जरूरत तकनीक को त्यागने की नहीं, बल्कि उनके साथ एक 'संतुलित दृष्टिकोण' अपनाने की।

दुनिया मेरे आगे

> हमने संवाद के साधन बढ़ाए हैं, लेकिन संवाद के अवसर घटा दिए हैं। कभी घर की बैठक, मोहल्ले की चौपाल, चाय की दुकान या शाम की टहल सामाजिक जीवन के सहज स्थल थे। वहां खबर केवल सुनाई नहीं जाती थी, साझा की जाती थी। आज संपर्क बहुत है, पर सहभागिता कम होती जा रही है।

असहमति का सम्मान



'सख्ती की सीमा' (संपादकीय 12 अक्तूबर) लोकतांत्रिक अधिकारों और सरकारी रवैये पर गंभीर सवाल उठाता है। लोकतंत्र में सरकार की सफलता असहमति को नियंत्रित करने में नहीं, बल्कि उसे सुनने, उसका उत्तर देने और उसके पीछे छिपी जनसमस्याओं का समाधान करने में है। सड़कों पर उठती आवाजें केवल व्यवस्था के लिए चुनौती नहीं, बल्कि शासन की संवेदनशीलता और संवाद की क्षमता की परीक्षा भी हैं। युवाओं की आवाज सुनने के बजाय उनके प्रति दमनकारी रवैया अपनाना लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध को कुचलने की कीमत पर नहीं। व्यापक आलोचना के बाद भी अगर केंद्र सरकार वास्तविक जन-असंतोष को नहीं समझती, तो यह उसकी अपनी राजनीतिक भूल ही नहीं, देश के लोकतंत्र के लिए भी अफसोसजनक होगा। जो सामने आया है, उससे सरकार को सलाह देने वालों की समझ और निर्णय-प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न लगता है। लोकतंत्र के विभिन्न अंगों की भूमिका और सरकार द्वारा असहमति के दमन को लेकर गंभीर सवाल उठना चिंताजनक है।

– बृज भूषण गोयल, लुधियाना

संतोष का सुख

'खुशी का मौन' (दुनिया मेरे आगे, 8 अक्तूबर) पढ़कर लगा कि वास्तविक प्रसन्नता का संबंध बाहरी उपलब्धियों से कम और मन की आंतरिक अवस्था से अधिक है। धन, प्रतिष्ठा, मकान और गाड़ी क्षणिक उल्लास दे सकते हैं, लेकिन स्थायी संतोष विवेक, परिश्रम और सार्थक कर्म से ही उपजता है। सुख-दुख जीवन के अभिन्न पक्ष हैं। परिस्थितियों को देखने का हमारा नजरिया ही बहुत हद तक हमारी अनुभूतियों को आकार देता है। कस्तूरी मृग की तरह मनुष्य भी अक्सर जिस खुशी को संसार में खोजता है, उसका स्रोत अपने भीतर तलाशना भूल जाता है। आज सामाजिक माध्यमों पर दूसरों के जीवन से अपनी तुलना करने की प्रवृत्ति मानसिक शांति छीन रही है। ऐसे में खुशी का मौन हमें आत्मचिंतन, संतोष और धैर्य का महत्त्व समझाता है। सच्ची प्रसन्नता को न प्रदर्शन की जरूरत होती है, न प्रशंसा की। वह भीतर खिलती है और बिना शोर किए जीवन को उजास से भर देती है।

– विजय सिंह अधिकारी, नैनीताल

अभिनय का ओज

हिंदी और मराठी सिनेमा में नाना पाटेकर ने अपने विलक्षण अभिनय, बुलंद आवाज और प्रभावशाली संवाद अदायगी से अलग पहचान बनाई। उनके अभिनय की विशेषता यह रही कि वे चेहरे के भावों, आवाज के उतार-चढ़ाव और सहज अभिव्यक्ति से किरदारों में ऐसी जान डाल देते थे, जो लंबे समय तक दर्शकों की स्मृतियों में बनी रहेगी। प्रहार, तिरंगा, परिंदा, क्रांतिवीर और कोहराम जैसी फिल्मों में उनके अभिनय ने साबित किया कि किसी कलाकार की असली ताकत केवल लोकप्रियता नहीं, बल्कि अपनी भूमिका को जीवंत बना देने की क्षमता है। नाना पाटेकर का योगदान सिनेमा तक सीमित नहीं रहा। सेना से उनका जुड़ाव और सामाजिक सरोकारों के प्रति सक्रियता भी उनके व्यक्तित्व के महत्त्वपूर्ण पक्ष हैं। उन्हें ऐसे कलाकार के रूप में याद किया जाता रहेगा, जिनकी पहचान किसी एक किरदार या दौर की मोहताज नहीं। उनका अभिनय आने वाली पीढ़ियों के लिए सीख और अध्ययन का विषय बना रहेगा।

– हिमांशु शेखर, गयाजी

बहादुरी की मिसाल

दुबई से तेल अवीव जा रही उड़ान में पायलट स्मित मछार पर जानलेवा हमले के दौरान उन्होंने जिस साहस, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, वह असाधारण है। यात्रियों की मदद से हमलावर को काबू करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद विमान को सुरक्षित जमीन पर उतारा जा सका। इस तरह विमान में मौजूद सभी यात्रियों की जान पर बने खतरे को भी टाला जा सका। संकट की घड़ी में धैर्य और पेशेवर दक्षता का ऐसा उदाहरण हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। कैप्टन मछार के साहस की सराहना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होना भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। इजरायली नेतृत्व की ओर से उनके सम्मान की घोषणा भी उनकी वीरता की महत्ता को रेखांकित करती है। एक भारतीय पायलट ने अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा से असाधारण मिसाल कायम की है। ऐसे साहसी नागरिक देश की वास्तविक पूंजी हैं।

– राजेंद्र कुमावत, जयपुर

विशेष
जनसत्ता | 14 अक्तूबर, 2026

कोविड से कुछ बच्चों के गंभीर बीमार पड़ने का कारण जीन में छिपा हो सकता है

कोविड का कारण बनने वाले वायरस 'सार्स-सीओवी-2' से संक्रमित कुछ बच्चों में संक्रमण गंभीर रूप ले लेता है और कभी-कभी उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत भी पड़ती है। अब तक यह स्पष्ट नहीं था कि कुछ ही बच्चों में संक्रमण गंभीर क्यों हो जाता है। लेकिन हमारे हालिया अध्ययन से कोविड जैसी गंभीर श्वसन संबंधी बीमारियों के दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की प्रतिक्रिया को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। हमारे अध्ययन में दक्षिण अफ्रीका के 333 ऐसे बच्चों के रक्त में जीन की सक्रियता से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया गया, जिनकी आनुवंशिक पृष्ठभूमि एक जैसी थी। जीन की सक्रियता का अध्ययन एक साथ हजारों जीन की गतिविधियों को मापता है। इसके विश्लेषण से पता लगाया जा सकता है कि संक्रमण के जवाब में कौन-से जीन सक्रिय हुए और कौन-से निष्क्रिय हो गए। (ए)

त्योहार : सामान्य ट्रेनों में टिकट नहीं, विशेष में किराया ज्यादा

राकेश शर्मा

त्योहारी मौसम में यात्रियों को राहत देने के लिए रेलवे के तरफ से चलाई गई विशेष ट्रेन में यात्रियों को 15 से 30 फीसद तक अधिक किराया चुकाना पड़ेगा। वहीं इन ट्रेनों में सफर का समय नियमित ट्रेनों के मुकाबले अधिक रहेगा। दरअसल, दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ सहित दूसरे प्रमुख त्योहारों पर घर जाने के लिए यात्रियों को रेलवे में आरक्षित टिकटों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा समय में पूर्वी भारत के तरफ चलने वाली अधिकतर ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं हैं, जिन ट्रेनों में सीटें उपलब्ध हैं, उनमें भी प्रतीक्षा सूची काफी लंबी हो गई है।

रेलवे के अनुसार चुनिंदा मार्गों पर 30 नवंबर तक विशेष ट्रेन के फेरे चलाए जाएंगे। मंगलवार तक 8454 विशेष ट्रेन के फेरे की घोषणा हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा फेरे बिहार में 2057 चलाए जाएंगे। वहीं उत्तर प्रदेश में 1056, दिल्ली के लिए 975, महाराष्ट्र के लिए 836 और पश्चिम बंगाल के लिए 464 फेरे चलाए जाएंगे। इसके अलावा, मौजूदा ट्रेनों में यात्रियों के लिए अतिरिक्त जगह बनाने के लिए, रेलवे ने पिछले साल की तुलना में 412 डिब्बों (जिनमें 75 जनरल क्लास कोच शामिल हैं) का इस्तेमाल करके कई ट्रेनों में स्थायी रूप से बढ़ोतरी की है। वहीं दुर्गा पूजा को देखते हुए 13 से 20 अक्तूबर तक पश्चिम बंगाल और उससे सटे पूर्वी इलाकों के लिए ट्रेनें पर जोर दिया गया है। यह ट्रेन हावड़ा, कोलकाता, सियालदह, संतरागाछी, शालीमार, मालदा टाउन और आसनसोल के साथ-साथ न्यू जलपाईगुड़ी और पूर्वी इलाके के अन्य स्टेशनों तक चलेंगी। दुर्गा पूजा के त्योहारों को देखते हुए यात्रियों को विकल्प देने के लिए उत्तरी इलाके से 27, दक्षिणी इलाके से 14 और पश्चिमी इलाकों से आठ विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है। वहीं रेलवे के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली से पटना जाने वाली सामान्य ट्रेनों में शयनयान श्रेणी का किराया 500 से 600 रुपए तक है, जबकि तीसरी वातानुकूलित श्रेणी का किराया 1300 से 1400 रुपए तक है। इसके मुकाबले विशेष ट्रेनों में शयनयान श्रेणी के लिए 660 से 685 रुपए और तीसरी वातानुकूलित श्रेणी के लिए 1710 से 1745 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। इस तरह वातानुकूलित श्रेणी में यात्रियों को सामान्य ट्रेनों की तुलना में 300 से 445 रुपए तक अधिक देने पड़ेंगे। दिल्ली से गया जाने वाले यात्रियों के लिए भी विशेष ट्रेनों में किराया अधिक है।

सामान्य ट्रेनों में शयनयान का किराया 505 से 550 रुपए और तीसरी वातानुकूलित श्रेणी का 1325 से 1380 रुपए है। वहीं, विशेष ट्रेनों में शयनयान का किराया 650 से 660 रुपए और तीसरी वातानुकूलित श्रेणी का 1690 से 1710 रुपए तक है। सूरत से पटना जाने वाली सामान्य ट्रेनों में शयनयान श्रेणी का किराया 750 से 800 रुपए और तीसरी वातानुकूलित श्रेणी का 1925 से 1950 रुपए तक है। विशेष ट्रेनों में शयनयान का किराया करीब 900 रुपए और तीसरी वातानुकूलित श्रेणी का 2205 रुपए तक है।



8454 से अधिक विशेष ट्रेन के फेरे की हुई व्यवस्था।

दिल्ली में फंसा जम्मू कश्मीर में मंत्रिमंडल विस्तार का पेच

सरकार में शामिल न होने की कांग्रेस की जिद भी बढ़ा रही दिक्कतें

राजीव रंजन तिवारी

जम्मू-कश्मीर में उमर अब्दुल्ला सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद अब एक ऐसे मोड़ पर है, जहां तीन खाली पदों से ज्यादा अहमियत उन राजनीतिक समझौतों की है, जिनके सहारे सरकार का अगला स्वरूप तय होगा। वहीं सरकार में शामिल न होने की कांग्रेस की जिद भी आड़े आ रही है। यूं कहें कि जम्मू कश्मीर में मंत्रिमंडल विस्तार का पेच दिल्ली में फंसा हुआ है, क्योंकि कांग्रेस के मंत्रिमंडल में शामिल होने के बारे में दिल्ली में ही निर्णय होगा।

जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के हिसाब से मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम नौ सदस्य हो सकते हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल मुख्यमंत्री समेत छह सदस्य हैं। यानी तीन स्थान खाली हैं। पांच नए चेहरों को शामिल करने की चर्चा पर अमल के लिए दो मौजूदा मंत्रियों को हटाना पड़ेगा। यही प्रस्तावित विस्तार का सबसे संवेदनशील पक्ष है। हालांकि उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने मंत्रियों के इस्तीफे की खबरों को खारिज किया है।

संभावित मंत्रियों के रूप में अब्दुल रहीम राथर, अली मोहम्मद सागर, नजीर गोरजी, अल्ताफ कल्लू और एजाज जान के नाम सामने आए हैं। इनमें चार कश्मीर संभाग और एक जम्मू संभाग से हैं। सत्तारूढ़ पार्टी नेशनल कांफ्रेंस पहली बार विधायक बने नेताओं के बजाय वरिष्ठ विधायकों को प्राथमिकता देने पर विचार कर रही है। यदि यह रणनीति अपनाई जाती है, तो संगठनात्मक अनुभव को महत्व मिलेगा, लेकिन नए चेहरों और युवा विधायकों की अपेक्षाओं पर सवाल उठेंगे।

प्रस्तावित विस्तार में पांच नए मंत्रियों को शामिल करने और दो मौजूदा मंत्रियों को हटाने की चर्चा है। लेकिन इस योजना का गणित तभी सुलझेगा, जब नेशनल कांफ्रेंस वरिष्ठ नेताओं की दावेदारी, जम्मू-कश्मीर संभागों के प्रतिनिधित्व तथा सहयोगी कांग्रेस से दूरी के बीच संतुलन बना पाएगी। इस समीकरण का दूसरा पहलू जम्मू का प्रतिनिधित्व है। 2024 के चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस ने 41 सीटें जीती थीं, जिनमें सात जम्मू संभाग से थीं। मौजूदा मंत्रिपरिषद में जम्मू और कश्मीर से तीन-तीन सदस्य हैं।

इस पूरे में मामले में नेशनल कांफ्रेंस से ज्यादा लोगों की निगाहें कांग्रेस की गतिविधियों पर टिकी हुई हैं। दरअसल, नेशनल कांफ्रेंस चाहती है कि कांग्रेस मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए हामी भरे तो अगली प्रक्रिया आरंभ हो, लेकिन कांग्रेस की ओर से हरी झंडी नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस ने राज्य में भूमि और रोजगार संबंधी अधिकारों तथा पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली तक सरकार में शामिल नहीं होने का रुख कायम रखा है।

इस संदर्भ में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी सांसद डा सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि फिलहाल सरकार में शामिल होने के बाबत कोई फैसला नहीं हुआ है।

कांग्रेस चाहती है कि जम्मू कश्मीर में भूमि और रोजगार संबंधी अधिकारों तथा पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली हो। उसके बाद ही किसी तरह का कोई फैसला होगा। उन्होंने कहा कि चूंकि कांग्रेस हर वर्ग के लिए काम करती है, इसलिए राज्य में लगातार पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है और संगठन भी सुदृढ़ हो रहा है।



जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के हिसाब से मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम नौ सदस्य हो सकते हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल मुख्यमंत्री समेत छह सदस्य हैं। यानी तीन स्थान खाली हैं। पांच नए चेहरों को शामिल करने की चर्चा पर अमल के लिए दो मौजूदा मंत्रियों को हटाना पड़ेगा। यही प्रस्तावित विस्तार का सबसे संवेदनशील पक्ष है। हालांकि उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने मंत्रियों के इस्तीफे की खबरों को खारिज किया है।

बीस साल के यातायात बोझ के लिए तैयार होंगे नए राजमार्ग व गलियारे

पंकज रोहिला

लगातार बढ़ते जा रहे यातायात बोझ की वजह से देश के प्रमुख मार्ग थोड़ी तकनीकी दिक्कत या सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में घंटों जाम का शिकार हो रहे हैं। इस जाम से भविष्य में तेज रफ्तार गलियारों और राजमार्ग को बचाने के लिए केंद्र सरकार ने नए सिरे से इन मार्ग की विस्तार योजनाओं पर काम तेज कर दिया है। योजनाओं को आने वाले बीस साल बाद (2047) के यातायात बोझ आंकलन के आधार पर तैयार किया जा रहा है। इसका कच्चा प्रारूप केंद्र सरकार ने तैयार किया है। यह माडल पर भविष्य के लिए करीब 1.4 लाख किलोमीटर की मार्ग परियोजनाओं को विकसित करने की योजनाओं पर काम शुरू किया किया।

मंत्रालय के मुताबिक, जल्द ही सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय 1.4 लाख किलोमीटर लंबे सड़क नेटवर्क के साथ राजमार्ग की जरूरत और विकास पर काम करेगा। इसके शुरुआत मूल्यांकन प्रक्रिया से की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय इन मार्ग का मूल्यांकन वार्षिक राजमार्ग विकास कार्यक्रम के तहत करेगा। इस कार्यक्रम में नए राजमार्ग के रास्ते और तेज गति वाले गलियारों की पहचान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंत्रालय की तैयारी है कि इन मार्ग पर निगरानी की व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए ताकि परियोजना समय पर पूर्ण हो और रखरखाव और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाया जा सकेगा।

इसके लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार (डीपीआर) की जा रही है। इसके लिए राजमार्ग संबंधित परियोजनाओं में शामिल ठेकेदारों व सलाहकारों की मदद से एक विस्तृत प्रारूप तैयार किया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक इस पहल का मकसद देश भर की विभिन्न अलग-अलग यूनिट को एक केंद्रीय यूनिट के तौर पर विकसित किया जाना है। इसकी मदद से योजना, सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) और गति शक्ति परियोजनाओं के बीच एक तालमेल स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसकी मदद से मंजूरी आदि प्रक्रिया से लेकर परियोजना के जमीन तक उतरने तक कार्य में तेजी लाने में मदद हासिल होगी। प्रक्रिया को अधिक आसान बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) एक कृत्रिम मेधा (एआइ) पर आधारित एक कार्य योजना का रोडमैप भी तैयार कर रहा है। इस परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखी जा सके, इसके लिए निजी सलाहकार कंपनी की तैनाती करने का भी प्रस्ताव है। यह कंपनी संबंधित परियोजनाओं के संबंध में अपनी विशेषज्ञ रिपोर्ट व सहयोग देगी। मंत्रालय की योजना के तहत 2047 तक राजमार्ग का दायरा दो से बढ़ाकर 2.30 लाख किलोमीटर तक विस्तार करने की योजना है।

इन योजना में 50 हजार किलोमीटर के तेज रफ्तार वाले गलियारे भी शामिल हैं। मंत्रालय का कहना है कि देश में अगले दस साल में बनने वाले गलियारों की पहचान मंत्रालय की प्राथमिकता है। इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। यह योजना विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की योजना का हिस्सा है। इन परियोजनाओं में अब तक राजमार्ग व अन्य परियोजनाओं की गलतियों से सीख कर इनमें सुधार की भी गुंजाइश होगी। वर्तमान में देश के अंदर जितने भी राजमार्ग है, जो कि केवल दो ही फीसद है हालांकि 40 फीसद यातायात इन राजमार्ग का प्रयोग कर रहा है।

वर्ष 2047 की कार्य योजना के आधार पर कर रही है केंद्र सरकार।
1.4 लाख किलोमीटर राजमार्ग व गलियारे इस माडल पर विकसित करने की तैयारी।
वाहनों के बढ़ते बोझ को ध्यान में रखकर तैयार की गई है योजना।

सेल्फी



श्रीनगर में मंगलवार को 'जश्न-ए-डल' के उद्घाटन के दौरान पारंपरिक पोशाक में कलाकार।

ताप वृद्धि को 1.8 डिग्री तक सीमित रखने से

बचेंगे स्वस्थ जीवन के 1.89 अरब वर्ष

सितंबर दूसरा सबसे गर्म माह रहा, तापमान 1.63 डिग्री सेल्सियस बढ़ा

जनसत्ता विशेष

वैश्विक तापमान को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने की दुनिया की कोशिश परवान नहीं चढ़ रही है। कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के संकल्पों को अमीर देश अमलीजामा पहनाने के लिए तैयार नजर नहीं आ रहे हैं। लैंसेट आयोग ने अपने नए अध्ययन में दावा किया है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को 4.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने देने के बजाय इसे लगभग 1.8 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने से भीषण गर्मी और वायु प्रदूषण जैसे कारणों से स्वस्थ जीवन के 1.89 अरब वर्षों के नुकसान को रोका जा सकता है। यह अध्ययन विश्व में तेजी से बढ़ रहे तापमान के जीवन पर खतरे की तरफ इशारा कर रहा है।

लैंसेट आयोग के शोधकर्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य पर पड़ने वाला वास्तविक बोझ इससे भी अधिक हो सकता है। उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं किए जाने पर वर्ष 2100 के बाद भी स्वास्थ्य संबंधी नुकसान बढ़ता रहेगा। इससे पलायन जैसे अन्य खतरे भी और गंभीर हो सकते हैं, जिनका असर अभी इन आंकड़ों में शामिल नहीं है। जर्मनी के बर्लिन में विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन 2026 में जारी '21वीं सदी में स्वास्थ्य के लिए वैश्विक खतरे' पर लैंसेट आयोग की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने सैकड़ों संभावित खतरों का अध्ययन किया। उन्होंने वर्ष 2025 से 2100 के बीच मानव स्वास्थ्य और अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा करने वाले 17 खतरों की पहचान की। शोधकर्ताओं ने कहा कि नीतिगत बदलावों, वित्तपोषण संबंधी फैसलों और नवाचार के जरिए इन खतरों को टाला भी जा सकता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि बीमारियों, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों, पर्यावरण में बदलाव, प्रौद्योगिकी और संघर्षों से जुड़े 17 परस्पर संबंधित विनाशकारी खतरे अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगे। हर देश इन खतरों से प्रभावित है, हालांकि खतरे के प्रकार और क्षेत्र के अनुसार उनका स्तर अलग-अलग है। हर देश में सीमित संसाधनों वाले लोगों और वंचित समुदायों पर इनका सबसे अधिक असर पड़ता है। मौजूदा असमानताओं के कारण उनकी मुश्किलें और बढ़ जाती हैं।

रिपोर्ट में परमाणु संघर्ष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल को ऐसे दो खतरों के रूप में पहचाना गया, जिनसे मानव अस्तित्व समाप्त होने का जोखिम है, हालांकि इनके घटित होने की आशंका कम आंकी गई है। संभावित प्रभाव और खतरे की आशंका, दोनों को ध्यान में रखते हुए, परमाणु संघर्ष रोकने के लिए कदम उठाने से वर्ष 2100 तक अनुमानित 13.3 करोड़ मौतों और स्वस्थ जीवन के 9.35 अरब वर्षों के नुकसान को टाला जा सकता है। वहीं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल का खतरा कम करने के लिए कदम उठाने से स्वस्थ जीवन के अनुमानित 10.4 अरब वर्षों के नुकसान को रोका जा सकता है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य माप एवं मूल्यांकन संस्थान के निदेशक और आयोग के सह-अध्यक्ष क्रिस्टोफर जेएल मरे ने कहा, 'चौंकाने वाली बात सिर्फ इन खतरों का व्यापक असर नहीं है, बल्कि यह भी है कि मानवता के पास अब भी इनसे निपटने के लिए कदम उठाने का विकल्प है। इन सभी 17 विनाशकारी खतरों के मामले में आज नेताओं द्वारा लिए गए फैसले अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करेंगे। हालांकि, कार्रवाई में देरी करने से केवल भविष्य में इसकी कीमत बढ़ेगी और इसका बोझ आगे के लिए टल जाएगा।'



बर्लिन में विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन 2026 में जारी '21वीं सदी में स्वास्थ्य के लिए वैश्विक खतरे' पर लैंसेट आयोग की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने सैकड़ों संभावित खतरों का अध्ययन किया। उन्होंने वर्ष 2025 से 2100 के बीच मानव स्वास्थ्य और अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा करने वाले 17 खतरों की पहचान की। शोधकर्ताओं ने कहा कि नीतिगत बदलावों, वित्तपोषण संबंधी फैसलों और नवाचार के जरिए इन खतरों को टाला भी जा सकता है।

जनसत्ता ब्यूरो

सितंबर 2026 अब तक दर्ज किया गया दुनिया का दूसरा सबसे गर्म सितंबर रहा। यूरोपीय जलवायु निगरानी संस्था कापरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) के मुताबिक इस महीने वैश्विक औसत सतही वायु तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर (1850-1900) से 1.63 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसके साथ ही 2026 में लगातार दूसरे महीने वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा से ऊपर दर्ज किया गया।

कापरनिकस की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में 60 डिग्री दक्षिण से 60 डिग्री उत्तर अक्षांश के बीच समुद्र की सतह का औसत तापमान इस महीने के लिए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी दौरान भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति मजबूत होने के संकेत मिले। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि यह अब तक की सबसे शक्तिशाली अल नीनो घटनाओं में से एक हो सकती है। यूरोप में सितंबर के दौरान असामान्य गर्म और शुष्क मौसम बना रहा।

यह पूरे यूरोप के लिए अब तक का तीसरा सबसे गर्म सितंबर रहा, जबकि पश्चिमी यूरोप में सितंबर का तापमान संयुक्त रूप से रिकार्ड स्तर पर दर्ज किया गया। पश्चिमी और मध्य यूरोप के बड़े हिस्सों के अलावा पूर्वी यूरोप के कुछ क्षेत्रों में भी सूखे की स्थिति गंभीर बनी रही। अगस्त की तुलना में कई इलाकों में सूखे का असर बढ़ गया। यूरोप की लंबे समय तक बारिश की कमी के कारण यूरोप की कई प्रमुख नदियों में जल प्रवाह बेहद कम हो गया। इससे कई देशों में जल परिवहन, जलापूर्ति और कृषि प्रभावित हुई जिसमें भारत भी शामिल है।

हालांकि, सितंबर के अंतिम दिनों में हुई बारिश से कुछ क्षेत्रों को राहत मिली। उत्तरी और उत्तर-पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्सों तथा तुर्किये में औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, अंटार्कटिका के आसपास समुद्री बर्फ का विस्तार सर्दियों के वार्षिक अधिकतम स्तर पर पहुंचा, लेकिन यह रिकार्ड में तीसरा सबसे कम स्तर रहा। कापरनिकस के आंकड़े वैश्विक तापमान में लगातार हो रहे बदलाव और क्षेत्रीय स्तर पर गर्मी, सूखे तथा समुद्री परिस्थितियों के प्रभाव को रेखांकित करते हैं।



कापरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के मुताबिक अल नीनो की स्थिति मजबूत होने के संकेत, समुद्र की सतह का तापमान रिकार्ड स्तर पर।

चिंतन

त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

त्योहारों का मौसम व्यापारियों के लिए केवल बिक्री बढ़ने का अवसर नहीं, बल्कि सालभर की कमाई और आर्थिक स्थिरता का भी अहम समय होता है। ऐसे में कारोबार पर अतिरिक्त लागत का बोझ डालने वाले फैसले हों या सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बाजारों तक ग्राहकों की पहुंच बाधित हो, दोनों का सीधा असर व्यापार पर पड़ता है। यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला व्यापारियों के लिए फिलहाल राहत लेकर आया है। वहीं, दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों से कारोबार प्रभावित होने का मुद्दा हाईकोर्ट तक पहुंचना बताता है कि आर्थिक गतिविधियों को निर्बाध बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। यूपीआई देश में डिजिटल भुगतान की सबसे सहज व्यवस्थाओं में शामिल है। इसकी लोकप्रियता का आधार इसकी सरलता, त्वरित लेनदेन और अतिरिक्त शुल्क की चिंता के बिना भुगतान करने की सुविधा है। रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी तक, इस व्यवस्था ने डिजिटल अर्थव्यवस्था को व्यापक आधार दिया है। ऐसे में 2000 रुपये से अधिक के भुगतान पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाने का प्रस्ताव व्यापारियों के लिए नई लागत खड़ी करता है। भले ही यह शुल्क सीधे ग्राहक से नहीं, बल्कि निर्धारित शर्तों के तहत व्यापारी से लिया जाना हो, लेकिन कारोबार की लागत बढ़ने पर उसका अप्रत्यक्ष असर ग्राहकों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है। दिवाली तक शुल्क टालने से फिलहाल कारोबारियों को राहत मिली है। केवल समयसीमा आगे बढ़ा देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। यदि शुल्क लागू करने का प्रस्ताव बरकरार है, तो सरकार और संबंधित संस्थाओं को इसके औचित्य, वास्तविक लागत और छोटे कारोबारियों पर पड़ने वाले प्रभाव को स्पष्ट करना चाहिए। वहीं दिल्ली में विरोध प्रदर्शनों के कारण कारोबार प्रभावित होने का मामला इस बहस का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी वालों और वकीलों की याचिकाओं पर हाईकोर्ट द्वारा केंद्र सरकार से जवाब मांगना बताता है कि राजधानी में प्रदर्शन और जनजीवन के बीच संतुलन का प्रश्न गंभीर हो चुका है। यातायात बाधित होने, बैरिकेडिंग और बाजारों तक पहुंच मुश्किल होने से व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। त्योहारों के दौरान होने वाली बिक्री अनेक छोटे कारोबारियों के लिए पूरे साल की आर्थिक जरूरतों से जुड़ी होती है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि उनके विरोध का असर केवल सरकार या संबंधित संस्था तक सीमित नहीं रहता; उसकी कीमत आम नागरिक, दुकानदार, कर्मचारी और रोज कमाकर खाने वाले लोग भी चुकाते हैं। त्योहारी सीजन में व्यापारियों को राहत देने के लिए नीतिगत स्थिरता और निर्बाध कारोबारी माहौल दोनों जरूरी हैं। सरकार को शुल्क संबंधी प्रस्ताव पर पारदर्शी ढंग से पुनर्विचार करना चाहिए, जबकि राजनीतिक दलों और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विरोध और व्यवस्था के बीच संतुलन बना रहे। आर्थिक गतिविधियों को नीतिगत अनिश्चितता और राजनीतिक टकराव की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता। त्योहारों की असली रौनक तभी कायम रहेगी, जब बाजारों में ग्राहक बेझिझक पहुंच सकें, व्यापारी बिना अतिरिक्त दबाव के कारोबार कर सकें और लोकतांत्रिक अधिकारों का इस्तेमाल दूसरों की रोजी-रोटी बाधित किए बिना हो।

देश में लोकतंत्र बनाम अराजकता

> लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है?

लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, किंतु विरोध के नाम पर देश को बंधक बनाने का अधिकार किसी को नहीं है। पिछले कई दिनों से लगातार दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में जो कुछ हो रहा है, उसने एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा कर दिया है - यह लोकतंत्र है या अराजकता? या लोकतंत्र के नाम पर अराजकता? लोकतंत्र शब्द आज सबसे ज्यादा बोला जाने वाला शब्द है। संसद से सड़क तक, टीवी स्टूडियो से सोशल मीडिया तक हर कोई लोकतंत्र की दुहाई दे रहा है। पर सवाल यह है कि क्या जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र है? क्या हर दिन संसद को बाधित करना लोकतंत्र है? क्या चुनी हुई सरकार को काम ही नहीं करने देना लोकतंत्र है? क्या विदेशी धरती पर जाकर देश की संस्थाओं को बदनाम करना लोकतंत्र है? इन सवालों का जवाब खोजना जरूरी है, क्योंकि आज देश एक चौराहे पर खड़ा है।

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार है जो लोकतंत्र को उसकी जड़ों तक मजबूत कर रही है, और दूसरी तरफ एक ऐसा वर्ग है जो लोकतंत्र के नाम पर अराजकता को अपना हथियार बना रहा है। इसलिए आज लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाने की साजिश को समझने का वक्त है। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र का पहला अर्थ है - संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान। पर आज क्या हो रहा है? विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही है। सवाल पूछा जाना चाहिए - क्यों? क्या इसलिए कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का फैसला लिया है? लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव जीतना या हारना नहीं है। लोकतंत्र का अर्थ है - जनता के जनादेश का सम्मान। 2014 में और फिर 2019 और 2024 में इस देश की जनता ने स्पष्ट जनादेश दिया। जनता ने कहा कि हमें स्थिरता चाहिए, विकास चाहिए, सुशासन चाहिए। मोदी सरकार ने इसी जनादेश को अपना धर्म माना। क्या लोकतंत्र यह है कि अनुच्छेद 370 जैसे 70 साल पुराने नासूर को संसद में बहस के बाद लोकतांत्रिक तरीके से हटाया जाए? मोदी सरकार ने लोकतंत्र को पांच सितारा होटलों के सेमिनार से निकालकर गांव की चौपाल तक पहुंचाया है। यह लोकतंत्र है कि आज संसद में हर बिल पर खुली बहस होती है। वोटिंग होती है। यह लोकतंत्र है कि आज कैबिनेट के फैसले किसी एक परिवार के ड्राइंग रूम में नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से होते हैं। जो लोग आज लोकतंत्र खतरे में है, का शोर मचा रहे हैं, उन्हें याद करना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में तब था, जब 1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था। लोकतंत्र खतरे में तब था जब प्रेस पर सेंसरशिप थी। आज लोकतंत्र खतरे में नहीं है, बल्कि आज लोकतंत्र सबसे ज्यादा सुरक्षित हाथों में है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज प्रधानमंत्री खुद संसद में घंटों खड़े होकर विपक्ष के हर सवाल का जवाब देते हैं। यही तो लोकतंत्र है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण तो लोकतंत्र की सबसे पहली शर्त है। फर्जी मतदाता हटें।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम कटें। एक व्यक्ति का नाम दो जगह से मिटे। यह तो हर लोकतंत्र-प्रेमी चाहेगा। पर जब चुनाव आयोग यही काम करने चलता है, तो उसी पर हमला बोला जाता है। ज्ञानेश कुमार जैसे



अधिकारी पर इस्तीफे का दबाव बनाया जाता है। क्या यही लोकतंत्र है? यह लोकतंत्र नहीं। यह चुनाव आयोग को डराने की कोशिश है। मोदी सरकार ने हमेशा चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को स्वतंत्र रखा है। 2014 के बाद से चुनाव आयोग ने जैसे-जैसे पारदर्शिता बढ़ाई, वैसे-वैसे चुनाव और ज्यादा निष्पक्ष हुए। या यह अराजकता है ?इसका जवाब दिल्ली की सड़कों पर दिखा। गहन पुलिस प्रबंधन के बावजूद...!पूरी तैयारी के बावजूद...! प्रदर्शनकारियों द्वारा पथराव किया गया । इसमें 6 से अधिक पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। जो पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा में लगे हैं, उन पर पत्थर फेंकना क्या लोकतांत्रिक विरोध है? यह सीधी अराजकता है । दिल्ली पुलिस ने कानून के दायरे में रहकर 7 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। इनमें दीपके समेत विपक्षी दलों से जुड़े चार पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। सोचिए, चार पूर्व मुख्यमंत्री अगर सड़क पर अराजकता फैलाएंगे तो आम कार्यकर्ता क्या करेगा? यह आंकड़ा ही बताता है कि यह कोई स्वतः स्फूर्त जन-आंदोलन नहीं था। यह प्रायोजित अराजकता थी। या यह लोकतंत्र के नाम पर अराजकता है? यह सबसे खतरनाक स्थिति है। लोकतंत्र के नाम पर अराजकता फैलाना। दिल्ली के अलावा इसका प्रभाव अन्य शहरों में भी देखा गया। पटना, कोलकाता, लखनऊ, हैदराबाद में भी सांकेतिक जाम और प्रदर्शन की कोशिश हुई। मकसद एक ही था - जनजीवन को बाधित करो, ताकि सरकार पर दबाव बने। मूल मुद्दा क्या है? चुनाव आयोग या कुछ और? असली मुद्दा न तो ज्ञानेश कुमार हैं, न ही मतदाता सूची।

असली मुद्दा है - मोदी सरकार के सुशासन से ध्यान भटकाना। विपक्ष जानता है कि वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला विकास के मुद्दे पर नहीं कर सकता। इसलिए वह हर चुनाव सुधार को विवादित बनाता है। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण से किसे डर लग रहा है? उसी को जिसे फर्जी वोटों के सहारे जीतने की आदत है। मोदी सरकार का मंत्र साफ है - एक राष्ट्र, एक चुनाव सूची, शुद्ध चुनाव सूची। लोकतंत्र में अंतिम फैसला सड़क पर नहीं, संसद में होता है। दिल्ली में आंदोलन के बावजूद आम चुनावों में भाजपा जीती। यह सबसे बड़ा जवाब है। दिल्ली की जनता ने सड़क की अराजकता को नकार दिया। नंदीग्राम में भी भाजपा जीती। एक ऐसा क्षेत्र जहां 70 प्रतिशत से भी ज्यादा अल्पसंख्यक मतदाता हैं, वहां भी भाजपा 70 हजार से अधिक मतों से जीती। यह बताता है कि अल्पसंख्यक भी अब अराजकता की राजनीति से ऊब चुके हैं और मोदी के विकास वाले लोकतंत्र पर भरोसा कर रहे हैं। पांडिचेरी में भी एनडीए जीती। यह जीत दक्षिण में भी लोकतंत्र की जीत है। तात्पर्य बिल्कुल साफ है। भारतीय लोकतंत्र ने अराजकता की प्यास को बुझा दिया है। जनता ने बता दिया है कि वह पथराव वाली राजनीति नहीं चाहती। वह विकास वाली राजनीति चाहती है।

अतः हमारा स्पष्ट सुझाव है कि किसी भी कीमत पर राजनीतिक टकराव के बीच जनजीवन बाधित होना किसी के हित में नहीं है। लोकतंत्र में टकराव होना चाहिए - विचारों का टकराव, नीतियों का टकराव, पर सड़क पर टकराव से आम आदमी को क्यों सजा मिले? स्कूल की बस रोकी जाए? एंबुलेंस फंसी रहे? दुकानदार का धंधा बंद हो? यह कौन सा लोकतंत्र है? देश संसद से चलेगा। सड़क से नहीं। यह बात विपक्ष को समझनी होगी। अगर आपको मतदाता सूची पर आपत्ति है तो चुनाव आयोग के पास जाइए।कोर्ट में जाइए।संसद में चर्चा कीजिए। पर सड़क पर पत्थर फेंककर आप लोकतंत्र को मजबूत नहीं, कमजोर कर रहे हैं।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



अवसाद का घेरा कसता वर्चुअल स्टारडम

हाल में मध्य प्रदेश के सिंगरौली में एक चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने आत्महत्या कर ली। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सोलह लाख फॉलोअर्स और ब्यूटी क्वीन के नाम से मशहूर इंफ्लुएंसर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सोशल मीडिया पर डाली गई आखिरी पोस्ट के अनुसार 30 साल की यह इंफ्लुएंसर खुद को प्यार में ठगा हुआ महसूस कर रही थी। कुछ समय पहले हरियाणा के गुरुग्राम में भी फ्रीलांसर रेडियो जॉकी सिमरन सिंह ने खुदकुशी कर ली थी। सोशल मीडिया पर 'जम्मू की धड़कन' के नाम से भी चर्चित इस इंफ्लुएंसर के इंस्टाग्राम पर करीब 6.82 लाख फॉलोअर्स थे। तकलीफदेह है कि स्क्रीन को ही अपना संसार बना चुके बहुत से युवक-युवतियां जीवन के व्यावहारिक धरातल से दूर हो रहे हैं। अपने अनुसरणकर्ताओं को जीवन की समस्याओं से जूझने के मंत्र देने वाले कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर स्वयं अवसाद और अकेलेपन के घेरे में हैं। एकतरफा संवाद वाल इनका संसार स्वयं ही सब कुछ कहने-बताने-दिखाने वाला कंटेंट परोसने तक सिमट जाता है। आभासी स्टारडम के कसते घेरे में अपने स्वजनों- परिजनों तक दूर हो जाते हैं। स्मार्ट स्क्रीन को अपनी दुनिया बना चुके सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पास कोई भावनात्मक सहारा नहीं होता। साथ ही सोशल मीडिया मंचों का बदलता एल्गोरिदम भी उनकी मनःस्थिति पर गहरा असर डालता है। एक ओर हर पोस्ट के वायरल होने का तनाव तो दूसरी ओर लोकप्रियता को बनाए रखने का दबाव। एक बार वर्चुअल दुनिया में अपना ठिकाना बना लेने के बाद सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पर बहुत दबाव रहता है। आभासी चमक-दमक वाले संसार में अपनी ऑनलाइन उपस्थिति बनाये रखना भी एक समय बाद मन-जीवन को असहज करने लगता है। चिंतनीय है कि डिजिटल क्रिएटर युवा सहज परिवेश और परिवार से ही दूर हो जाते हैं। एक ओर फॉलोअर्स की बढ़ती संख्या एक अहंकारी भाव से भर देती है तो दूसरी ओर अनुसरणकर्ताओं के घटने की स्थिति का सामना भी नहीं कर पाते। पिछले साल इंफ्लुएंसर मीशा अग्रवाल ने भी इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की संख्या घटने के कारण ही आत्महत्या कर ली थी। ईकीगाई लॉ की एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे देश के 40 लाख से ज्यादा कंटेन्ट क्रिएटर्स में से 80 प्रतिशत सप्ताह में कम से कम एक बार भारी तनाव महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, लगातार सामग्री बनाना भी मुश्किल काम होता है। यही रिपोर्ट बताती है कि करीब 62 प्रतिशत बर्नआउट रिपोर्ट करते हैं। साथ ही 52 फीसदी कंटेन्ट क्रिएटर्स अपने काम से जुड़ी एंग्जायटी से जूझते हैं। दुखद है कि घर-परिवार का आयोजन हो या देश की कोई घटना-दुर्घटना। आभासी संसार में छाए रहने के फेर में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सही गलत का अंतर भी भूल रहे हैं। वीडियो बनाते हुए खुद दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। महिलाएं अभद्र कंटेन्ट बना रही हैं। जेन जी असभ्य भाषा बोलकर फॉलोवर्स बढ़ाने की जुगत करते दिखते हैं। सब कुछ मन मुताबिक करने की यह मानसिकता और व्यवहार अवसाद की ओर धकेलने वाला ही है।स्पष्ट है कि युवाओं का आभासी संसार में मौजूदगी के बावजूद अपने असली व्यक्तित्व और भावनाओं को समझना आवश्यक है। वर्चुअल और असल जीवन में संतुलन साधना जरूरी है। इसके लिए फॉलोअर्स की अपेक्षाओं के दबाव में नकलीपन ओढ़ने से बचना और अपनों के साथ संवाद करना होगा। हर वीडियो क्लिप या रील में खूबसूरत, खुशदिल और सक्रिय दिखने का दबाव कई बार जीवन पर भारी पड़ता है। बीते दिनों भी देखने में आया था कि अपने अनुसरणकर्ताओं का आंकड़ा बढ़ाने की जुगत करने वाले बहुत से इंफ्लुएंसर जंतर-मंतर पहुंचे थे।जबकि विचित्र भाषा और गीत-संगीत के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने वाले ये आभासी चेहरे ऐसे प्रदर्शनों का विषय तक ठीक से नहीं जानते थे। चिंतनीय है कि नई पीढ़ी की एक बड़ी आबादी इस वर्चुअल घेरे में आ रही है। जीवन का हर पल स्क्रीन में समेटने की आदत मानसिक रूप से थका देती है। व्यक्तिगत सुख-दुख भी कंटेंट का हिस्सा बनाने वाले इन चेहरों के भीतर एक अकेलापन पसरता जाता है। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म, क्वोरोज़, की एक रिपोर्ट के अनुसार कैमरे के पीछे की असलियत मानसिक स्वास्थ्य संकट, वित्तीय अस्थिरता और एल्गोरिदम के दबाव से घिरी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि पिछले 4 साल में हमारे यहां इन्फ्लुएंसर्स की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। यह संख्या 2020 के 9.6 लाख से बढ़कर 2024 में 40.6 लाख हो गई। ऐसे में इंफ्लुएंसर्स की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उनके साथ होने वाली आपराधिक घटनाओं के साथ ही आत्महत्या के मामले भी बढ़ रहे हैं।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कई परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।


मृत्यु एक अटल सत्य है



संकलित
प्रेरणा

एक राधेश्याम नामक युवक था। उसका छोटा सा परिवार था जिसमें उसके माता-पिता, पत्नी एवम दो बच्चे थे। उसके इन्ही गुणों के कारण श्री कृष्ण उससे बहुत प्रसन्न थे और सदैव उसके साथ रहते थे। और राधेश्याम अपने कृष्ण को देख भी सकता था और बाते भी करता था। इसके बावजूद उसने कभी ईश्वर से कुछ नहीं मांगा। एक दिन राधेश्याम के पिता की तबियत अचानक ख़राब हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। उसने सभी डॉक्टर्स के हाथ जोड़े। अपने पिता को बचाने की मिन्नते की। लेकिन सभी ने उससे कहा कि वो ज्यादा उम्मीद नहीं दे सकते। और सभी ने उसे भगवान पर भरोसा रखने को कहा। तभी राधेश्याम को कृष्ण का ख्याल आया और उसने अपने कृष्ण को पुकारा। कृष्ण दौड़े चले आये। राधेश्याम ने कहा- मित्र! तुम तो भगवान हो मेरे पिता को बचा लो। कृष्ण ने कहा- मित्र! ये मेरे हाथों में नहीं हैं। इस पर राधेश्याम नाराज हो गया। तब भगवान कृष्ण ने उससे कहा- मित्र! मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं राधेश्याम ने तुरंत पूछा कैसा कार्य? कृष्ण ने कहा- तुम्हे! किसी एक घर से मुट्ठी भर ज्वार लानी होगी और ध्यान रखना होगा कि उस परिवार में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। राधेश्याम हर घर गया पर वहां ज्वार तो होती लेकिन ऐसा कोई नहीं होता जिनके परिवार में किसी की मृत्यु ना हुई हो। दो दिन तक भटकने के बाद राधेश्याम को अहसास हुआ कि मृत्यु एक अटल सत्य है। इसका सामना सभी को करना होता है। और वो अपने व्यवहार के लिए कृष्ण से क्षमा मांगता हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

जरूरी है सुरक्षित घर

आपदा कभी चेतावनी देकर नहीं आती, लेकिन उससे होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम आपदा आने के बाद राहत और बचाव की तैयारी करने के बजाय पहले से ही जोखिमों को पहचानें, सुरक्षित निर्माण को प्राथमिकता दें और प्रत्येक नागरिक को आपदा से निपटने के लिए तैयार करें। इसी उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम थी : लचीलापन घर से शुरू होता है। संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय द्वारा निर्धारित यह विषय इस बात पर जोर देता है कि आपदाओं से सुरक्षा की शुरुआत हमारे अपने घर, परिवार और आसपास के वातावरण से होती है।

- बिजेंद्र शर्मा, रोहतक

ट्रेंड

कांग्रेस महिला विरोधी



राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का महिला-विरोधी चेहरा एक बार फिर देश के सामने है। एक विरोध प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महीने की गर्भवती महिला पत्रकार श्रद्धा पाराशर के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटना बेहद निंदनीय है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी वफादार नहीं



जिन्होंने भगवान का पैसा चुराया और खुद भगवान को भी धोखा दिया, वे भला उन डॉक्टरों को क्या बख्शेंगे जो इस धरती पर भगवान का रूप है, भले ही वे बीजेपी के सदस्य हों? बीजेपी पैसे के अलावा किसी के प्रति वफादार नहीं है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

बीजेपी को करारा जवाब



भदरोथ जिला पंचायत उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की ऐतिहासिक जीत इस बात का सबूत है कि गुजरात के किसानों का भरोसा अब मजबूती से 'आप' के साथ जुड़ रहा है। किसानों को न्याय न देने वाली बीजेपी सरकार को करारा जवाब मिला है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

चुनाव आयोग में गड़बड़ियां




चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। यह एक स्वतंत्र संस्था है। हालांकि, इसे स्वतंत्र रूप से फैसले लेने नहीं दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के दो सदस्यों ने खुलकर बताया है कि आयोग कैसे काम कर रहा है, उसमें किस तरह की गड़बड़ियां हो रही हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी, रूस जिम्मेदार

पोलैंड ने सितंबर में स्टारलिंक उपग्रह स्टेशन में आगजनी की घटना के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया है और स्टेशन को नुकसान पहुंचाने के संबंध में तुर्किये के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। पोलैंड के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि संदिग्धों को जर्मनी में गिरफ्तार किया गया। पोलैंड के निजता संबंधी नियमों के कारण उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। आरोपियों पर 23 सितंबर को वारसॉ से करीब 40 किलोमीटर दक्षिण में स्थित वोला क्रोबोव्स्का में स्टारलिंक के बुनियादी ढांचे में जानबूझकर आग लगाने का आरोप है। खुफिया सेवाओं की निगरानी करने वाले पोलैंड के मंत्री तोमाश सिएमोनियाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'हमें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि उपग्रह को नुकसान पहुंचाने की इस घटना के पीछे रूसी खुफिया सेवाओं का हाथ है।' उन्होंने कहा कि रूसी खुफिया सेवाएं आपराधिक दुनिया से जुड़े लोगों का तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस घटना को 'हाइब्रिड युद्ध का एक और कृत्य' बताया। इस संबंध में अन्य विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सके।

ऑफ बीट

मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29.5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की



नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्कैडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्कैडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है। वर्ष 2021 के एक अध्ययन में पाया गया कि अर्जेंटीना की टोबा स्वदेशी समुदायों में लोग पूर्णिमा (फुल मून) से पहले की तीन से पांच रातों में 30 से 80 मिनट देर से सोने जाते थे।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

नशाखोरी से लड़े पंजाब

पंजाब के मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परमिंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या दुखद वारदात तो है ही, बेहद चिंताजनक भी है। इस घटना से पंजाब में 'ड्रग्स' की समस्या एक बार फिर उभरकर सामने आई है। जैसे कि प्रारंभिक ब्योरे हैं, झोटा को एक स्थानीय दवा दुकान मालिक ने सामने से गोली मार दी, क्योंकि वह उसकी दुकान से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की हो रही बिक्री का विरोध कर रहे थे। झोटा ने साल 2023 से ही नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी थी और इसके कारण वह कई ड्रग्स तस्करों व बेईमान दवा दुकानदारों के निशाने पर थे। चूंकि वह खुद इस दलदल से बड़ी मुश्किल से बाहर निकले थे, इसलिए सूबे के नौजवानों को इसकी गिरफ्त में फंसते हुए नहीं देख सकते थे और इसीलिए अनेक मुकदमों के बावजूद वह अपने मिशन में लगे रहे। बहरहाल, यह कोई पहली घटना नहीं है, जिससे पंजाब में नशे के कारोबारियों के बढ़े हौसले की तस्दीक होती हो। अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब जालंधर जिले के लखनपाल में नशा विरोधी मुहिम के एक सक्रिय कार्यकर्ता राम गोपाल की हत्या कर दी गई थी। राम गोपाल के कत्ल को रात के अंधेरे में अंजाम दिया गया था, मगर झोटा को दिन की रोशनी में मार डाला गया।

विडंबना देखिए। पिछले कई विधानसभा चुनावों से पंजाब में ड्रग्स की समस्या एक निर्णायक मुद्दा बनता रहा है, मगर अकाली दल-भाजपा गठबंधन सरकार हो या कांग्रेस की कैप्टन अमरिंदर सिंह-चरणजीत सिंह चन्नी सरकार या आम आदमी पार्टी की भगवंत सिंह मान सरकार, किसी ने इस समस्या से निपटने में अपनी पूरी इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। चन्नी सरकार को तो खैर बहुत वक्त नहीं मिल सका, मगर मौजूदा सरकार तो अपने कार्यकाल पूरे करने जा रही है। आखिर जो पंजाब खालिस्तानी आतंकवाद पर सफलतापूर्वक नियंत्रण करके देश-दुनिया के सामने मिसाल पेश कर सकता है, उसे ड्रग्स की समस्या से निपटने में मुश्किलें क्यों पेश आ रही हैं? पंजाब वह प्रांत है, जहां के नौजवानों ने भारतीय सेना में शौर्य और बलिदान के बेमिसाल उदाहरण पेश किए हैं; जहां के किसानों ने अपने खेतों में समृद्धि की फसलें ही नहीं उगाईं, बल्कि देश से भुखमरी के खात्मे में अहम भूमिका भी निभाई हैं। वहां की नौजवान पीढ़ी को नशे का घुन लगता गया है, तो यह सबके लिए सतर्क होने की बात है। गौर कीजिए, इसी साल जून में राज्यसभा में सरकार ने एक सवाल के जवाब में यह बताया था कि साल 2025 में ड्रोन के जरिये मादक पदार्थों की तस्करी की जो 305 घटनाएं दर्ज की गई थीं, उनमें से 298 घटनाएं केवल पंजाब सीमा पर हुईं। इनमें भारी मात्रा में हेरोइन, मेथाम्फेटामाइन और अफीम शामिल हैं।

जो पंजाब आतंकवाद पर सफलतापूर्वक नियंत्रण करके एक मिसाल पेश कर सकता है, उसे ड्रग्स की समस्या से निपटने में मुश्किलें क्यों पेश आ रही हैं?

साफ है, पंजाब सरकार को इस समस्या को बेहद गंभीरता से लेना होगा। अगर इस राज्य में औषधि नियंत्रण विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो अपना काम मुस्तैदी और पूरी ईमानदारी से कर रहे होते, तो परमिंदर सिंह झोटा जैसे नौजवानों को अपनी जान दांव पर लगाने की जरूरत क्यों पड़ती? यह समय, राजनीतिक दोषारोपण का नहीं है। पंजाब के पूरे राजनीतिक वर्ग और समाज को इस जानलेवा बुराई के खिलाफ एकजुट होने का समय है। यह उनकी नस्लों के भविष्य का मामला है और इसे सिर्फ सरकारी महकमों के ऊपर नहीं छोड़ा जा सकता। जितने भी धार्मिक-सांस्कृतिक इदारे हैं, अगर वे भी इसके खिलाफ दृढ़ता दिखाएं, तो नशे की समस्या को नासूर बनने से रोका जा सकता है। झोटा जैसों के बलिदान की सार्थकता इसी में है।

रूस के आगे फिर नरम पड़ा अमेरिका



अनिल त्रिगुणायत | पूर्व राजनयिक

डीजल की कमी से अमेरिका में कृषि क्षेत्र और माल ढुलाई वाली व्यवस्थाओं पर भारी दबाव पैदा हो गया था। इससे वहां महंगाई दर बढ़कर 3.4 फीसदी हो गई थी। ट्रंप परेशान थे।



रूस से 'डीजल समझौता' करके अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साथ कई समस्याओं से पार पाने का प्रयास किया है। इस समझौते के तहत मॉस्को तुरंत तीन लाख टन डीजल वाशिंगटन को देगा और फिर नवंबर में पांच लाख टन। अगली आपूर्ति में यह आंकड़ा बढ़कर 10 लाख टन तक हो जाएगा। घरेलू और भू-राजनीति, दोनों लिहाज से ट्रंप को इस समझौते की जरूरत थी।

यह सही है कि अमेरिका खुद रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का उत्पादन करता है, फिर भी वैश्विक उथल-पुथल के कारण वहां डीजल की कीमतें जबर्दस्त रूप से बढ़ गई हैं। सितंबर में तो डीजल का खुदरा मूल्य पहली बार छह डॉलर प्रति गैलन के पार चला गया था। चूंकि वहां की रिफाइनरियां भी कई चुनौतियों से जूझ रही हैं, इसलिए वे भी पूरी क्षमता से काम नहीं कर पा रहीं।

दिक्कत यह थी कि डीजल की कमी कृषि क्षेत्र पर दबाव बना रही थी और माल ढुलाई वाली व्यवस्थाओं पर भी। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था और महंगाई दर बढ़कर 3.4 फीसदी हो गई थी। इस साल की दूसरी तिमाही में जब वैश्विक आपूर्ति शृंखला में गिरावट आई थी, तब अमेरिका ने दुनिया के तमाम देशों को रूस और ईरान से तेल खरीदने पर एक महीने की छूट दी थी। इसका कुछ असर हुआ था, लेकिन बाद में उसकी बंदिशें खुद उसी पर भारी पड़ने लगीं।

ताजा समझौते की एक बड़ी वजह घरेलू राजनीति है। असल में, नवंबर में अमेरिका में कांग्रेस के मध्यावधि चुनाव होने वाले हैं। इसमें हार से राष्ट्रपति ट्रंप के सांविधानिक अधिकारों में कटौती हो सकती है, इसलिए वह जोखिम मोल नहीं लेना चाहते। चूंकि लोग बढ़ती कीमतों से परेशान हैं, इसलिए ट्रंप प्रशासन डीजल खरीदकर उनकी मुश्किलें कुछ कम करना चाहता है।

हालांकि, अमेरिका के सामने एक बड़ी चुनौती यूक्रेन को संभालने की है। पिछले दिनों कीव ने दावा किया था कि उसने महज सितंबर में रूस की 16 बड़ी रिफाइनरियों को निशाना बनाया है। बेशक, रूस के पास तेल का अच्छा-खासा भंडार मौजूद है, पर खुद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने माना कि इन हमलों से रूस की रिफाइनिंग क्षमता को कुछ नुकसान उठाना पड़ा है। यूक्रेन इसे जीडीपी का 51 फीसदी तक बता रहा है।

यह स्थिति भारत जैसे देशों के लिए फायदेमंद है। अगर अमेरिका खुद रूस से तेल आयात करेगा, तो वह उससे तेल खरीदने वाले अन्य देशों पर प्रतिबंध नहीं लगा सकेगा। गौरतलब है, पिछले पखवाड़े 'ग्राहम ऐक्ट' के जरिये अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार मिल गया है कि वह रूस से कच्चा तेल व गैस खरीदने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगा सकें। यह एक ऐसा कानूनी अधिकार है, जिसे अमेरिका की किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। चूंकि भारत अपनी जरूरत का करीब 40 फीसदी तेल मॉस्को से खरीदता है, इसलिए इस कानून के माध्यम से व्हाइट हाउस नई दिल्ली पर निशाना साधने के प्रयास में था।

हालांकि, रूस से डीजल समझौते के बाद अमेरिका की यूरोप-नीति पर सवाल उठने लगे हैं। यह जगजाहिर है कि राष्ट्रपति ट्रंप यूरोपीय देशों को अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर 'भार' समझते हैं। पहले कार्यकाल में भी उन्होंने यूरोपीय संघ को अपनी सुरक्षा खुद करने और अपने जीडीपी का पांच फीसदी हिस्सा रक्षा मद में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो दो फीसदी है। अब भी वह भलमनसाहत दिखाने के मूड में नहीं दिखते।

अमेरिका की चिंता उसके कम होते हथियार भंडार भी हैं, जो पहले यूक्रेन-रूस युद्ध और फिर ईरान में खर्च होते रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप मानते हैं कि यूरोपीय संघ की शह पर ही यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की युद्ध को उन्मुख हुए। इसीलिए अब जेलेंस्की सरकार को वह गैरकानूनी तक बताने लगे हैं, क्योंकि वहां चुनाव को टले ढाई साल हो गए हैं। इसके बरअक्स, पिछले महीने ही रूस में पुतिन ने बड़ी जीत हासिल की है। ऐसे में, यूरोप की चुनौती जेलेंस्की का बचाव करने के साथ-साथ डीजल समझौते के खिलाफ अपनी आपत्तियां पुरजोर तरीके से रखने की भी है।

यहां कालिनिनग्राद का जिक्र लाजिमी है। यह बाल्टिक सागर में स्थित एक 'सेमी-एक्सक्लेव' है, जो यूरोप के बेहद नजदीक है। यहां रूस का नौसैन्य ठिकाना है, जहां उसकी पनडुब्बिया तैनात हैं। पिछले दिनों इसे लेकर इसलिए तनाव भड़क उठा, क्योंकि मॉस्को का मानना था कि नाटो इसे रूस से अलग-थलग करने की कोशिशें कर रहा है। उसने धमकी दी कि अगर वह अपने प्रयासों को नहीं रोकेगा, तो वह परमाणु हमला करने से भी गुरेज नहीं करेगा। आज भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। अमेरिका इस समझौते के बहाने हालात संभालने की कोशिशें कर सकता है।

वैसे, रूस के अंदर भी युद्ध से थकान पैदा हो चुकी है। यूक्रेन लगातार जवाब दे रहा है। अभी-अभी उसने रूस के बड़े संचार नेटवर्क 'यांडेक्स' के डाटा सेंटर पर कई ड्रोन हमले किए, जिनसे रूस में इंटरनेट व दूरसंचार सेवाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। इन सबको देखते हुए रूसी नागरिक भी इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं।

अच्छी बात है कि नया समझौता इसकी राह बना सकता है। रणनीतिक रूप से रूस फायदे में दिख रहा है। डीजल बिक्री से उसकी अर्थव्यवस्था को तो फायदा होगा ही, अमेरिका के साथ उसके रिश्ते भी सुधरेंगे। इससे यूक्रेन युद्ध खत्म करने की भूमिका तैयार हो सकती है। यह अनायास नहीं था कि पिछले दिनों राष्ट्रपति ट्रंप ने मॉस्को और कीव के बीच 'एनर्जी सीजफायर' की घोषणा की। मुमकिन है, इस तरह के कदम भविष्य में और दिखें।

रही बात वैश्विक आपूर्ति शृंखला में सुधार की, तो यूक्रेन युद्ध से इस मोर्चे पर कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन असली सुकून तो होर्मुज जलमार्ग के खुलने से ही मिलेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के खत्म होने के बाद अमेरिका ईरान युद्ध पर ध्यान लगा सकेगा। इसकी बुनियाद तैयार भी हो रही है। ईरान ने समझौते के लिए जिन छह शर्तों का जिक्र किया, उनमें से कुछ पर अमेरिका में सहमति बन गई है। फिर, सऊदी अरब ने भी बीच-बचाव का नया प्रयास शुरू किया है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम ने एक बात दुनिया को जरूर सिखा दी कि किसी एक 'चॉक प्वॉइंट' (संकरे समुद्री मार्ग) पर निर्भरता उसके लिए खतरनाक हो सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

सनातन ने शक्ति के साथ करुणा को जरूरी माना



स्वामी यतींद्रानंद गिरि | महामंडलेश्वर, जूना अखाड़ा

भारतीय सनातन संस्कृति में नवरात्रि केवल देवी की उपासना का पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति के जागरण का महापर्व भी है। ये नौ रात्रियां मनुष्य को बाहरी आडंबरों से ऊपर उठकर अपने अंतर्मन में झांकने, विकारों पर विजय प्राप्त करने और जीवन को धर्ममय बनाने की प्रेरणा देती हैं। मां दुर्गा की आराधना हमें स्मरण कराती है कि जब-जब धरती पर अधर्म, अन्याय और आसुरी प्रवृत्तियां बढ़ती हैं, तब-तब धर्म और शक्ति का जागरण ही उनके पराभव का मार्ग प्रशस्त करता है।

नवरात्रि में देवी के नौ स्वरूप शक्ति के नौ आयामों का बोध कराते हैं। मां शैलपुत्री दृढ़ता और स्थिरता, ब्रह्मचारिणी तप और संयम, चंद्रघंटा साहस, कूष्मांडा सृजनात्मक ऊर्जा, स्कंदमाता ममत्व और संरक्षण, कात्यायनी अन्याय के प्रतिकार, कालरात्रि निर्भयता, महागौरी पवित्रता और सिद्धिदात्री पूर्णता की प्रतीक हैं।

इन स्वरूपों का आध्यात्मिक अर्थ अत्यंत गहरे हैं। वे हमें सिखाते हैं कि जीवन में केवल ज्ञान पर्याप्त नहीं होता, उसके साथ साहस भी चाहिए; केवल शक्ति पर्याप्त नहीं होती, उसके साथ करुणा भी बेहद आवश्यक है। तप, विवेक, धैर्य, निर्भयता और पवित्रता के समन्वय से ही व्यक्ति का व्यक्तित्व पूर्णता की ओर अग्रसर होता है। शक्ति की उपासना और नारी के सम्मान में गहरा नाता है। सनातन धर्म में शक्ति को सृष्टि की मूल चेतना माना गया है। शिव और शक्ति का संबंध इसी सत्य का उद्घोष करता है कि चेतना और ऊर्जा एक-दूसरे के पूरक हैं। नवरात्रि हमें नारी को केवल पूजनीय मानने का नहीं, बल्कि उसके सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन और गरिमा को प्रतिष्ठित करने का संदेश भी देती है।

देवी की उपासना की अलग-अलग परंपराएं हैं, किंतु श्रद्धा का केंद्र एक ही आदिशक्ति हैं। यह भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान है।

इसीलिए, कन्या-पूजन की सार्थकता तभी है, जब हमारे समाज की प्रत्येक बालिका को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो। जिस समाज में स्त्री की प्रतिभा का सम्मान होता है और उसे निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलती है, वही समाज वास्तव में शक्ति-संपन्न बनता है। देवी की आराधना का सच्चा फल तभी प्राप्त होगा, जब हमारे आचरण में मातृ-शक्ति के प्रति श्रद्धा और संवेदनशीलता दिखाई देगी।

नवरात्रि की प्रासंगिकता आज कहीं अधिक है। आज का मनुष्य अनेक प्रकार के तनाव, असंतोष, प्रतिस्पर्द्धा और नैतिक चुनौतियों से घिरा हुआ है। चकित करने वाली तकनीकी प्रगति के बावजूद जीवन में शांति, संयम और आत्मिक संतुलन की आवश्यकता बनी हुई है। ऐसे समय में नवरात्रि का संदेश और प्रासंगिक हो जाता है। यह व्रत हमें इंद्रिय संयम सिखाता है, मंत्र-जप हमारे मन को एकाग्र करता है और साधना आत्मावलोकन का अवसर प्रदान करती है। देवी महिषासुरमर्दिनी का स्वरूप हमें यह संदेश देता है कि वास्तविक संघर्ष केवल बाहरी बुराइयों से नहीं, बल्कि आंतरिक अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और अन्यायपूर्ण प्रवृत्तियों से भी है। इन विकारों पर विजय प्राप्त किए बिना आध्यात्मिक उन्नति संभव नहीं है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं है, बल्कि सत्य, करुणा, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का आधार बनाना है।

सनातन में साधना का सेवा और समाज कल्याण से गहरा नाता है। नवरात्रि का एक महत्वपूर्ण पक्ष लोकमंगल है। भूखे को भोजन, जरूरतमंद को सहायता, असहाय को संबल और दुखी को सांत्वना देना भी देवी की आराधना का व्यावहारिक स्वरूप है। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ यदि हम समाज के वंचित वर्गों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं, तो हमारी साधना अधिक सार्थक होगी। नवरात्रि भारत की सांस्कृतिक विविधता में एकता का अद्भुत सूत्र है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में देवी की उपासना की अलग-अलग परंपराएं हैं, किंतु श्रद्धा का केंद्र एक ही आदिशक्ति हैं। यह विविधता में एकता की उस सनातन भावना को प्रकट करती है, जो भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान है।

इसलिए नवरात्रि को केवल नौ दिनों का उत्सव न मानें, बल्कि इसे आत्म-परिष्कार और जीवन-परिवर्तन का संकल्प बनाएं। हमारे भीतर सद्बुद्धि, साहस, करुणा और धर्मनिष्ठा का जागरण ही मां दुर्गा की कृपा का वास्तविक अनुभव है। व्यक्ति भीतर की आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त कर लोकमंगल के मार्ग पर चलता है, तभी नवरात्रि की साधना पूर्णता को प्राप्त होती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

साधना के मार्ग पर

भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ना सहज, मधुर और आनंददायक है। इसके विपरीत ज्ञान के मार्ग पर थोड़ी दूर तक चलने के बाद ही मनुष्य कई बार ऐसे प्रश्नों और संशयों से घिर जाता है, जैसे कोई प्यासा व्यक्ति चारों ओर फैले मरुभूमि में भटक रहा हो। इसलिए साधना का मार्ग कोई बौद्धिक चर्चा मात्र नहीं, बल्कि जीवन को भीतर से बदलने की प्रक्रिया है। साधना चाहे जिस रूप में की जाए, उसे इसी संसार में करना होगा। मृत्यु के बाद साधना का अवसर नहीं मिलता। इसलिए जीवन के रहते ही यह तय करना आवश्यक है कि हमें किस दिशा में आगे बढ़ना है- दिव्यता या पशुता और जड़ता की ओर?

सामान्य मनुष्य अक्सर यह पहचान नहीं पाता कि वह किस दिशा में जा रहा है? जिस प्रकार सड़क पर मरम्मत का काम चल रहा हो, तो यात्रियों को सावधान करने के लिए 'आगे खतरा है' का बोर्ड लगाया जाता है, उसी तरह समाज के सजग और संवेदनशील लोगों का यह दायित्व है कि वे दूसरों को उनके जीवन की गलत दिशा के प्रति सचेत करें। इसका अर्थ किसी पर अपनी मान्यता थोपना नहीं, बल्कि प्रेमपूर्वक यह स्मरण कराना है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों का नाम नहीं है। लोगों को सही दिशा में प्रेरित करना समाज के प्रति हमारा महत्वपूर्ण मानवीय दायित्व है।

ब्रह्म की ओर बढ़ते साधक के मन से संकीर्ण विचार और छोटे-छोटे स्वार्थ मिटने लगते हैं। ब्रह्म का अर्थ ही व्यापकतम सत्ता है- जिसमें सबका समावेश है। इसलिए ब्रह्म से प्रेम करने का वास्तविक अर्थ है, समस्त अस्तित्व से प्रेम करना। ब्रह्म साधक के लिए कोई पराया नहीं रहता। वह प्रत्येक प्राणी में परम सत्ता की उपस्थिति अनुभव करने का प्रयास करता है। यही भाव उसकी दृष्टि को व्यापक बना देता है। उसे समस्त धरती अपना घर लगती है। भाषा, जाति, क्षेत्र और अन्य सामाजिक विभाजन उसके प्रेम की सीमा निर्धारित नहीं करते। वह मनुष्य को भीतरी चेतना के आधार पर देखने लगता है।

यह दृष्टि केवल मनुष्य तक सीमित नहीं रहती। छोटे से छोटे जीव के प्रति भी उसके मन में करुणा और आत्मीयता उत्पन्न होती है। जिस प्रकार एक विशाल हाथी और एक छोटी चींटी, दोनों प्रकृति के विराट

साधना मनुष्य को इसी अनुभूति की ओर ले जाती है कि यह पूरा ब्रह्मांड उससे अलग नहीं है। यही जीवन का वास्तविक विस्तार है। यही आध्यात्मिक उन्नति है।

जीवन-जाल का हिस्सा हैं, उसी प्रकार प्रत्येक प्राणी अस्तित्व की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए साधक के लिए किसी जीव का महत्व उसके आकार, शक्ति या सामाजिक प्रतिष्ठा से तय नहीं होता। आखिरकार साधना मनुष्य को इसी अनुभूति की ओर ले जाती है कि यह पूरा ब्रह्मांड उससे अलग नहीं है।

यही जीवन का वास्तविक विस्तार है। यही वह अवस्था है, जिसे ब्रह्म साधना के जरिये अमरत्व की अनुभूति की दिशा में बढ़ना कहा जा सकता है।

श्रीश्री आनंदमूर्ति

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 14 अक्तूबर, 1951

दुनिया में हलचल

अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम ऐसी तेजी से घूम रहा है कि यह अनुमान लगाना कठिन हो गया है कि उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी। जहां रूसी अणु बम के विस्फोट के परीक्षण तथा उसके संबंध में मार्शल स्टालिन के वक्तव्य ने दुनिया में एक हलचल मचा दी वहां मध्यपूर्व की राजनीतिक घटनाएं भी संसार को विक्षुब्ध करने में पीछे नहीं रहीं।

ब्रिटेन के आम चुनाव में जो अधिक दूर नहीं, चर्चिलपंथी मजदूर दल के मुकाबले जीतें या न जीतें लेकिन फिलहाल उन्हें एटली सरकार को एक निर्वीर्य, निस्तेज, अकुशल तथा अदूरदर्शी चित्रित करने में जनता के सामने प्रचार का अच्छा मौका मिलेगा। जब भारत स्वतंत्र हुआ था तभी चर्चिल ने आंसू बहाते हुए कहा था कि हमारे पूर्वजों ने जिस परिश्रम और शान के साथ एक साम्राज्य का निर्माण किया था उसे मजदूर दलीय सरकार छिन्न-भिन्न कर रही है। जब चर्चिल के हाथों में सत्ता थी तो उन्होंने बड़ी अहम्मन्यता के साथ कहा था: 'मैं ब्रिटिश साम्राज्य का दिवाला न निकालूंगा।' लेकिन ब्रिटेन के अनुदारदलीय नेता ने यह समझने का कभी प्रयत्न न किया कि एक चर्चिल तो क्या हजारों चर्चिल भी करोड़ों नर-नारियों को संगीनों के बल पर गुलाम नहीं रख सकते। राजनीतिक तथा आर्थिक स्वतंत्रता की जो प्रचंड लहर आज सारे एशिया तथा अफ्रीका में उठ रही है उसे नहीं रोका जा सकता।

ईरान तथा मिस्र की घटनाएं ब्रिटेन के लिए अवश्य चिन्ता तथा परेशानी की वजह हैं लेकिन यदि आज ब्रिटेन के शासन की बागडोर एटली के हाथों में न होकर चर्चिल के हाथों में होती तब भी घटनाचक्र और किसी दिशा में न घूमता। जब साम्राज्यवाद तथा निहित स्वार्थों की एक बड़ी कड़ी टूट चुकी है तब और कड़ियों का भंग होना भी स्वाभाविक है। इसमें संदेह नहीं कि ईरान के कड़े रुख के सामने ब्रिटेन की दाल गलती न देखकर मिस्र का रुख भी एकदम बदल गया। यद्यपि मिस्र और ब्रिटेन की बातचीत के पिछले गत्यवरोध को देखते हुए यह अप्रत्याशित नहीं था कि मिस्र 1936 की आंग्ल-मिस्री संधि को समाप्त करने तथा सूडान का प्रशासन मिस्र को सौंपने की मांग रखेगा लेकिन ईरान की स्थिति ने उसे इतना प्रोत्साहित किया कि उसने एकदम बड़ा कदम उठाना निश्चित किया।

अमित शाह | केंद्रीय गृह मंत्री



बिम्सटेक की बैठक आतंकवाद, सीमा-पार संगठित अपराध, नशीले पदार्थ, कट्टरपंथ, तस्करी, अवैध लेन-देन और साइबर खतरों से निपटने के साझा संकल्प को रेखांकित करती है। ठोस समन्वय कर हम एक सुरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ई-कचरा से पर्यावरण को गंभीर खतरा

आज विज्ञान और तकनीक का युग है। इस दौर में मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, चार्जर, बैटरी, प्रिंटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। जिस तरह इन उपकरणों की उपयोगिता बढ़ी है, ई-कचरा भी खूब बढ़ा है। आज धरती पर ई-कचरे को एक बड़ी समस्या माना जा रहा है। इसलिए, यदि इन उपकरणों का समय पर सही तरीके से निपटारा नहीं किया जाए, तो ये मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इन पुराने और बेकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित निपटान, पुनर्चक्रण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ही हर साल 14 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय ई-कचरा दिवस मनाया जाता है।

इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को समझाना है कि पुराने उपकरणों को सामान्य कूड़े में फेंकने के बजाय वे उनको उचित संग्रह केंद्रों तक पहुंचाएं, ताकि उनका सुरक्षित पुनर्चक्रण किया जा सके। इसमें कोई संदेह नहीं है कि विज्ञान और तकनीक ने हमारे जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इनसे जुड़े उपकरणों का गलत तरीके से निपटान पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। इलेक्ट्रॉनिक कचरे में सीसा और पारा जैसे हानिकारक पदार्थ होते हैं, जो मिट्टी-पानी जैसे बहुमूल्य प्राकृतिक संसाधनों को दूषित कर सकते हैं, इसलिए इनका पुनर्चक्रण आवश्यक है। इससे जहां एक ओर प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम होगा, वहीं नए कच्चे माल की आवश्यकता कम होगी। ई-कचरे को खुले में जलाने या असुरक्षित तरीके से तोड़ने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है, इसलिए यह देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अधिकृत संग्रह केंद्रों या पुनर्चक्रणकर्ताओं तक पहुंचाए और प्रकृति की रक्षा में अपना योगदान दे।

संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर रिपोर्ट-2024' के अनुसार, वर्ष 2022 में दुनिया भर में लगभग 62 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ। वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति औसतन 7.8 किलोग्राम ई-कचरा पैदा हुआ। इस कुल ई-कचरे में से केवल 22.3 प्रतिशत का ही औपचारिक रूप से संग्रह और पुनर्चक्रण किया गया। शेष लगभग 77.7 प्रतिशत ई-कचरे का उचित प्रबंधन नहीं हो सका और उसका बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्रों या कचरा भराव स्थलों तक पहुंच गया। भारत भी इसका अपवाद नहीं है। दुनिया में चीन और अमेरिका के बाद भारत को ही ई-कचरा उत्पन्न करने वाले प्रमुख देशों में गिना जाता है। ऐसे में, हमारे यहां विशेष सावधानी की जरूरत है।

सुनील कुमार महला, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

ई-कचरा दिवस



इलेक्ट्रिक कबाड़ का हो रहा निपटारा

तकनीक के इस्तेमाल के साथ इलेक्ट्रॉनिक कचरे का बढ़ना स्वाभाविक है। पुराने मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन और खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसा कचरा मिट्टी, पानी और हवा को नुकसान पहुंचा सकता है। अच्छी बात है कि भारत इस चुनौती से निपटने के लिए नियमों, पुनर्चक्रण और तकनीकी उपायों को आगे बढ़ा रहा है।

केंद्र सरकार ने ई-कचरे के प्रबंधन को व्यवस्थित बनाने के लिए नवंबर 2022 में ई-कचरा (प्रबंधन) नियम बनाए, जो 1 अप्रैल, 2023 से लागू हुए। इन नियमों में उत्पाद बनाने वाली कंपनियों की जिम्मेदारी तय की गई है। अब कंपनियों को अपने इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से पैदा होने वाले कचरे के पुनर्चक्रण की जिम्मेदारी खुद निभानी होती है। सुखद यह भी है कि भारत ने ई-कचरे के निपटारे के लिए व्यवस्था भी मजबूत किए हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने ई-कचरे के प्रबंधन के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाया है, जिसके माध्यम से उत्पाद बनाने वाली कंपनियों, पुनर्चक्रण इकाइयों और पुराने उपकरणों को दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाने वाली इकाइयों का पंजीकरण किया जाता है। इस व्यवस्था से पुनर्चक्रण के लक्ष्यों की निगरानी, प्रमाण-पत्रों के लेन-देन और नियमों के अनुपालन को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलती है। उल्लंघन करने वालों पर हर्जाना लगाने का प्रावधान भी है।

इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार, देश में ई-कचरे की 386 पंजीकृत पुनर्चक्रण इकाइयां थीं, जिनके जरिये 28.75 लाख टन ई-कचरे का पुनर्चक्रण किया गया। यह संकेत है कि भारत में ई-कचरे को वैज्ञानिक तरीके से संसाधित करने की क्षमता विकसित हो रही है। समझ यह भी बन रही है कि ई-कचरे का पुनर्चक्रण केवल पर्यावरण बचाने का उपाय नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर भी है। पुराने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से तांबा, लोहा, एल्युमिनियम और सोने जैसी उपयोगी धातुएं प्राप्त की जा सकती हैं। इनका दोबारा इस्तेमाल करने से प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम होता है और नए कच्चे माल के आयात पर निर्भरता घटाने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, यहां रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। संगठित क्षेत्र को बढ़ावा देने से असुरक्षित तरीकों से कचरा अलग करने वाले अनौपचारिक कामगारों को भी बेहतर व्यवस्था से जोड़ने में मदद मिली है। इन सबका संकेत साफ है- भारत ने ई-कचरे के प्रबंधन में उल्लेखनीय प्रयास किया है। कुछ चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन उनको भी दूर कर लिया जाएगा।

सुजीत कुमार, टिप्पणीकार

हमारे हक की हदें कहां तक?

विरोध प्रदर्शनों का दौर चल रहा है। खासकर जुलाई के महीने से विरोध प्रदर्शन का सिलसिला चल पड़ा है। कई जगह छात्र और अन्य लोग विरोध प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं। अनेक लोगों को हिरासत में लिया गया है। ऐसे में, संविधान कितनी सुरक्षा देता है? पुलिस या प्रशासन को विरोध प्रदर्शन रोकने का कितना हक है? पेश है, ऐसे ही अनेक सवालों के जवाब खोजती उत्कर्ष आनंद की रिपोर्ट...







सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही कहा है कि दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही हिरासत में लिया जा सकता है। यह निर्देश संविधान के हवाले से ही आया है, जो राज्य या सरकार की मनमानी कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा प्रदान करता है।

10 अक्तूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान बड़े पैमाने पर हिरासत, परिवहन प्रतिबंध और इंटरनेट सेवाओं के निलंबन के आरोपों के बीच जारी किए गए इस निर्देश से एक सांविधानिक प्रश्न खड़ा होता है : क्या राज्य केवल सार्वजनिक व्यवस्था का हवाला देकर व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है या ऐसे प्रत्येक प्रतिबंध को कानूनी और सांविधानिक जांच से गुजरना पड़ेगा? न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की विशेष पीठ ने रविवार को कई याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह भी निर्देश दिया कि मेट्रो व रेल सेवाएं सामान्य रूप से चलती रहें, इंटरनेट सुविधा कानून के मुताबिक, निर्बाध बनी रहे और कानून के अधीन आवागमन की अनुमति दी जाए।

अदालत को हर हिरासत की वैधता या अफसरों के खिलाफ अवमानना के आरोपों का निर्णायक निर्धारण करना है। हालांकि, संविधान के अनुच्छेद 21 पर इसकी निर्भरता एक ऐसे सिद्धांत को सामने लाती है, जिसका अर्थ संविधान के लागू होने के बाद से काफी विकसित हो चुका है।

अनुच्छेद 21 क्या कहता है?

कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा। यह संरक्षण हर भारतीय नागरिक को प्राप्त है। संविधान सभा में एक कठिन बहस के बाद यह फैसला हुआ था। संविधान सभा में पहले के एक प्रस्ताव में 'कानून की उचित प्रक्रिया के बिना' जैसा प्रावधान था, जो अमेरिकी संविधान से लिया गया था। मसौदा समिति ने इसे 'कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया' से बदल दिया, जो जापानी संविधान (1946) पर आधारित था। जापान वाले प्रावधान को ज्यादा अच्छा माना गया था।

संविधान सभा में हुई बहसों के दौरान, सदस्यों ने यह भी चेतावनी दी थी कि विधायी बहुमत द्वारा समर्थित कार्यपालिका संकीर्ण प्रावधानों का उपयोग कर स्वतंत्रता को सीमित कर सकती है। अन्य सदस्यों को इस बात की चिंता थी कि गैर-निर्वाचित न्यायाधीशों को कानून को अमान्य करने की व्यापक शक्ति दे दी जाएगी। अंततः संविधान सभा ने 'कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया' को कायम रखा।

वैसे, सर्वोच्च न्यायालय की बाद की व्याख्या ने इस वाक्यांश को काफी हद तक बदल दिया है, जिससे उचित प्रक्रिया से जुड़े कई संरक्षण अनुच्छेद 21 के दायरे में आ गए हैं।

गोपालन से मेनका गांधी तक

एके गोपालन बनाम मद्रास राज्य (1950) मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 की सीमित व्याख्या अपनाई थी। अदालत ने बहुमत से माना था कि इस प्रावधान के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित करने के लिए कानून का होना जरूरी है और अदालत संविधान में उचित प्रक्रिया की अमेरिकी अवधारणा को सीधे नहीं अपना सकती। उस फैसले में यह भी तय हुआ था कि प्रत्येक मौलिक अधिकार स्वतंत्र रूप से कार्य करता है और इसलिए इसकी व्याख्या अलग-अलग की जानी चाहिए।

मेनका गांधी बनाम भारत संघ (1978) मामले में यह दृष्टिकोण निर्णायक रूप से बदल गया, जो मेनका गांधी के पासपोर्ट को बिना कारण बताए जब्त करने से संबंधित था। न्यायालय ने माना कि किसी व्यक्ति के जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता को छीनने वाली प्रक्रिया मनमानी, अनुचित या तर्कहीन नहीं हो सकती। इस निर्णय ने यह स्थापित किया कि अनुच्छेद 14, 19 और 21 को अलग-अलग नहीं पढ़ा जा सकता। व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाले किसी भी कानून या राज्य की कार्रवाई को समानता व स्वतंत्रता की जरूरतों को पूरा करना होगा, जबकि अनुच्छेद 21 के तहत प्रक्रिया 'सही, न्यायसंगत व निष्पक्ष' होनी चाहिए, न कि मनमानी, निरर्थक या दमनकारी। यह महत्वपूर्ण बदलाव था।

सरकार केवल औपचारिक कानूनी प्रावधान का हवाला देकर स्वतंत्रता के हनन को उचित नहीं ठहरा सकती थी। यह संरक्षण विशेष रूप से तब महत्वपूर्ण है, जब पुलिस गिरफ्तारी या हिरासत में लेने की शक्तियों का प्रयोग करती है। अनुच्छेद 21 को अनुच्छेद 22 के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जो गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के लिए विशिष्ट सुरक्षा उपाय निर्धारित करता है।

जहां कानून गिरफ्तारी या हिरासत को अधिकृत करता है, वहां भी अधिकारियों को उसकी सीमाओं-शर्तों के भीतर कार्य करना चाहिए और सुरक्षा उपायों का पालन करना चाहिए। किसी भी गिरफ्तारी को केवल इसलिए उचित नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि पुलिस इसे सुविधाजनक या वांछनीय समझती है।

जोगिंदर कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1994) मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि गिरफ्तारी की शक्ति का अस्तित्व अपने आप में हर मामले में इसके प्रयोग को उचित नहीं ठहराता। डीके बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य (1997) मामले में, न्यायालय ने गिरफ्तारी और हिरासत को नियंत्रित करने वाले सुरक्षा उपाय निर्धारित किए, जिनमें प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और हिरासत में दुर्व्यवहार के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से शर्तें शामिल थीं। इनमें गिरफ्तारी का दस्तावेजीकरण, किसी रिश्तेदार या मित्र को सूचित करना और निर्धारित अंतराल पर चिकित्सा परीक्षण जैसी शर्तें शामिल हैं।

सरकार या पुलिस की ताकत

शांतिपूर्ण ढंग से इकट्ठा होने और असहमति व्यक्त करने का अधिकार क्रमशः अनुच्छेद 19(1)(ख) और अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत संरक्षित है। यहां ध्यान रहे, ये अधिकार सांविधानिक रूप से उचित प्रतिबंधों के अधीन हैं, जिनमें अनुच्छेद 19(3) के तहत सार्वजनिक व्यवस्था के हित में सभा पर प्रतिबंध और अनुच्छेद 19(2) के तहत भाषण पर प्रतिबंध शामिल हैं।

इसलिए संविधान किसी को भी विरोध करने का असीमित अधिकार नहीं देता है, न ही यह पुलिस को हिंसा रोकने या सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानूनी उपाय करने से रोकता है। हां, ऐसे प्रतिबंधों का कानूनी आधार होना चाहिए और वे सांविधानिक सीमाओं में होने चाहिए।

कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया वाक्यांश का अर्थ यह नहीं है कि प्रत्येक हिरासत स्वतः गैरकानूनी है, या राज्य हिंसा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए वास्तविक खतरों के विरुद्ध कार्रवाई करने में असमर्थ है। दूसरी ओर, राज्य की शक्ति स्वतः सिद्ध नहीं होती है। जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जाता है, वहां अधिकारियों को कानूनी आधार, जरूरत और अनुपात की पहचान करनी होगी। तय प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा; और सांविधानिक जांच के प्रति जवाबदेह रहना होगा। मेनका गांधी संबंधी फैसले के बाद से इस प्रक्रिया में निष्पक्षता और गैर-मनमानी के मानकों को भी पूरा करना होगा।


ताजा मामले में, न्यायालय ने साफ निर्देश दिया है कि शांतिपूर्ण, निहत्थे प्रदर्शनकारियों को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही हिरासत में लिया जा सकता है। नागरिकों के हक की सुनवाई अभी जारी है। ये अंतरिम निर्देश हैं, अदालत नए मामले में फिर कोई फैसला सुनाएगी। तब तक के लिए, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना राज्य या सरकार का वैध सरोकार है और इसके लिए किसी की आजादी का मनमाना हनन वैध नहीं है। ऐसे में, देश में चल रहे प्रदर्शनों में नागरिकों और सरकारों, दोनों को संविधान का ध्यान रखना होगा।

Hindustan Times

10 अक्तूबर जंतर मंतर और नई दिल्ली में हुए छात्रों के प्रदर्शन का कैसा रहा हाल?

- **10** लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान था
- **07** हजार के करीब लोग जंतर-मंतर के करीब पहुंचे
- **03** हजार से ज्यादा को हिरासत में लिया गया

सात राज्यों में सर्वाधिक विरोध प्रदर्शन



ऐसे आंदोलन, जिनमें 300 से ज्यादा लोगों की भागीदारी रही है। 2016 से सितंबर 2026 के बीच।

भारत में विरोध प्रदर्शन वर्ष 2026

18,323 कुल विरोध प्रदर्शन सितंबर तक (एसीएलईडी के अनुसार)



पुलिस, नागरिक अधिकार पर विधि विशेषज्ञ हरबंश दीक्षित के विचार

प्रदर्शन : शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का मतलब



शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अर्थ है –बिना हथियार, हिंसा, तोड़फोड़ या दूसरों के अधिकारों का अनुचित हनन किए बिना अपनी मांगों और असहमति को सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त करना। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(क) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अनुच्छेद 19(1)(ख) शांतिपूर्वक तथा निरायुध सभा करने का हक देता है। ये अधिकार निरपेक्ष नहीं हैं। दूसरी ओर, संविधान के अनुच्छेद 19(2) और 19(3) के अंतर्गत कानून व्यवस्था, राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था जैसे निर्धारित आधारों पर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

पुलिस : अगर पुलिसकर्मी को कोई परेशान करे, तो क्या?



संविधान के तहत पुलिस बल हमारी सुरक्षा के लिए है, उसे किसी भी तरह से उकसाना या किसी भी तरह से परेशान करना गलत है। नागरिक को पुलिस के वैध कर्तव्य-निर्वहन में बाधा डालने, उस पर हमला करने, धमकी देने अथवा कानून का उल्लंघन करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदर्शन के दौरान लागू वैध प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन भी जरूरी है। दूसरी ओर, पुलिस भी कानून से ऊपर नहीं है। वह केवल विधिसम्मत आधार पर कार्रवाई कर सकती है और उसे नागरिकों की गरिमा, स्वतंत्रता तथा अधिकारों का सम्मान करना चाहिए।

हिरासत : पुलिस क्या किसी को हिरासत में ले सकती है?



पुलिस कानून द्वारा निर्धारित परिस्थितियों में किसी व्यक्ति को हिरासत में ले सकती है या गिरफ्तार कर सकती है। संज्ञेय अपराध के संबंध में वैधानिक शर्तें पूरी होने पर गिरफ्तारी की जा सकती है। कुछ परिस्थितियों में अपराध रोकने के लिए भी कार्रवाई की अनुमति है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 35 बिना वारंट गिरफ्तारी की परिस्थितियों और जरूरी शर्तों से संबंधित है। हिरासत अक्सर अल्पकालिक और जांच/व्यवस्था संबंधी हो सकती है, जबकि गिरफ्तारी औपचारिक कानूनी कार्रवाई है, जिसमें व्यक्ति को किसी आरोप में पकड़ा जाता है।

...और हक : आम नागरिकों के पास कितनी ताकत?



हिरासत में लिए गए व्यक्ति के अधिकार इस बात पर निर्भर करते हैं कि उसे किस कानूनी आधार और किस स्थिति में हिरासत में लिया गया है। हालांकि, यह बहुत स्पष्ट है कि किसी भी नागरिक को ज्यादा समय तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता। हिरासत में नागरिक के अधिकार खत्म नहीं हो जाते हैं। उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। हिरासत में लिए गए किसी नागरिक को आत्म-दोषारोपण से भी संरक्षण प्राप्त है। संविधान का अनुच्छेद 20(3) किसी अभियुक्त को अपने ही विरुद्ध साक्ष्य देने के लिए बाध्य किए जाने से संरक्षण प्रदान करता है।

गिरफ्तारी के बाद कोई नागरिक क्या करे?

जानने और परामर्श का हक

1 गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारण बताए जाने चाहिए। उसे गिरफ्तारी के आधार जानने और वकील से परामर्श का पूरा हक है। गिरफ्तार व्यक्ति अपने पसंद के वकील से सलाह ले सकता है। आर्थिक रूप से असमर्थ पात्र व्यक्ति को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध हो सकती है।

पेशी और परिजन को सूचना

2 यात्रा के जरूरी समय को छोड़कर, गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी अनिवार्य है। अदालत की मंजूरी से ही हिरासत या गिरफ्तारी की अवधि बढ़ सकती है। कानून के तहत गिरफ्तारी की सूचना परिजन या नामित व्यक्ति को देने व उसका रिकॉर्ड रखने का प्रावधान है।

चिकित्सा-सुरक्षा का अधिकार

3 गिरफ्तार व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर यथोचित चिकित्सा प्राप्त करने और सुरक्षा पाने का अधिकार है। अक्सर यह देखा गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति को किसी न किसी तरह की स्वास्थ्य सेवा की जरूरत पड़ती है। सर्वोच्च न्यायालय ने 1997 में इसके लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए थे।

रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

मेष : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी, परंतु खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

वृष : मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबार में भी कठिनाई आ सकती है। पिता से धन प्राप्ति हो सकती है।

मिथुन : आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह : मन अशांत रहेगा। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

कन्या : आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। लेखन आदि कार्यों में व्यस्तता रहेगी। आय के साधन बनेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

तुला : किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी दूसरे स्थान पर भी जाना हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर भी जा सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी।

धनु : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी रहेगा। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर भी जाना हो सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

मकर : मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें। लेखन आदि कार्यों से सम्मान मिल सकता है।

कुंभ : आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

मीन : शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। पढ़ाई में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋषिकांत गोस्वामी

14 अक्तूबर, बुधवार, **शक संवत्:** 22, आश्विन (सौर) 1948 **पंजाब पंचांग:** 28, आश्विन मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 02, जमादि उल्लावल, 1448 **विक्रमी संवत्:** आश्विन शुक्ल चतुर्थी तिथि रात्रि 01.14 मिनट तक पश्चात पंचमी तिथि, अनुराधा रात्रि 04.03 मिनट तक पश्चात ज्येष्ठा नक्षत्र, आयुष्मान योग रात्रि 08.39 मिनट तक पश्चात सौभाग्य योग, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में (दिन रात)।


सूर्य दक्षिणायन। दोपहर 12 बजे से दोपहर 01.30 मिनट तक राहुकालम्। गण्डमूल रात्रि 04.03 मिनट से।

वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

घर पर ट्यूशन पढ़ाते हों, तो उन्नति के लिए करें कुछ उपाय-

- अपने ट्यूशन वाले कमरे की दक्षिणी दीवार पर हल्के लाल रंग का कोई चित्र लगाएं। इस दीवार की ओर कुछ प्रेरणादायक चित्र एवं वाक्य लगाएं।
- उस कमरे की पूर्वी दीवार पर मां सरस्वती का एक चित्र लगाएं, जिसमें उनके पीछे एक सफेद रंग का गोला हो। इससे आपके कमरे का आभामंडल विकसित होगा। कमरे के ईशान कोण में एक हल्का पीला बल्ब जलाएं।
- कमरे की दक्षिणी पूर्व दिशा में स्फटिक के टम्बलर रखें।
- यदि संभव हो, तो कमरे की पूर्व दिशा में खिड़की अवश्य रखें।

वर्ग पहेली : 8481



बाएं से दाएं
1. औसत; दरमियाना; मझोला; सामान्य (3)
3. रक्षा के लिए तैनात रहना; रखवाली करना; निगरानी करना (3,2)
6. देवताओं को प्रसन्न करने के लिए आहुति देना; यज्ञ करना; होम करना (3,3)
7. बोध; जानकारी; सूचना (2)
9. आश्रय; ठिकाना; पनाह; रक्षास्थल (3)
10. बाजा बजाने वाला; वादन करने वाला; संगीतज्ञ (3)
14. घूंट-घूंट कर तरल को गले से नीचे उतारना; पीना; पीने का कार्य; तांबूल (2)
15. कलंकित होना; दोष लगना; बदनामी होना (3,3)
17. कड़ापन; कठोरता; कुरकुरापन (5)
18. केवट; नाव चलाने वाला; मल्लाह; मांझी (3)

ऊपर से नीचे
1. घाव पर लगाया जाने वाला औषधयुक्त गाढ़ा चिकना लेप (4)
2. विचार करना; अध्ययन करना (3,3)
3. पैर फैलाना; विस्तृत होना (4)
4. पका कर गाढ़ा किया गया गन्ने का रस; नाव में लगी लंबाई की लकड़ी (2)
5. हाथी जैसे मुख वाला; गजानन; गणेश (4)
8. धक्का लगना; आघात लगना (3,3)
11. उपासना करने वाला; आराधक; भक्त (4)
12. देवता को प्रसन्न करने के लिए किया गया पशु वध; कुरबानी; स्वार्थ त्याग (4)
13. बिगाड़ने वाला; विनाश करने वाला (4)
16. पारद; रसनाथ; सबसे भारी तरल (2)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

वर्ग पहेली : 8480



सुडोकू : 8435 *मध्यम

3				8				
	8					5	9	
		6	5			8		7
2		3					1	
			4	7	3			
	6					3		4
5		9			7	1		
	7	8					2	
				2				9

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

सुडोकू : 8434

8	1	2	6	3	9	7	5	4
7	5	3	4	2	1	8	9	6
9	4	6	8	7	5	2	1	3
3	6	7	1	8	2	9	4	5
4	9	8	3	5	7	6	2	1
1	2	5	9	6	4	3	8	7
6	8	1	5	9	3	4	7	2
2	3	4	7	1	8	5	6	9
5	7	9	2	4	6	1	3	8

प्रेरणा

कभी-कभी हमें उन लोगों से शिक्षा मिलती है, जिन्हें हम अभिमानवश अज्ञानी समझते हैं। - प्रेमचंद

संपादकीय

विपक्ष राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट में अंतर को समझे

संसदीय लोकतंत्र और बहुदलीय व्यवस्था में लोक-विमर्श को अपने पक्ष में करने के लिए संसद से सड़क तक चर्चा की बहुत सारी प्रक्रियाएं व मंच हैं। राष्ट्रपति को ज्ञापन देने भी उनमें से एक है, जो विपक्ष ने दो दिन पहले किया भी। देश की गंभीर घटनाओं का संज्ञान लेना राष्ट्रपति का दायित्व भी है। वैसे भी राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों और राज्य विधायिकाओं द्वारा चुनकर आते हैं, लिहाजा संसदीय लोकतंत्र की प्रक्रियाओं में सहभागी होते हैं। लेकिन विपक्ष का सीजेआई से मिलने का प्रयास या इसके लिए सुप्रीम कोर्ट तक मार्च शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के प्रतिकूल है। न्यायिक कार्य सुप्रीम कोर्ट का मुख्य दायित्व है और चूंकि वह देश में त्रि-स्तरीय न्यायपालिका की शीर्ष संस्था है, इसलिए उसके कुछ प्रशासनिक दायित्व भी होते हैं। लेकिन विपक्ष या सत्ता की बातों को गैर-न्यायिक प्रक्रिया में सुनना उसके सीमा-क्षेत्र से बाहर है। हां, याचिकाओं के जरिये सुनवाई करना या स्वयं असाधारण परिस्थितियों में किसी घटना के परिप्रेक्ष्य में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए स्वत: संज्ञान लेना अवश्य सुप्रीम कोर्ट का न्यायिक दायित्व है। तीसरी स्थिति तब होती है, जब राष्ट्रपति किसी प्रश्न पर उससे राय मांगते हैं, जिसे देना या न देना उसका अपना फैसला है। लेकिन किसी राजनातिक प्रक्रिया या जन-आंदोलन पर किसी पक्ष की बात सुनना उसका काम नहीं। इसका मूल कारण है भविष्य में उस मुद्दे की कोर्ट में सुनवाई की संभावना। न भूलें कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने संसदीय समिति के एक ऐसे ही प्रयास को खारिज किया था।

जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

निश्चित आयु में विवाह और निश्चित अवधि में संतान हों

आबादी को लेकर इस समय हमारे देश में कुछ समाज चिंतित हैं तो कुछ अलग ढंग से प्रयासरत हैं। माहेश्वरी समाज के कुछ जिम्मेदार लोगों ने पिछले दिनों मेरे सामने यह चिंता व्यक्त की कि हमारे समाज की आबादी घट रही है। हमारे पड़ोसी देश चीन में तो 'न्यू एरा' के नाम से एक अभियान चल रहा है, जिसमें युवाओं को विवाह का महत्व, सही समय पर विवाह करें, ऐसा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। और विवाह के पश्चात बच्चों का जन्म भी सही समय पर हो, इसके लिए बर्थ बोनस भी दिया जा रहा है। विचार करना चाहिए कि चीन ऐसा क्यों कर रहा है? तो हमें भी आबादी को लेकर एक 'न्यू इरा' की तरह अपने बच्चों को कम से कम यह समझाना चाहिए कि ऋषि-मुनियों ने जो सप्तपदी, विवाह के समय जो मंत्र आदि रचे हैं, उनके पीछे एक बड़ा उद्देश्य है। निश्चित आयु में विवाह करें और विवाह के पश्चात निश्चित अवधि में संतानों को जन्म दें। इन दोनों का यदि औसत बिगड़ा तो आने वाले समय में समाज इसकी बड़ी कीमत चुकाएगा।

•Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

शब्दों का जादू

एक-चौथाई कवि



मैं सिर्फ कविताएं लिखना चाहता हूं
मगर मेरा यह 'सिर्फ'
मेरी जिंदगी में कई तकलीफें ला सकता है।

क्योंकि मैं कवि से पहले
एक आदमी हूं।
आदमी हूं तो घर होगा;
घर होगा तो सिर्फ कविताएं लिखना
आसान कहां होगा?

इसलिए मैं हुआ आधा कवि
और आधा आदमी।

कभी-कभी जब घर जोर मारता है,
तो मैं तीन-चौथाई आदमी
और एक-चौथाई कवि रहता हूं।

सिर्फ कविता लिखना
आदमी होना नहीं होता,
और सिर्फ आदमी हो जाने से
कोई कवि भी नहीं रहता।
-पवन कुमार वैष्णव, उदयपुर, राजस्थान
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

पाठकों के पत्र

पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम हों

कुछ ही दिनों पहले गणपति पंडालों में बिजली करंट से हुई दुर्घटनाओं के समाचार आए थे। अब शारदीय नवरात्र के पंडाल फिर से सज चुके हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आयोजकों को सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने चाहिए।
-हेमा हरि उपाध्याय, उज्जैन, मध्यप्रदेश

चुनाव प्रक्रिया में भरोसा मजबूत करें

मतदाता सूची में पात्र नागरिक का नाम गलत तरीके से छूटता है तो उसकी शिकायत का निष्पक्ष समाधान होना चाहिए। दोहरान हटाने की प्रक्रिया भी पारदर्शी हो। सरकार, निर्वाचन आयोग और विपक्ष तीनों की जिम्मेदारी है कि वे चुनाव प्रक्रिया में जनता के विश्वास को मजबूत करें। **-कांतिलाल मांडोत,** सूरत, गुजरात

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

मन की प्रयोगशाला

दिमाग हमें असमंजस से कैसे निकालता है?

अमेरिका की कोल्ड स्प्रिंग हार्बर लैब की रिसर्च बताती है कि हम स्पष्ट नजरिया कैसे बनाते हैं। जब आंखों के सामने कोई भ्रम की स्थिति आती है, तो मस्तिष्क के अलग-अलग हिस्से इस पर पृथक-पृथक राय देते हैं। दिमाग इनमें से मजबूत कॉमन सर्किटों को लंबे समय के लिए सहेज लेता है, जबकि विरोधाभासी कमजोर सिग्नल्स को तत्काल डिलीट कर देता है। इसे दिमाग की 'कंसेन्सस बिल्डिंग' कहते हैं।

बामुलाहिजा • ये असंतोष उस साल में उभर रहे हैं, जब कमजोर मानसून से कृषि उत्पादन कम रहेगा...

छोटी-छोटी चुनौतियां मिलकर बड़ी हो जाती हैं

राष्ट्रनीति



शेखर गुप्ता
एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'
@ShekharGupta

फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सत्ता के 25 साल पर चर्चाओं का दौर है। उनके समर्थक जश्न मना रहे हैं। उनके मंत्रिमंडल ने उनकी प्रशंसा का प्रस्ताव पास किया है। आलोचक भी सार्वजनिक जीवन में उनके 25 साल के सफर का विश्लेषण कर रहे हैं, लेकिन निर्मिमता से।

दो सप्ताह पहले इस कॉलम में हमने कहा था कि भारत में हर सत्ताधारी के कार्यकाल का तीसरा साल सबसे मुश्किल भरा रहा है। यह साल आते-आते जैसे चुनौतियों का पहाड़ खड़ा हो जाता है, थकान उभरने लगती है, महत्वाकांक्षी उत्तराधिकारी अपनी धार तेज करने लगते हैं। उस कॉलम में हमने यह भी कहा था कि इनमें से आखिरी बात मोदी पर लागू नहीं होती है। लेकिन वे अपने इस कार्यकाल के तीसरे साल में बाकी सभी चुनौतियों से रू-ब-रू हैं। उनका मंत्रिमंडल लड़खड़ा रहा है। योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस और हिमंत बिस्वा सरमा को छोड़ उनके बाकी सभी मुख्यमंत्री तमाम चुनौतियों से निपट नहीं पा रहे हैं।

लोकप्रिय जनमत के बाजार में प्रतियोगी और परस्पर विरोधी धारणाओं की भरमार है। मोदी-भाजपा की कहानी अभी भी सबसे उल्लेखनीय बनी हुई है, हालांकि यह पहले जितनी जोरदार नहीं रह गई है। मोदी के तीन लुभावने, और अब तक अजेय साबित हो रहे सूत्र 2014 के बाद से पहली बार कड़ी परीक्षा का सामना कर रहे हैं। ये हैं : हिंदुत्ववादी राष्ट्रवाद; विस्तृत आकार लेता जनकल्याण कार्यक्रम, जिसे कुशलता से, न्यूनतम प्रतिरोध या 'लीकेज' के साथ लागू किया जाता रहा है; और सबकी आंखों के सामने ठोस इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण। और यह सब भ्रष्टाचार से अछूता रहा है।

ये सूत्र अब भी कायम हैं। फर्क यह आया है कि दूसरी बातें उभर आई हैं। हम केवल 'जेन-जी' की ही बात नहीं कर रहे। तमाम तरह के इन फैक्टर्स को अलग-अलग देखें तो वे छोटे दिख सकते हैं। लेकिन जब वे एक साथ उभरते हैं तो वह तस्वीर चिंतनीय हो जाती है। क्या मोदी का सामना ऐसी ही तस्वीर से हो रहा है?

आइए, कुछ तथ्यों पर गौर करें :

1. चुनाव आयोग की विश्वसनीयता में नाटकीय गिरावट और चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता पर बढ़ता संदेह।
2. व्यापक होती यह धारणा कि शीर्ष न्यायपालिका असफल आदेश जारी करती है।
3. एक रिटायर्ड अधिकारी (सुधांशु चंद्र गर्ग) ने जीडीपी के सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता पर देशव्यापी बहस की शुरुआत करा दी।
4. भारतीय रिजर्व बैंक ने भविष्यवाणी कर दी कि महंगाई तीन वर्षों के अपने उच्चतम स्तर को छूने वाली है और रुपया भारी संकट से जूझ रहा है, बावजूद इसके कि भारतीय बैंकों ने अपनी जमा राशि में बढ़ोतरी करने का महंगा मगर सफल प्रयास किया है।
5. दो चुनाव आयुक्तों ने सीक्रेसी के फैसलों से असहमति दर्ज कराने को अखबारी मुकदमा शुरू किया।
6. विपक्षी दल, खासकर राहुल गांधी दिल्ली की घेराबंदी करने में सफल रहे, और सुर्खियों में आ गए।
7. रातोरात उभरी सीजेपी ने नीट से लेकर सरकारी स्कूलों की बदहाली तक का एजेंडा तय कर दिया।
8. चिराग पासवान ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर अपने ही गठबंधन वाली बिहार सरकार की आलोचना कर दी। और उनसे भी छोटे सहयोगी ओम प्रकाश राजभर ने यूपी को छोटे राज्यों में बांटने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अपनी कथित बातचीत का खुलासा किया, जबकि योगी आदित्यनाथ इस विचार के सख्त खिलाफ हैं।
9. सरकार की छवि तो निर्णय लेने वाली हुकूमत की मानी जाती है, लेकिन हमने उसकी यह निर्णयहीनता भी देखी कि चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन करें कि न करें या संसद के उस सत्र का क्या करें, जिसका अनिश्चितकाल के लिए स्थगन करने के दो महीने बाद भी सत्रावसान नहीं किया गया है। भाजपा जो संविधान संशोधन चाहती है, उसके लिए बहुमत जुटाने के लिए आत्मविश्वास की कमी दिखलाई देती है।
10. मंत्रिमंडल में फेरबदल या खाली पदों को भरने में असमंजस या लंबी हिचक भी साफ दिखती है। कई मंत्रालयों में मंत्रियों की नियुक्ति अपेक्षित है।
11. शेयर बाजार निरंतर घाटे में है, जबकि अमेरिका से लेकर यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन ही नहीं, पाकिस्तान तक दुनियाभर के शेयर बाजारों में तेजी रही है। चुनौतियों को कबूलने की अनिच्छा इसलिए आत्मघाती बन जाती है, जब लाखों की आबादी वाला मध्यवर्ग अपनी बचत को 'एसआईपी' में डाल रहा है, जिसका सरकार स्वागत कर रही है। यह विदा होते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को सुनहरी विदाई देने जैसा भी है।



जनता की तीन मान्यताएं...

आज के तमाम फैक्टर्स को अलग-अलग देखें तो वे छोटे दिख सकते हैं। लेकिन जब वे एक साथ उभरते हैं तो तस्वीर चिंतनीय हो जाती है। इनकी जड़ में जनता की तीन मान्यताएं हैं- संविधान में भरोसा और यह धारणा कि इसे कोई भी रद्द नहीं कर सकता; न्यायपालिका की निष्पक्षता; और चुनाव आयोग की स्वायत्तता।

12. और अंत में, भारत के लिए ऐसी वैश्विक स्थिति बनी है, जैसी कई दशकों में नहीं बनी थी। ट्रम्प ने भारत के लिए कई क्षेत्रों में रणनीतिक विकल्प सीमित कर दिए। वे रणनीतिक स्वायत्तता के हमारे दावे को भी हर दिन नई चुनौती देते हैं। ट्रम्प के अलावा यूक्रेन-रूस युद्ध, जलता पश्चिम एशिया, उत्तेजित एनर्जी बाजार और पाकिस्तान के लिए खुली नई रणनीतिक खिड़की भी जोड़ें।

और ये सब कमजोर मानसून के बाद है। मानसून पर तो किसी भी सरकार का बस नहीं है, लेकिन ये असंतोष उस साल में उभर रहे हैं, जो कृषि के लिहाज से औसत से नीचा रहेगा। लेकिन बड़े मसलों की जड़ें उन तीन सबसे बुनियादी फैक्टर्स में निहित हैं, जिन्होंने भारत को बीते दशकों में एकजुट और मजबूत बनाया है। ये हैं : संविधान में भरोसा और यह धारणा कि इसे कोई भी नहीं रद्द कर सकता; न्यायपालिका की निष्पक्षता; और चुनाव आयोग की स्वायत्तता। ये तीनों आज दबाव में हैं।

भाजपा के विरोधियों से ज्यादा खुद भाजपा यह जानती है कि 2024 में उसे अपने मझोले स्तर के उन नेताओं, खासकर अयोध्या से भाजपा उम्मीदवार के इस बयान से कितना नुकसान पहुंचा कि उनकी पार्टी को संविधान बदलने के लिए सिर्फ 400 सीटों की जरूरत है। ज्यादातर भारतीयों ने न तो संविधान पढ़ा है और न ही उसमें किए गए 106 संशोधनों को पढ़ा है, लेकिन वे संविधान को एक धर्मग्रंथ से कम नहीं मानते। यह न्यायपूर्ण है, धर्मनिरपेक्ष है और नागरिकों का अधिकार-पत्र है, जिसे बदलने की छूट वे किसी को नहीं देंगे। संसद का विशेष अधिवेशन बुलाने की निरंतर चर्चाओं ने भी इन संदेहों को फिर से उभार ही दिया है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

विश्लेषण • मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात भी आगे बढ़े

अकेले सेवा क्षेत्र के ही कंधों पर नौकरियों का बोझ क्यों?

विकसित भारत



अमिताभ कांत
नीति आयोग के पूर्व सीईओ और भारत के पूर्व जी-20 शेरपा

वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें लगातार 8 से 9% की ऐसी आर्थिक वृद्धि चाहिए, जो मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात के मजबूत आधार पर टिकी हो। देश के कुल उत्पादन में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी अब भी लगभग 15 से 17% ही है, जबकि हमें हर साल 80 लाख से एक करोड़ गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित करने हैं। अकेला सर्विस सेक्टर इतने ज्यादा रोजगार पैदा नहीं कर सकता और न ही भारत मजबूत निर्यात के बिना महज आयात पर निर्भर रह सकता है। इसलिए मैन्युफैक्चरिंग को आर्थिक वृद्धि, रोजगार और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता का इंजन बनाना ही होगा। वैश्विक वैल्यू चेन नए सिरे से गढ़ी जा रही हैं तो ऐसे में भारत के पास भी मौका है कि वह पूंजी लागत, बिजली, औद्योगिक भूमि की लीज और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में सुधार करे।

चीन में वाणिज्यिक ऋण पर औसत ब्याज दर 3 से 4.5% के बीच है, जबकि वियतनाम में 5.5 से 6.14% है। इसके मुकाबले भारत में एमएसएमई को 8.99 से 20% तक की ब्याज दर पर कर्ज मिलता है। इससे वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में उन्हें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। पर्याप्त जमानत, विस्तृत वित्तीय रिकॉर्ड या आय के स्थिर स्रोतों के अभाव में इन उद्यमों को अकसर पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था में लोन नहीं मिल पाता। इसके समाधान के लिए पहला कदम बैंकों द्वारा औपचारिक क्रेडिट-प्लस का विस्तार होना चाहिए। अब चुनौती इस बात की है कि अधिक से अधिक उद्यमों तक ऋण पहुंचे।

पंजीकृत एमएसएमई में से केवल 41% ही कभी औपचारिक ऋण ले पाते हैं। वहीं, नए ऋण लेने वाले उद्यमों की हिस्सेदारी 2022-23 के 52% की तुलना में 2025-26 में 42% रह गई। बैंकों को कैश-फ्लो के आधार पर ऋण देने की व्यवस्था को बढ़ाना चाहिए। दूसरा, भारत को बैंकिंग सुधारों के जरिए ऋण की लागत के मसले को सुलझाना होगा। केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित विकसित भारत के लिए उच्चस्तरीय बैंकिंग समिति का गठन जल्द करके उसका इस्तेमाल बैंकिंग क्षेत्र में व्यापक सुधारों का एजेंडा तैयार करने के लिए करना भी जरूरी होगा।

बिजली के मामले में भारत ने उत्पादन तो कर लिया, अब जरूरत इस बात की है कि वह बिजली नियमित तौर पर और प्रतिस्पर्धी दरों पर कारखानों तक पहुंचे। बिजली वितरण की अक्षमताएं उद्योगों पर एक छिपे हुए कर का बोझ डाल रही हैं। यदि भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनना है तो बिजली को उसकी प्रतिस्पर्धात्मकता का साधन बनाना होगा।

औद्योगिक भूमि लीज के मामले में अभी राष्ट्रीय स्तर पर विन्डो सिस्टम मौजूद है। इससे आवेदनों की ट्रैकिंग में तो मदद मिलती है, लेकिन आवेदन लंबित हो या आवेदक को फास्ट-ट्रैक सर्विस चाहिए तो इस सिस्टम के पास निर्णय करने का अधिकार नहीं है। कोई एमएसएमई जब शुरुआत करता है तो उसे यह

देश के कुल उत्पादन में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी अब भी 15 से 17% ही है, जबकि हमें हर साल 80 लाख से एक करोड़ गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजित करने हैं। अकेला सर्विस सेक्टर इतने रोजगार पैदा नहीं कर सकता।

निर्णय करना होता है कि वह जमीन खरीदे या अपने कारोबार में पैसा निवेश करे। मौजूदा व्यवस्था अब लीज एंड बिल्ड से रेंट एंड ऑपरेट मॉडल की ओर बढ़ रही है।

अंत में लॉजिस्टिक्स। विश्व बैंक के 2023 के लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इन्डेक्स (एलपीआई) में भारत 139 अर्थव्यवस्थाओं में 38वें स्थान पर था। जबकि चीन 19वें पर था। भारतीय बंदरगाह जहाजों के तेज आवागमन को लेकर चुनौतियां झेल रहे हैं। आयात की अधिकता वाले बंदरगाहों पर यार्ड और भंडारण की बढ़ती अनिश्चितता इस व्यवस्था पर संदेह और बढ़ा देती है। इससे निपटने के लिए भारत को अपनी सीमा शुल्क व्यवस्था को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त का साधन बनाना होगा। भविष्य में हमारा फोकस टिकाऊ सुधारों को लागू करने और जवाबदेह फ्रेमवर्क तय करने पर होना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दूरदृष्टि • स्टारलिंक के इरादे समझना जरूरी हैं

मस्क को हमारे स्पेस नेटवर्क व इंटरनेट में क्यों दिलचस्पी है?

स्टारलिंक



विराग गुप्ता
सुप्रीम कोर्ट के वकील
viraggupta@hotmail.com

मालूम होता है कि दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति इलॉन मस्क के लिए मुनाफा ही सर्वोपरि है। वे सोशल मीडिया से प्रोपगंडा फैलाने के साथ ही चुनावी चंदों से सरकारी नीतियों को भी बदलने में माहिर हैं। सैटेलाइट से इंटरनेट देने वाले स्टारलिंक प्रोजेक्ट का लाइसेंस हासिल करने के लिए मस्क ने मोदी और अम्बानी पर तंज कसा। भारत में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल का ब्रॉडबैंड और फिक्स्ड-लाइन इंटरनेट बाजार में 80% अधिकार है। इससे जुड़े 6 पहलुओं को समझें :

1. लॉकडाउन करोड़ों लोगों के लिए आपदा, गरीबी और बेरोजगारी का दौर था। लेकिन उसी दरमियान मस्क की सम्पत्ति 10 गुना बढ़ी। 2020 के कोविड-वर्ष में ही भारत में अंतरिक्ष सेक्टर में खुली अर्थव्यवस्था और निजीकरण की शुरुआत हुई। सरकार और कानून को हल्के में लेते हुए मस्क की कम्पनी ने गैरकानूनी तरीके से 2021 में लाइसेंस के बिना ही भारत में सैटेलाइट इंटरनेट शुरू करने की कोशिश की थी, जिसे उन्हें बंद करना पड़ा। लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।
2. सुप्रीम कोर्ट के 2012 के फैसले के अनुसार राष्ट्रीय सम्पदा स्पेक्ट्रम का नीलामी के आधार पर आवंटन होना चाहिए। पर 2023 के दूरसंचार कानून से सैटेलाइट इंटरनेट के लिए नीलामी के बजाय प्रशासनिक आदेश से स्पेक्ट्रम आवंटन का रास्ता साफ हो गया। एयरटेल के वन-वेब को अप्रैल 2022, जियो को दिसम्बर 2022 में, जबकि स्टारलिंक को जून 2025 में अथॉराइजेशन मिला था। लेकिन सुरक्षा क्लीयरेंस के बाद ही इन्हें फाइनल लाइसेंस मिल सकेगा। तब मस्क भेदभाव का आरोप कैसे लगा सकते हैं?
3. पृथ्वी की निचली कक्षा में संचालित होने वाली सैटेलाइट सेवाओं पर नियंत्रण बड़ा मुद्दा है। संसदीय समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे के अनुसार 2013-14 में मनमोहन सरकार ने सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवाओं से जुड़े खतरों के बारे में आगाह किया था। पूर्व राष्ट्रपति कलाम, इसरो और सेना ने गूगल के 3-डी व्यू को सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया था। लेकिन इसे आगे चलकर केंद्र सरकार से अनुमति मिल गई।
4. क्रिप्टो, एआई, डेटा सेंटर और सैटेलाइट इंटरनेट के कारोबार को सफल बनाने के लिए मस्क ने 2022 में ट्विटर (एक्स) को खरीदा। मस्क का प्रोक एआई प्लेटफॉर्म गैर-कानूनी तरीके से एक्स के करोड़ों यूजर्स के डेटा का व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहा है। नियमों के तहत एक्स ने शिकायत निवारण अधिकारी का विवरण भी जारी नहीं किया। ऐसे में सैटेलाइट इंटरनेट के सामरिक क्षेत्र में डेटा स्थानीयकरण और अन्य नियमों के पालन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है?
5. मस्क कोई परोपकारी नहीं, उलटे विशुद्ध कारोबारी व्यक्ति हैं। भारत में घूस देना और लॉबीइंग गैर-कानूनी हैं, लेकिन मस्क डंके की चोट पर लॉबीइंग करते हैं। ट्रम्प और रिपब्लिकन पार्टी को 60 करोड़

11 हजार गांवों में इंटरनेट देने के नाम पर स्टारलिंक भारत के अंतरिक्ष और इंटरनेट नेटवर्क पर कब्जा करना चाह रही है। खुफिया अलर्ट को दरकिनार कर सैटेलाइट इंटरनेट को इजाजत देने से सामरिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

डॉलर से ज्यादा चुनावी चंदा देने वाले मस्क ने टैक्स बचाने के लिए अपनी कम्पनी के हेडक्वार्टर को टेक्सास राज्य में शिफ्ट कर लिया था। कैपिटल गेन, विद होल्डिंग टैक्स और डिविडेंड पर टैक्स बचाने के लिए ही मस्क ने नीदरलैंड्स के टैक्स हैवन के माध्यम से भारत में निवेश की योजना बनाई है।

6. ईरान और यूक्रेन युद्ध के साथ बांग्लादेश के सीमावर्ती राज्यों में स्टारलिंक की भूमिका संदिग्ध रही है। 11 हजार दूरस्थ गांवों में इंटरनेट देने के नाम पर स्टारलिंक भारत के अंतरिक्ष और इंटरनेट नेटवर्क पर कब्जा करना चाह रही है। भारतीय उद्योगपतियों के एकाधिकार से जुड़े मस्क के आरोपों पर भारत में कानून के तहत ठोस कार्रवाई होनी चाहिए। गृह और रक्षा मंत्रालय की आपत्ति और खुफिया एजेंसियों के अलर्ट को दरकिनार करके सैटेलाइट इंटरनेट को इजाजत देने से सामरिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

डिफ्रेंट एंगल • युद्ध व घृणा के दौर में नवी पिल्लई को नोबेल मिलने की आभा को हम महसूस कर सकते हैं

85 की उम्र में नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के क्या मायने होते हैं?

उम्मीद



नन्दितेश निलय
वक्ता, एथिक्स प्रशिक्षक एवं लेखक
nanditeshnilay@gmail.com

क्या आपको भी ऐसा महसूस होता है कि नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होते ही तमाम तरह की सकारात्मकता हमें और हमारे आसपास के वातावरण को घेर लेती है? मुझे तो ऐसा ही लगता है। और भला क्यों न हो! एक तो तमाम विषय मानो फिर से हमारे जेहन में अपनी गम्भीरता लिए उतर पड़ते हैं, चाहे वह भौतिकी, रसायनशास्त्र, चिकित्सा हो या अर्थशास्त्र। उधर बेसुध होती रीलबद्ध दुनिया को साहित्य के पुरस्कार की जब प्रतिध्वनि आती है, तो उसका ध्यान टूटता है और उसे यकीन होता है कि मनुष्य बिना किसी डिजिटल संगत के भी मानवीय संवेदना को महसूस कर सकता है। खैर, आज चर्चा शांति के पुरस्कार की।

जी हां, शांति का पुरस्कार, क्योंकि कोई नहीं बचा- न व्यक्ति, न नेतृत्व और न कोई संस्था- जो वैश्विक स्तर पर शांति की आवाज न तमाम ड्रोनों, मिसाइलों और भेद बढ़ाते हृदयों तक पहुंचा सके। लेकिन नोबेल तो नोबेल ठहरा। उसे न बढ़ती उम्र दिखी और न जाति, न धर्म, न रंग, न जेंडर और न ही किसी देश की सामरिक और आर्थिक शक्ति। उसने तो इस साल उस भारतीय तमिल मूल की दक्षिण अफ्रीकी महिला को शांति के पुरस्कार के लिए चुना, जो 85 वर्ष की हैं।

आप खुद ही अंदाजा लगाइए कि हमारे देश में 85 वर्ष के होने का क्या मतलब होता है? और भारत आसपास के लोग उस व्यक्ति को इस उम्र के पायदान पर क्या अहसास कराते हैं? लेकिन वे तो नवी पिल्लई हैं, जो रंगभेद-विरोधी कैदियों का बचाव करने से लेकर दुनिया की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय अदालतों और मानवाधिकार संस्थाओं में काम करती रही हैं। न उम्र, न रंग, न आर्थिक तंगी को उन्होंने रास्ते की बाधा बनने दिया और न उनको पहचानने में नोबेल समिति को कोई रोक पाया।

1941 में डरबन के क्लेयरवुड में एक गरीब तमिल परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई रंगभेद के माहौल में पली-बढ़ीं। हार्वर्ड से कानून में डॉक्टरेट की डिग्री ली और वे ऐसा करने वाली पहली दक्षिण अफ्रीकी थीं। पर कोई भी लॉ फर्म उन्हें नौकरी पर नहीं रखना चाहती थी, क्योंकि गोरी सेक्रेटरी किसी गैर-गोरी महिला से निर्देश नहीं लेना चाहती थीं। फिर उन्होंने खुद की प्रैक्टिस शुरू की और नटाल में ऐसा करने वाली वे पहली गैर-गोरी महिला थीं।

उन्होंने रंगभेद-विरोधी कार्यकर्ताओं का बचाव किया, नजरबंद लोगों के साथ होने वाली यातना और अकेले कैद रखने की घटनाओं को उजागर किया। एक अहम केस जीता, जिससे रॉबेन आइलैंड पर मौजूद राजनीतिक कैदियों- जिनमें नेल्सन मंडेला भी थे- को कानून की किताबों तक पहुंच मिली। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने जोर दिया कि बढ़ते युद्धों और 'सही के बजाय ताकत' की ओर बढ़ते झुकाव के बीच यह पुरस्कार इस बात को मान्यता देता है कि स्थायी शांति कानूनी सिद्धांतों और जवाबदेही पर टिकी होती है, न कि केवल ताकत पर।

नवी पिल्लई का भारत से गहरा नाता है। उनके पिता के परिवार की जड़ें तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले के वथलगुंडु में थीं। उनके दादा-दादी 1890 के दशक में मद्रास प्रेसीडेंसी से नटाल में गन्ने के बागानों में काम करने के लिए अनुबंधित मजदूरों के तौर पर गए और उनके दादा के पैर भी इसी जद्दोजहद में कट गए। उनके पिता बस इश्हर थे, लेकिन उन्होंने बेटों के साथ-साथ बेटियों की शिक्षा पर भी जोर दिया। पिता की मौत के बाद उन्होंने तमिलनाडु में अपने बचे हुए रिश्तेदारों को ढूंढा, और साथ-साथ, घृणा और युद्ध में गुम हो गई उस शांति को भी, जिसकी इस दुनिया को सबसे ज्यादा जरूरत है।

हर वो नेतृत्व जो शांति की वकालत करता है, वह नवी पिल्लई की संगत में नोबेल पुरस्कार की आभा को महसूस कर सकता है! **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

नए शेयर कमजोर • औसत लिस्टिंग गेन घट रहा - इस साल 11%, पर 2025 में 12%, 2024 में 21% था

2026: लिस्टिंग के दिन छोटी कंपनियों के इश्यू ने 17% कमाई कराई, बड़े आईपीओ से चार गुना

भास्कर न्यूज | मुंबई

इस साल छोटी कंपनियों के आईपीओ ज्यादा भरोसेमंद रहे, जिन्होंने बड़ी कंपनियों के मुकाबले चार गुना कमाई कराई। सितंबर तक 96 आईपीओ आए और औसत लिस्टिंग गेन 11% रहा। छोटे आईपीओ से 17% और मझौले से 13% कमाई हुई, जबकि बड़े आईपीओ 4% पर सिमट गए।

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक आए पब्लिक इश्यू ने करीब ₹1.13 लाख करोड़ जुटाए। इनका लिस्टिंग गेन (11%) पिछले साल के 12% से थोड़ा कम और 2024 के 21% के मुकाबले करीब आधा रहा है। बड़े आईपीओ 2025 में औसतन 17% पर लिस्ट हुए थे, पर इस बार यह प्रीमियम 4% रह गया। बाजार मोटे तौर पर फायदेमंद रहा, पर चुनिंदा नए शेयर ही चल पाए। 39% शेयर लिस्टिंग भाव से और 31% इश्यू प्राइस से नीचे ट्रेड कर रहे हैं। रिपोर्ट में लिस्टिंग गेन (इश्यू प्राइस के मुकाबले रिटर्न) का औसत इश्यू साइज के हिसाब से निकाला गया है।

...पर 40% शेयरों ने 25% से ज्यादा लिस्टिंग गेन दिए, 2025 में ऐसे शेयर 25% ही थे

कमाई कम • औसत लिस्टिंग गेन 2024 के मुकाबले आधा ही रहा

साल	आईपीओ	औसत गेन
2024	91	21%
2025	103	12%
2026	96	11%

नोट: 2026 के आंकड़े सितंबर तक

ट्रेंड पलटा • बड़े आईपीओ लिस्टिंग गेन में टॉप से निचले पायदान पर

इश्यू साइज़	2025	2026
छोटे	8%	17%
मझौले	9%	13%
बड़े	17%	4%

नोट: बड़े आईपीओ ₹5,000 करोड़ से ऊपर, मझौले ₹1,000-5,000 करोड़, छोटे ₹1,000 करोड़ तक

लिस्टिंग के दिन सबसे ज्यादा और सबसे कम कमाई कराने वाले आईपीओ



कंपनी	लिस्टिंग गेन
टेम्पसेंस इंडस्ट्रीमेंट्स	110%
भारत कोकिंग कोल	97%
अडॉर्इट इंडस्ट्रीज	87%
श्री राम ट्रिवरटेक्स	33%
अनु प्रोजेक्टस	24%
वॉटरबेज लेजर टूरिज्म	15%

25% से ज्यादा लिस्टिंग गेन वाले आईपीओ इस साल बीते वर्ष से दोगुने हो गए

• इस साल सितंबर तक 40% शेयरों ने 25% से ज्यादा लिस्टिंग गेन दिया। • 2025 में 25% से अधिक लिस्टिंग गेन वाले शेयर 22%, 2024 में 47% थे। • 50% से ज्यादा गेन वाले आईपीओ इस साल 8 रहे, पर पिछले साल 4 ही थे।

मेगा आईपीओ • टॉप-3 में से दो पब्लिक इश्यू फिलहाल इश्यू प्राइस से नीचे

एनएसई	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट	मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज	एनएसई के शेयर बिना प्रीमियम के लिस्ट हुए थे। ये अब भी इश्यू प्राइस से नीचे ट्रेड कर रहे हैं।
साइज़: ₹22,563 करोड़	साइज़: ₹9,795 करोड़	साइज़: ₹9,275 करोड़	
लिस्टिंग गेन: 1 फीसदी	लिस्टिंग गेन: 6 फीसदी	लिस्टिंग गेन: 11% फीसदी	
मौजूदा भाव: ₹1,752	मौजूदा भाव: ₹519 रुपए	मौजूदा भाव: ₹668	
इश्यू प्राइस: ₹1,785	इश्यू प्राइस: ₹574	इश्यू प्राइस: ₹590	

जोखिम
आईपीओ की 40 फीसदी रकम कर्ज चुकाने में खर्च

▪ ओएफएस (मौजूदा निवेशकों का शेयर बेचना) कुल इश्यू का 60% है। ताजा पूंजी ₹47,601 करोड़ और ओएफएस ₹6,6642 करोड़ का रहा।

▪ आईपीओ की रकम का 40% कर्ज चुकाने में जाएगा, 2025 में ये हिस्सेदारी 25% ही थी। नए प्लांट और विस्तार पर 23% खर्च होगा।

▪ छह महीने में निफ्टी 50 इंडेक्स 5% गिर चुका। दूसरी तरफ मिडकैप 100 इंडेक्स 3% और स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 16% चढ़ा है।

▪ संजीव प्रसाद, अनिंद्य भौमिक, सुनीता बलदावा की ये रिपोर्ट कहती है कि आगे का प्रदर्शन कमाई की असल डिलीवरी पर निर्भर करेगा।

सोत: कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज, प्राइम डेटाबेस, ब्लूमबर्ग

दिग्गजों का नजरिया

पूंजी के लिए पश्चिम के अलावा दूसरे विकल्प देखे भारत

अगर चीन को हरा नहीं सकते तो उसके साथ जुड़ें: उदय कोटक

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारत को चीनी निवेश और कंपनियों के साथ उत्पादन साझेदारी के लिए दरवाजे खुले रखने चाहिए। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक ने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम 2026 में यह राय रखी। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक व्यापारिक रिश्तों व अमेरिका से जुड़ी चुनौतियों के बीच भारत को निवेश के लिए पश्चिम से आगे भी देखना होगा। उन्होंने घरेलू और चीनी कं प नियों के संयुक्त उद्यमों को देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने का एक रास्ता बताया। उन्होंने चीन की उस रणनीति का उदाहरण दिया, जिसमें उसने वर्षों पहले अमेरिकी कंपनियों के साथ साझेदारी की थी। भारत भी चीनी कंपनियों के साथ मिलकर घरेलू उत्पादन बढ़ाने की संभावनाएं तलाश सकता है।



भास्कर रिसर्च • चीन से माल खूब आता है, पर निवेश कम

एक साल का व्यापार | 2024-25		
चीन से आयात	चीन को निर्यात	भारत का व्यापार घाटा
113.45 अरब डॉलर	4.25 अरब डॉलर	99.20 अरब डॉलर

▪ यानी हमने चीन को जितना सामान भेजा, उससे 8 गुना सामान लिया। **26 साल में कुल इक्विटी निवेश में चीनी हिस्सा महज 0.32%** अप्रैल 2000 से मार्च 2026 तक 26 साल में चीन से भारत में सिर्फ 2.51 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी इक्विटी निवेश आया। यह भारत के कुल विदेशी इक्विटी निवेश का महज 0.32% है।

कोटक मंत्र: चीन से साझेदारी बढ़ाएं, भारत में बनाएं

1. प्रतिस्पर्धा के साथ साझेदारी का विकल्प... 'भारत के लिए मेरी राय है- अगर आप उन्हें हरा नहीं सकते तो उनके साथ जुड़िए। हमें खुला रहना होगा। भारतीय कंपनियां 'मेक इन इंडिया' के लिए चीनी कंपनियों से साझेदारी करें।'

2. चीन-अमेरिका जैसा सहयोग भारत में भी संभव... 'भारत में उत्पादन के लिए भारतीय और चीनी कंपनियों के संयुक्त उद्यम बनें तो यह आगे बढ़ने का रास्ता हो सकता है। चीन ने कई साल पहले अमेरिका के साथ यही किया।'

3. निवेश के लिए केवल पश्चिम की ओर न देखें... ऐतिहासिक रूप से भारत ने निवेश के लिए पश्चिम की ओर बहुत ज्यादा देखा है। खासकर अमेरिका से जुड़ी चुनौतियों के बीच अब भारत को अपने विकल्प खुले रखने चाहिए।'

4. आयात शुल्क स्थानीय निवेश का अवसर बना सकता है... 'जिस दुनिया में आयात शुल्क एक हथियार है, उसमें चीनी कंपनियां दूसरे देशों में जाकर स्थानीय स्तर पर निवेश करने के लिए ज्यादा तैयार हो सकती हैं।'

सेबी का नया प्रस्ताव
आईपीओ का पैसा कहां गया, पूरी निगरानी होगी

भास्कर न्यूज | मुंबई

आईपीओ से जुटाए पैसे का हिसाब न देने वाली कंपनियों पर सख्ती बढ़ने जा रही है। बाजार नियामक सेबी ने प्रस्ताव दिया है कि ऐसी कंपनियों पर जुर्माना लगे और बात न बने तो प्रमोटरों के डीमैट खाते फ्रीज हो जाएं। सेबी ने मंगलवार को इस पर सुझाव मांगे के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किया।

सेबी के पूर्व कार्यकारी निदेशक वीएस सुंदरेसन की अध्यक्षता वाले वर्किंग ग्रुप ने सिफारिश की है कि हर आईपीओ में मॉनिटरिंग एजेंसी रखना अनिवार्य होना चाहिए, चाहे वह छोटा हो या बड़ा। ऑफर फॉर सेल वाला हिस्सा इससे बाहर रहेगा। प्रस्ताव के मुताबिक अगर कंपनी सहयोग न करे तो एजेंसी असहयोग का बयान लगाकर रिपोर्ट देगी। एक्सचेंज प्रति मामला 50,000 रुपए जुर्माना लगा सकेंगे। नोटिस के 15 दिन में जुर्माना या पूरी रिपोर्ट न मिली तो प्रमोटरों को नोटिस जाएगा। फिर भी 10 दिन चूक रही तो डीमैट खाते फ्रीज होंगे।

सुधार • डार्क किचन की फोटो, पता अनिवार्य करने पर विचार

ऑनलाइन किराने पर सख्ती की तैयारी, बतानी होगी एक्सपायरी और बैच नंबर

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

खाने-पीने का सामान घर पहुंचाने वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अब सख्ती बढ़ेगी। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ऐसे नियम बना रहा है, जिनसे सामान की एक्सपायरी तारीख, बैच नंबर और गलत दावों की जवाबदेही प्लेटफॉर्म पर भी तय होगी। एफएसएसएआई के सीईओ राजिंद पुनहानी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'ई-कॉमर्स अगला बड़ा फोकस है और हम सख्ती करके इन्हें जवाबदेह बनाने की कोशिश कर रहे हैं।' ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, फ्लिपकार्ट और अमेजन पर गलत ब्रांडिंग, प्रतिबंधित सामान की बिक्री और अवैध लाइसेंस जैसे मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। पुनहानी के मुताबिक, ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ मुकदमे पिछले साल से कम से कम 5-6 गुना बढ़े हैं। अप्रैल से सितंबर के बीच करीब 7 लाख जांच-पड़ताल हुई, जो एक साल पहले से लगभग दोगुनी है।

ऑनलाइन लिस्टिंग में ऐसी सख्ती की तैयारी



▪ मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट और बैच नंबर देने होंगे। कंपनियों के भ्रामक दावों के लिए प्लेटफॉर्म भी जिम्मेदार होगा। ▪ डार्क किचन (डिलीवरी के लिए बनी रसोई) की फोटो, पता अनिवार्य करने पर विचार। डार्क स्टोर में फ्रोजन आइटम समेत भंडारण की सख्त जांच।

नेस्ले, पेप्सिको, डाबर भी रडार पर, होटल पर सख्ती

कार्रवाई सिर्फ एप तक नहीं है। विज्ञापन, दावों, बच्चों के प्रोडक्ट की मार्केटिंग, लेबलिंग और भंडारण को लेकर नेस्ले इंडिया, पेप्सिको, डाबर इंडिया और पांच सितारा होटल को भी फटकार लगी है। सप्लीमेंट इंडस्ट्री में 3-5 साल पुरानी मंजूरियों की समीक्षा हो रही है। पुनहानी ने साफ किया कि वजन घटाने के दावे मंजूर नहीं हैं।

बड़ी कंपनियां कोर्ट के दरवाजे तक पहुंचीं

पेप्सिको, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और मॉन्स्टर बेवरेज ने एफएसएसएआई के नोटिस को अदालत में चुनौती दी है। कोर्ट ने शुरुआती तौर पर माना कि कंपनियों को अपना पक्ष रखने का पूरा मौका नहीं मिला। पुनहानी का दावा है, 'वे विरोध कर रहे हैं, पर हम ज्यादा मजबूत हैं। उपभोक्ताओं का समर्थन हमारे साथ है।'

इंदौर की कंपनी बिकी
डॉ. लाल पैथलैब्स ने सेंट्रा पैथ लैब्स को खरीदा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

डायग्नोस्टिक सर्विस कंपनी डॉ. लाल पैथलैब्स ने इंदौर की डायग्नोसिस कंपनी सेंट्रापैथ लैब्स (सीपीएल) में अपना पूरा मालिकाना हक पक्का कर लिया है। कंपनी की सहायक यूनिट पैथलैब्स यूपिफायर्स ने मंगलवार को सीपीएल की बची 30% इक्विटी हिस्सेदारी भी खरीद ली। यह डील 1,608.35 रुपए प्रति शेयर के भाव पर हुई।

रेगुलेटरी फाइलिंग के मुताबिक, इस अधिग्रहण के बाद सीपीएल पैथलैब्स यूनिफायर्स (पीयूपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है। डॉ. लाल पैथलैब्स की यह स्टेप-डाउन यानी सहायक की सहायक कंपनी होगी। सीपीएल 23, जुलाई 2019 को इंदौर में स्थापित की गई थी। यह स्वास्थ्य व जांच सेवाएं देती है। फाइलिंग के मुताबिक, कंपनी का कारोबार वित्त वर्ष 2025-26 में 20.5 करोड़ रुपए रहा। यह 2024-25 में 23.7 करोड़ और 2023-24 में 20.8 करोड़ रुपए था।

चिप निवेश को 2-3 साल के नतीजों से न परखें: चंद्रशेखरन

टाटा समूह निकट भविष्य की अनिश्चितताओं के बावजूद लंबी अवधि के निवेश जारी रखेगा। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि सेमीकंडक्टर और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग भारत के भविष्य के लिए जरूरी हैं। इन्हें दो-तीन साल के लक्ष्यों की कसौटी पर नहीं परखना चाहिए। समूह के कई चेयरमैन के कई फैसले लंबी अवधि में सही साबित हुए हैं। उनका बयान निवेश रणनीति, उनकी दोबारा नियुक्ति और टाटा संस की शेयर बाजार में लिस्टिंग पर टाटा ट्रस्ट्स से मतभेदों के बीच आया है। सितंबर में टाटा संस बोर्ड ने उन्हें 5 साल का नया टर्म दिया था। 66% हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स ने इसे कंपनी के अंतर्नियमों का उल्लंघन बताते हुए अवैध कहा।



1. दिशा तय, गति अनिश्चितता: चिप कारोबार पर भरोसा। उत्पादन बढ़ाने की गति और तकनीक को लेकर अनिश्चितता है।
2. निवेश करेंगे, बेतहाशा नहीं: चिप में निवेश से पहले मांग, क्षमता और साझेदार जरूरी हैं।
3. संकट के लिए तैयार रहें: चंद्रशेखरन ने कहा- जेएलआर में साइबर हमले से 6 हफ्ते उत्पादन प्रभावित हुआ। ऐसे झटके सहने की क्षमता बढ़ानी होगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा से 1.4 लाख करोड़ हर्जाने की मांग, एनएमसी फर्जीवाड़े में मदद का आरोप

भास्कर न्यूज | मुंबई

जिस घोटाले में एनएमसी हेल्थकेयर डूबी, अब उसकी जवाबदेही बैंकिंग निगरानी पर आ गई है। कंपनी के संस्थापक बीआर शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट में बैंक ऑफ बड़ौदा और उसके 10 अधिकारियों पर फर्जीवाड़े से जुड़े लेनदेन में मदद का आरोप लगाते हुए 1.4 लाख करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा है। दिलचस्प है बैंक खुद शेट्टी से उन निजी गारंटियों पर वसूली कर रहा है, जिन्हें वे विवादित बताते हैं। मुकदमे में कुल 26 प्रतिवादी हैं, जिनमें प्रशांत और प्रमोथ मंघट भी हैं। शेट्टी का दावा है कि बैंक के सिस्टम ने एनएमसी खातों पर 100 से ज्यादा अलर्ट दिए, पर न जांच हुई, न लेनदेन रुके। आरोप है फर्जी या बिना अनुमति के हस्ताक्षरों पर पैसा निकला। हर्जाने में 47,500 करोड़ रुपए सीधा नुकसान, इतनी ही रकम कारोबारी अवसर समेत परोक्ष नुकसान व इतनी ही साख की क्षति शामिल है।

बिजनेस ब्रीफ

सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट को जवाब के लिए 7 दिन और

नई दिल्ली| महाराष्ट्र के चैरिटी कमिश्नर ने सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट को शिकायतों पर जवाब देने के लिए एक सप्ताह की मोहलत दी है। पहले 12 अक्टूबर तक जवाब मांगा गया था। ट्रस्टी वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह ने परोपकार के बजाय टाटा संस के मैनेजमेंट में हस्तक्षेप का आरोप लगाया है।

एनटीपीसी 10 साल में 17 लाख करोड़ निवेश करेगी

नई दिल्ली | एनटीपीसी 10 साल में ₹17 लाख करोड़ निवेश करेगी। इसमें से ₹7 लाख करोड़ अगले 5 साल में खर्च होंगे। एमडी गुरदीप सिंह ने मंगलवार को बताया कि प्राथमिकता मांग के अनुसार भरोसेमंद और सस्ती बिजली उपलब्ध कराना है। निवेश तापीय, गैस, परमाणु ऊर्जा और बिजली भंडारण में होगा।

इन्फो एज सहायक यूनिट में ₹200 करोड़ लगाएगी

नई दिल्ली| इन्फो एज ने दो सब्सिडियरी में ₹200 करोड़ निवेश की मंजूरी दी है। इंटरनेट सर्विसेज व स्टार्टअप इन्वेस्टमेंट्स में ₹100-100 करोड़ लगाए जाएंगे। यह रकम निवेश के अवसरों और वैकल्पिक निवेश फंड में लगेगी। पहले चरण में स्टार्टअप इंटरनेट सर्विसेज को 20 करोड़ व स्टार्टअप इन्वेस्टमेंट्स को ₹25 करोड़ मिलेंगे।

इंडिगो ने 8 प्लेन के लिए सिटी के साथ करार किया

मुंबई| इंडिगो ने एयरबस के 8 विमान खरीदने के लिए सिटी के साथ ₹3,123 करोड़ की फंडिंग का करार किया है। इनमें 6 ए321 और दो ए320 विमान हैं। यह बेल्जियम की निर्यात लोन एजेंसी क्रेडेंडो के बीमा समर्थन वाली दुनिया की पहली विमान फंडिंग डील है। शिफ्ट आईएफएससी के जरिए भी ऐसा पहला करार है।

हुंडई भारत में 1.4 लाख करोड़ रुपए लगाएगी

नई दिल्ली| हुंडई मोटर ग्रुप 2026 से 2032 के बीच भारत में ₹1.4 लाख करोड़ निवेश करेगा। रकम हुंडई, किआ और समूह की अन्य कंपनियों के जरिए खर्च होगी। कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन ईसुन चुंग ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर योजनाओं पर चर्चा की।

बिजनेस इंफोग्राफिक

पुरी की सर्च 318% बढ़ी, श्रीलंका आकर्षक गंतव्य

मुंबई | त्योहारी छुट्टियों के लिए भारतीयों की पसंद में विदेशी शहरों में बैंकॉक, फुकेत और टोक्यो सबसे आगे हैं। अगोडा के मुताबिक, देश में गोवा सबसे ज्यादा खोजा गया, जबकि पुरी की खोज में 318% उछाल आया। ये आंकड़े समुद्र तटों, पहाड़ों और धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों में बढ़ती दिलचस्पी दिखाते हैं।

देश के भीतर में कहां बढ़ी दिलचस्पी?

गंतव्य	स्थान
पुरी	318%
ऊटी	166%
मुन्नार	107%
वाराणसी	92%
गोवा	43%
उदयपुर	29%



विदेश में किन देशों की सर्च बढ़ी?

देश/क्षेत्र	सालाना बढ़ोतरी
श्रीलंका	262%
हांगकांग	138%
जापान	125%
वियतनाम	86%
थाईलैंड	55%



पसंद में दिखे तीन रुझान

धार्मिक यात्रा के साथ छुट्टी: पुरी और वाराणसी की बढ़ती खोज आध्यात्मिक व विरासत स्थलों में दिलचस्पी दिखाती है।

पहाड़ और समुद्र, दोनों पसंद: ऊटी-मुन्नार के साथ गोवा, फुकेत और फू क्वोक की यात्रियों की तलाश में हैं।

कौन से शहर किसलिए पसंद

अनुभव के मुताबिक गंतव्य: टोक्यो में अक्टूबर-नवंबर के दौरान पेड़ों की पत्तियों के बदलते रंग देखने का मौसम रहता है। वियतनाम में समुद्र तटों, द्वीपों और शहरी अनुभवों का आकर्षण है। फु क्वोक में सर्च 124% और हनोई में 94% बढ़े।

फुकेत टॉप पर: अक्टूबर- नवंबर में ठहरने के लिए सबसे ज्यादा सर्च किए विदेशी शहरों में बैंकॉक, फुकेत और टोक्यो टॉप पर रहे।

भारत से निकला 24 कैरेट का गुलाबी हीरा नीलाम होगा, अनुमानित कीमत ₹172 करोड़



जिनेवा | भारत से 1950 के दशक में खरीदा गया दुर्लभ गुलाबी हीरा पहली बार नीलामी में उतरेगा। अंगूठी में जड़े इस 24 कैरेट हीरे की अनुमानित कीमत ₹172 करोड़ है। क्रिस्टीज की 'मैग्निफिसेंट ज्वेल्स' नीलामी 10 नवंबर को जिनेवा में होगी। यह हीरा 70 साल से यूरोप के एक प्रतिष्ठित परिवार के निजी संग्रह में है। मौजूदा मालिक के परदादा इसे भारत से बिना तराशे लाए थे। खनन से निकलने वाले 2% से भी कम हीरे ऐसे होते हैं। 2021 में क्रिस्टीज ने 15.81 कैरेट का गुलाबी-बैंगनी हीरा तीन करोड़ डॉलर (₹286 करोड़) में बेचा था।

पॉलिसी लंबे समय तक जारी रखने पर मिले प्रोत्साहन: सेठ

बीमा कमीशन की सीमा लागू करने को मिलेगा समय, सुधार नहीं टलेगा: इरडा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

बीमा कमीशन पर प्रस्तावित सीमा लागू करने के लिए कंपनियों को उचित समय मिल सकता है, लेकिन सुधार टाला नहीं जाएगा। बीमा नियामक इरडा के चेयरमैन अजय सेठ ने बीमा बेचने का खर्च पॉलिसीधारक को मिलने वाले लाभ के अनुरूप होना चाहिए। प्रोत्साहन सिर्फ पहले साल पॉलिसी बेचने पर नहीं, उसे लंबे समय तक जारी रखने पर मिलना चाहिए। ऊंची शुरुआती कमीशन लागत, गलत बिक्री और पॉलिसियां जल्दी बंद होने की समस्या बढ़ाती है। इससे ग्राहकों का भरोसा और बीमा का विस्तार, दोनों प्रभावित होते हैं। नवीनीकरण या बेमेल हो सकता है। इसलिए लक्ष्य, जोखिम और आपात रकम तय करने वाली निवेश नीति बनाइए। डायरेक्ट प्लान, इंडेक्स फंड और ईटीएफ से खर्च घटाइए, टैक्स के कागज सीए को भेजते रहिए और सारे दस्तावेज एक सुरक्षित फोल्डर में रखिए। ₹20 करोड़ की नेटवर्थ वाला परिवार भी बिजनेस या प्रॉपर्टी में फंसे पैसे के कारण नकदी की तंगी झेल सकता है।

चार्टबुक के मुताबिक, भारत की सिर्फ 15% संपत्ति को पेशेवर सलाह मिलती है, जबकि अमेरिका में 48% और चीन में 68%। उत्तराधिकार योजना भी 21% भारतीय फैमिली ऑफिस के पास है, जबकि वैश्विक औसत 35% है।

ग्राहकों और कंपनियों के लिए अहम बातें

ठूर समयबद्ध होगी: नई कंपनियों को शुरुआती लागत अधिक है। राहत कारोबारी योजना से जुड़ी होगी, स्थायी नहीं। सेठ के मुताबिक कैशलेस अनुमति एक घंटे, डिस्चार्ज की मंजूरी 3 घंटे में देने का प्रावधान। दावा खारिज करने की वजह बतानी होगी।

बुजुर्गों का प्रीमियम: सालाना 10% से अधिक बढ़ोतरी से पहले कंपनियों को इरडा से परामर्श करना होता है। प्रस्तावित सार्वजनिक बीमा रजिस्ट्री से ग्राहक के सभी कवर दिखेंगे। इससे जरूरत के मुताबिक पॉलिसी चुनने में मदद मिलेगी।

बता दें कि इरडा ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा की पहली खरीद पर बैंक और ब्रोकर जैसी वितरण संस्थाओं के लिए अधिकतम 15% और बीमा कंपनी के एजेंटों के लिए 20% कमीशन प्रस्तावित किया है। नवीनीकरण या पॉलिसी दूसरी कंपनी में ले जाने पर यह सीमा क्रमशः 5% और 10% होगी। जीवन बीमा में प्रीमियम भरने की अवधि के आधार पर पहले साल का कमीशन एजेंटों के लिए 6.25 से 25% रखने का प्रस्ताव है।

कर्मचारियों से मांगी माफी
एआई खर्च बढ़ा, जोहो ने वेतनवृद्धि रोकी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

स्वदेशी तकनीकी कंपनी जोहो ने एआई की बढ़ती लागत और सॉफ्टवेयर कारोबार में अनिश्चितता के बीच सालाना वेतनवृद्धि रोक दी है। मार्केटिंग खर्च भी घटाया है। संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने मंगलवार को बताया कि डेटा सेंटर के लिए जरूरी सर्वर के दाम चार गुना हो गए हैं। एआई का इस्तेमाल बढ़ने से खर्च तेजी से बढ़ा है। कंपनी में 18 महीने से कर्मचारियों की संख्या स्थिर है। वेम्बू ने वेतनवृद्धि नहीं देने पर कर्मचारियों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'बड़े पैमाने पर छंटनी टालने की कोशिश करेंगे, लेकिन सॉफ्टवेयर नौकरियों का भविष्य चिंताजनक है।' वेम्बू ने कहा कि कंपनी खुद को नए सिरे से ढाल रही है। इसके नतीजे अगले 3 से 5 साल में सामने आएंगे।



बिजनेस एंकर देश की 15% संपत्ति का निवेश पेशेवर सलाह से, अमेरिका में 48%

भारत में दौलत के साथ उसे संभालने की चुनौती बढ़ रही; 6 साल में 45 से बढ़कर 300 हो गए फैमिली ऑफिस

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

कारोबार बिकने या विरासत मिलने के बाद अस्ली सिरदर्द कमाई नहीं, दौलत संभालना बन जाता है। इसी उलझन ने फैमिली ऑफिस यानी अमीर परिवारों की दौलत संभालने वाले फैमिली ऑफिस का चलन बढ़ाया है। आयोनिक वेल्थ के सितंबर 2026 की चार्टबुक के मुताबिक 2018 में भारत में 45 फैमिली ऑफिस थे, जो 2024 में 300 हो गए। गोलटेलर के संस्थापक विवेक बंका के मुताबिक, कई प्रमोटर बिजनेस बड़ी कंपनियों या प्राइवेट इक्विटी कंपनियों को बेच रहे हैं। घटता मुनाफा और दूसरी पीढ़ी की कम दिलचस्पी वजह है। चार्टबुक में आयोनिक वेल्थ चार्टबुक के मुताबिक, भारतीय अमीर सोने-कमोडिटी में 5-10% निवेश करते हैं, अमेरिकी सिर्फ 0-2%। अमेरिकी पोर्टफोलियो में अल्टरनेटिव निवेश 42-44% और फिक्स्ड इनकम 17-22% है, जबकि भारत में 25-35% और 10-15%। इक्विटी दोनों जगह 30-35% है। रियल एस्टेट में भारत में 10-12% और अमेरिका में 15-20% है।

अमेरिकी अमीरों से कितना अलग भारतीयों का निवेश

फैमिली ऑफिस बनाने की बड़ी वजह संपत्ति की वैल्यू बचाना (25%) बताई गई है। गवर्नेंस मजबूत करना (13%) दूसरी प्राथमिकता है। पर यह शौक सस्ता नहीं है। सिंगल-फैमिली ऑफिस के लिए कम से कम 5 करोड़ डॉलर (करीब ₹476 करोड़) चाहिए। आदर्श रकम 10 करोड़ डॉलर (₹952 करोड़) है। सालाना खर्च 1-2 करोड़ रुपए। बंका के मुताबिक, ₹5-50 करोड़ वालों के लिए यह व्यावहारिक नहीं है। तो रास्ता क्या है? ऑफिस नहीं, उसकी आदतें अपनाइए। ₹10 करोड़ वाले परिवारों को एक सलाहकार म्यूचुअल फंड, दूसरा पीएमएस और बैंक एफडी सुझा सकता है। हर सलाह अकेले ठीक लगती है, पर कुल पोर्टफोलियो बेमेल हो सकता है। इसलिए लक्ष्य, जोखिम और आपात रकम तय करने वाली निवेश नीति बनाइए। डायरेक्ट प्लान, इंडेक्स फंड और ईटीएफ से खर्च घटाइए, टैक्स के कागज सीए को भेजते रहिए और सारे दस्तावेज एक सुरक्षित फोल्डर में रखिए। ₹20 करोड़ की नेटवर्थ वाला परिवार भी बिजनेस या प्रॉपर्टी में फंसे पैसे के कारण नकदी की तंगी झेल सकता है।

चार्टबुक के मुताबिक, भारत की सिर्फ 15% संपत्ति को पेशेवर सलाह मिलती है, जबकि अमेरिका में 48% और चीन में 68%। उत्तराधिकार योजना भी 21% भारतीय फैमिली ऑफिस के पास है, जबकि वैश्विक औसत 35% है।